राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 142
लखनऊ, गुरूवार 22 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बीडीओ ने सचिवों को पढ़ाया कर्तव्यनिष्ठा का पाठ 10

जनभागीदारी से और भव्य होगा उत्तर प्रदेश दिवस 2026 : योगी 03

# नेहरू काल में 'कल्याण' ने भारतीय संस्कृति की राह दिखाई : अमित शाह

**एजेंसी, देहरादून।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 1950 में, जब नेहरू के नेतृत्व में पाश्चात्य प्रभाव वाली नीतियां बन रही थीं, तब कल्याण के 'हिंदू अंक' के प्रकाशन से गीता प्रेस ने देश को वैचारिक दिशा दी। प्रकाशन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों को देश की वैचारिक दिशा में शामिल करना था। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश में गीता प्रेस की ओर से प्रकाशित मासिक पत्र 'कल्याण' के शताब्दी अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने लक्ष्मीनारायण मंदिर और मां गंगा के दर्शन एवं पूजन भी किए। समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई गणमान्य



व्यक्ति मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि जब देश स्वतंत्र होकर नीतियां बना रहा था,तब गीता प्रेस ने विदेशी प्रभाव के बजाय भारतीय विचारों को आधार बनाया। पत्रिका ने कभी आक्रामक भाषा का प्रयोग नहीं किया और इसका मुख्य उद्देश्य लोककल्याण और विश्व कल्याण था। गीता प्रेस ने कभी प्रचार या धन कमाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। 'कल्याण' ने यह सिद्ध कर दिया कि सभ्यताएं तलवार से नहीं बल्कि शब्द और ज्ञान से ही खड़ी होती हैं। उन्होंने महात्मा गांधी के उस निर्देश का स्मरण किया कि कल्याण में कभी विज्ञापन प्रकाशित न किए जाएं और आज तक पत्रिका ने किसी भी प्रकार का विज्ञापन नहीं छापा। अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद कल्याण का पहला प्रकाशित होने वाला अंक नारी अंक था। उन्होंने कहा कि कल्याण का हिंदू संस्कृति अंक उस समय आया जब 1950 में पाश्चात्य असर से हमारे देश की नीतियां गढ़ी जा रही थीं। इस अंक के पीछे विचार रहा होगा कि जब देश आज़ाद होकर अपनी नीतियां बना रहा है तब उनके मूल में हमारी भारतीय संस्कृति के विचार समाहित होने चाहिए न कि विदेशी विचार होने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक मूल्यों को नीतियों के मूल में समाहित करने की प्रक्रिया की सराहना की।

## भोपाल के ग्लोबल स्किल पार्क का साउथ कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने किया भ्रमण

- भारत और साउथ कोरिया के बीच तकनीकी-अकादमिक सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा
- आईएफएस अधिकारियों और विद्यार्थियों ने भी किया भ्रमण



**एजेंसी, भोपाल।** साउथ कोरिया के प्रतिनिधिमंडल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बुधवार को मध?य प्रदेश की राजधानी भोपाल के संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क का भ्रमण किया। दल ने कौशल विकास, उद्योग से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम को करीब से देखा और समझा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद और कोरिया इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी, साउथ कोरिया के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अंतर्गत प्रस्तावित वोकेशनल मेकाट्रॉनिक्स प्रयोगशाला की स्थापना के परिप्रेक्ष्य में साउथ कोरिया गणराज्य का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल बुधवार को ग्लोबल स्किल पार्क पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में चो जियोंग यून, लिम चंकीयो, कांग सुंग बॉन्ग, पार्क चुल सु, किम यंग सैंग, किम मिंक यू, किम सुंगयोंग तथा किम मिनसू शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने पार्क में स्थापित हाई-टेक प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं, आधुनिक मशीनरी, इंडस्ट्री-ग्रेड प्रशिक्षण सुविधाओं और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार किए गए पाठ्यक्रमों का अवलोकन किया। इस दौरान भारत और साउथ कोरिया के बीच तकनीकी और अकादमिक सहयोग को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। इसी क्रम में आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, भोपाल में आयोजित राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) 2025 बैच के अधिकारियों ने भी ग्लोबल स्किल पार्क का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। अधिकारियों ने कौशल आधारित शिक्षा मॉडल, उद्योगों की भागीदारी, प्रशिक्षण से रोजगार तक की प्रक्रिया और इंडस्ट्री-रेडी युवाओं के निर्माण की व्यवस्था को समझा और इसकी सराहना की।

# हिन्दू अहिंसक, लेकिन कोई छेड़गा तो हम छोड़ेंगे भी नहीं : आलोक कुमार

**एजेंसी, प्रयागराज।**

विश्व हिन्दू परिषद(विहिप) के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने बुधवार को माघ मेला में लगे शिविर में आयोजित संत-सम्मेलन में कहा कि मंदिरों के अधिग्रहण का विषय बहुत बड़ा विषय है। मंदिरों का धन हिंदू समाज के उपयोग में खर्च हो। गौशाला एवं गुरुकुल हिंदू समाज की गतिविधियों का केंद्र बने। उन्होंने कहाकि भारत में अल्पसंख्यक अपने संस्थान को अपनी मर्जी से संचालित कर सकते हैं तो हिन्दू समाज अपने मंदिर एवं गुरुकुलों को क्यों नहीं?

**हिन्दू अहिंसक,लेकिन कोई छेड़गा तो हम छोड़ेंगे भी नहीं : आलोक कुमार**

आलोक कुमार ने केन्द्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की। कहाकि हिन्दू अहिंसक है,लेकिन अगर कोई चढ़ेगा तो हिन्दू समाज का गौरवशाली




- हिन्दू समाज को धर्म एवं राष्ट्र शत्रु से रहना होगा सावधान: रवींद्र पुरी
- बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर लगे रोक : जीतेन्द्रानंद

इतिहास बताता है कि हम किसी को छोड़ेंगे भी नहीं। उन्होंने संत सम्मेलन में कहा कि हिंदू समाज के मान,सम्मान-स्वाभिमान, धर्म,संस्कृति से खिलवाड़ किया गया तो अब हम चुप नहीं बैठने वाले हैं, हम उसका प्रतिकार अवश्य करेंगे। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगनी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि हम सामाजिक समरसता के विषय पर हमारा मत एक है,हम हिंदू समाज की एकजुटता के लिए कार्य करते हैं और उसके लिए हम दृढ़ रहेंगे। सभी मत,पंथ,संप्रदाय एक हैं,हम सभी का आदर करते हैं।

**हिन्दू समाज को धर्म एवं राष्ट्र शत्रु से रहना होगा सावधानः रवींद्र पुरी**

हिन्दू समाज के गौरवशाली इतिहास, परम्पराएं,संस्कार और परिवारों को पूर्व की भांति धर्मशत्रु और राष्ट्र शत्रु से हमें सावधान रहना होगा। यह बात बुधवार को माघ मेला में विहिप के शिविर में आयोजित संत सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कही। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण अभिशाप है। हम सभी को धर्म,आश्रम,प्राचीन शिक्षा के साथ अपने मान बिंदुओं की रक्षा करनी होगी। देश में समान नागरिक संहिता लागू हो। एक देश में एक निशान,एक विधान,एक संविधान सब पर लागू हो।

**बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर लगे रोक : जीतेन्द्रानंद**

संत सम्मेलन में केंद्रीय संत समिति के महामंत्री जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि मंदिरों के अधिग्रहण,धर्मांतरण,लव जिहाद के खिलाफ हिंदू समाज को एकजुट होकर मुकाबला करना होगा। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना में देश में 12 पादरी थे,आज 65000 पादरी हैं, यह चिंता का विषय है।

# नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई पदाधिकारियों की अहम बैठक, चुनावी राज्यों पर रहा फोकस

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की रणनीति पर राज्य अध्यक्षों, राष्ट्रीय सचिवों के साथ गहन मंथन किया गया। सुबह साढ़े दस बजे शुरू हुई बैठक शाम पांच बजे तक चली। बैठक में चुनावी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय महासचिव भी मौजूद रहे। बैठक में हाल ही में संपन्न संगठन पर्व, सदस्यता अभियान और पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई। प्रदेश अध्यक्षों ने अपने राज्यों में संगठन पर्व के दौरान हुए कार्यों, कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि बैठक में संगठन और अधिक



मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई। जमीनी फीडबैक, क्षेत्रीय मुद्दों और विपक्ष की रणनीतियों का विश्लेषण किया गया। बूथ और मंडल स्तर को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार पश्चिम बंगाल में बन रही है और असम में भी दोबारा आ रही है। केरल और तमिलनाडु में भी भाजपा सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अलग-अलग राज्यों में भाजपा तेजी से आगे बढ़ रही है। स्थानीय स्तर पर सभी एनडीए के साथियों की प्रचंड जीत हुई है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक संपन्न होने के बाद पार्टी नेता अपराजिता सारंगी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए गए हैं। अध्यक्ष नितिन नवीन ने स्पष्ट रूप से दो बिंदुओं पर ज़ोर दिया। पहला, हमें बहुत मेहनत करनी होगी और सख़्त निगरानी सुनिश्चित करनी होगी ताकि बूथ स्तर से लेकर राज्य स्तर तक सभी निर्देशों का सही तरीके से पालन हो और सभी योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन हो सके। दूसरा, उन्होंने कहा कि सभी को ज़िम्मेदारियां सौंपी जानी चाहिए और समाज के सभी वर्गों के लोगों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

# रूस-भारत के बीच शैक्षणिक आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच शिक्षा संस्थानों में उत्पन्न करेगा नई क्रांति : प्रो. अर्पण भारद्वाज



**एजेंसी, उज्जैन।** रूस, भारत की संस्कृति से रचा-बसा देश है। सोवियत संघ के विघटन से पहले ही दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान का इतिहास रहा हैं, लेकिन अब संस्कृति के साथ शैक्षणिक आदान- प्रदान का यह नया दौर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय से भाषाओं के अनुवाद से शुरू हो रहा हैं, जो दोनों देशों के बीच

- सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय तथा रशियन विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से 'अनुवाद विमर्श' पर हुई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

शिक्षा संस्थानों में नई क्रांति उत्पन्न करेगा। यह विचार उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने बुधवार को अंग्रेजी अध्ययनशाला एवं विदेशी भाषा विभाग सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन तथा रशियन विश्वविद्यालय मॉस्को, द पुश्किन इंस्टीट्यूट ऑफ रशियन लैंग्वेज और रशियन हाउस नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'अनुवाद विमर्शः विज्ञान और व्यवहार का संश्लेषण' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा भारत और रूस के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक आदान-प्रदान की श्रृंखला के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर में पहली बार एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## दिल्ली में यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए ठोस एक्शन प्लान लागू करने का निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना को फिर से स्वच्छ और प्रवाहमान बनाने के लिए मिशन-मोड में ठोस एक्शन प्लान लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ये निर्देश बुधवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में यमुना की मौजूदा हालत, सीवेज ट्रीटमेंट, नालों की सफाई और अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने जैसे कामों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना केवल नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवनरेखा है। सरकार वैज्ञानिक योजना, तय समय-सीमा और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर इसे फिर से साफ और जीवंत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

## नितिन नवीन 27-28 जनवरी को पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों की करेंगे समीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन पद संभालने के बाद पश्चिम बंगाल के दौरे पर जाएंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार नवीन 27-28 जनवरी को पश्चिम बंगाल आ सकते हैं। इस दौरान वे विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए पार्टी की कोर ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। साथ ही, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आज भी नितिन नवीन ने अपनी पहली बैठक में पश्चिम बंगाल में बूथ स्तर तक की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद से वे चुनावी राज्यों पुड्डुचेरी, असम, तमिलनाडु और केरल का दौरा कर चुके हैं। मंगलवार को आधिकारिक रूप से घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में उन्होंने अपने 20 मिनट के संबोधन में पश्चिम बंगाल का खासतौर से जिक्र किया था। सूत्रों के मुताबिक अध्यक्ष ने राज्य नेताओं को बेवजह की बयानबाजी से बचने को कहा है। उनसे कहा गया है कि वे तृणमूल कांग्रेस के जाल में न उलझें और



अपना नैरिटेव बनाएं ताकि राज्य की जनता को साथ लिया जा सके। एकजुटता का संदेश देने के लिए राज्य के अलग-अलग इलाकों से यात्राएं निकालने पर विचार हो रहा है, जिनकी अगुवाई प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता करेंगे।

# सोने-चांदी में जोरदार सुनामी

- सोना डेढ़ लाख और चांदी तीन लाख तीस हजार के पार

**आर.बी.सिंह, लखनऊ।**

सोने, चांदी की चमक अब आम आदमी की पहुंच से अब दूर हो रही है। नए वर्ष की शुरुआत से दोनों ही कीमती धातुएं अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए आज अपने उच्चस्थ बिकवाली पर हैं। जिसकी वजह से शादी-विवाह के मौकों के लिए होने वाले खरीद पर काफी असर पड़ रहा है, अब तो जमीन बेचकर भी सोना खरीदना मुश्किल हो सकता है। चांदी की कीमतें भी तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे आम लोगों की पहुंच से अब चांदी भी दूर हो रही है। अगर आप सोना चांदी खरीदने की सोच रहे हैं तो आज की ताजा कीमत जरूर जान लें। आज बुधवार को देश के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी



की कीमत ने अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। सोना जहां डेढ़ लाख रुपए प्रति 10ग्राम पार कर गया है, वहीं चांदी भी 3 लाख 30 हजार रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मची उथल पुथल के बीच बतौर सुरक्षित निवेश और दुनिया भर में बढ़ते तनाव की वजह से दोनों कीमती धातुओं के भाव सातवें आसमान पर पहुंच रहे हैं। पहली बार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का भाव 1,56,750/ रूपये प्रति 10ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं चांदी की कीमतों में भी आज बड़ा उछाल देखने को मिला। चांदी सोमवार को जहां 3,20,000/ रूपये प्रति किलो की बिकवाली पर रही, वहीं मंगलवार को सर्राफा बाजार खुलते ही 10 हजार की छलांग लगाती हुई सीधे 3,30,000/ पर पहुंच कर कारोबार करती दिखी। दुनिया में उठ रहे अस्थिरता के बीच दोनों धातुएं उछाल मारती जा रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर उथल पुथल अगर यों ही चलता रहा तो इस वित्तीय वर्ष में सोने का भाव अपने उच्चस्थ भाव पौने दो लाख को पार कर सकता है और चांदी भी अपनी चमक से लोगो को चौंधिया सकती है। इसकी भी कीमत 31 मार्च 2026 तक उछल कर 4,50,00/किग्रा तक पहुंच सकती है। ऐसा में सवाल उठता है कि अगर ऐसा होता है तो शादी ब्याह में जेवरात के रूप में बिकवाली पर काफी असर देखने को मिल सकता है और आम आदमी की पहुंच से दोनों कीमती धातुएं दूर हो सकती हैं।

# प्रदेश में बारिश के साथ ओला पड़ने की संभावना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश में ठंढ और गर्म के बीच मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग ने चेताया है कि आने वाले कुछ दिनों तक बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं जिसकी वजह से ठंढ बढ़ सकती है। पहले कड़ाके की ठंढ, फिर दिन के तापमान वृद्धि के बाद प्रदेश में बरसात की पूरी संभावना की जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार हैं, इस दौरान ओलावृष्टि की संभावना है,जो बाद में पूर्वी उत्तर प्रदेश तक पहुंचेगा। इसके नाते प्रदेश के कुछ जिलों में अलर्ट




जारी किया गया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में आज व्यापक बारिश होने की संभावना है और 23 को बारिश में कुछ कमी आने के बाद 25 जनवरी को मौसम शुष्क हो जाने की संभावना है। इसके दृष्टिगत 22 से 24 जनवरी के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस की तात्कालिक वृद्धि होने और उसके बाद के 48 घंटों के दौरान इतनी ही वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इसके बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 26 जनवरी से पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बारिश का अगला दौर शुरू होकर 27 जनवरी तक पूर्वी उत्तर प्रदेश तक पहुंचने की संभावना है।

## इंजीनियर की मौत के आरोप में गिरफ्तार बिल्डर 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में

**एजेंसी, नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 150 में बीते शुक्रवार को 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गौतमबुद्ध नगर की सीजेएम कोर्ट ने आरोपित बिल्डर अभय को 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने कल बिल्डर को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। एक दिन की रिमांड खत्म होने के बाद आज उसे दोबारा कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र जयंत ने बताया कि सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले में लापरवाही को लेकर जमकर फटकार भी लगाई।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने युवक को कुचला, मौत

▸ ढलान पर वाहन अनियंत्रित होने से हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



कैसरगंज थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी थी। मृतक की पहचान संतोष पाल के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी संगीता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि यह घटना 21 जनवरी की रात करीब 1 बजे हुई। उनके पति संतोष शौच के लिए गांव के दक्षिण की ओर गए थे और वापस घर लौट रहे थे। ढलान पर सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी। संगीता के अनुसार पवन यादव नामक व्यक्ति लापरवाही से ट्रैक्टर-ट्रॉली चला रहा था। ट्रैक्टर ढलान पर थी टक्कर लगने से संतोष पहिए के नीचे आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। संगीता ने इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कैसरगंज पुलिस को पीआरवी 5416 के माध्यम से रात करीब 1 बजे सूचना मिली कि गड़रियनपुरवा मंगलमेला गोडहिया नंबर 2 में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है जिसकी मौत ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची जहां ग्रामीणों की भीड़ जमा थी।

ग्रामीणों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान संतोष पाल पुत्र सत्रोहन, उम्र करीब 38 वर्ष, निवासी गड़रियनपुरवा मंगलमेला, थाना कैसरगंज के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजेश शुक्ला ने बताया मृतक की पत्नी संगीता ने नामजद तहरीर दी थी मुकदमा पंजीकृत हो गया है शव को पीएम के लिए भेजा गया और मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में कृषक प्रशिक्षण संपन्न

**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपमा बहन ब्रह्मा कुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय ने कृषकों से अपनी दिनचर्या में योग एवं अंतर्ध्यान को शामिल करने का आवाह्न किया। उन्होंने बताया कि योग एवं अंतर्ध्यान से व्यक्ति की कार्य क्षमता में वृद्धि होती है।

डॉ. राम लखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने रबी फसलों में सम-सामयिक कार्य, फसल अवशेष प्रबंधन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती आदि की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने केला एवं टमाटर की वैज्ञानिक खेती, सब्जी पौध उत्पादन तकनीक आदि, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने मिश्रित पर मत्स्य पालन तकनीक, डॉ. दिनेश कुमार पांडे ने हरी खाद की खेती एवं मृदा नमूना परीक्षण आदि की जानकारी दी इस अवसर पर प्रामोद भाई ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, रजनीश मिश्रा बीटीएम, रामबाबू तिवारी, शैलेंद्र श्रीवास्तव, शिवा कृषि तकनीकी संस्थान के वीबी सिंह, नित्यानंद शुक्ला साहित प्रगतिशील कृषकों रामसागर वर्मा ,बहाउल्लाह यादव, मो. अकलीम, सुनीता देवी, बालिका शर्मा आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** खरगूपुर थाना क्षेत्र में असिधा ग्राम पंचायत के पास ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिस से युवक की दर्द नाक मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। खरगू पुर थाना क्षेत्र के 26 वर्षीय राजकुमार की बाइक की टक्कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो गई थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर किया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक राजकुमार दिल्ली में मजदूरी करता था और घटना से एक दिन पहले ही अपने घर लौटा था। घर आने के बाद वह अपनी मोटरसाइकिल से आर्यनगर बाजार गया था। वापस लौटते समय असिधा मार्ग पर गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर उसकी ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। राजकुमार अपने आठ भाइयों में चौथे नंबर पर था और उसके तीन बच्चे थे, जिनमें एक लड़का और दो लड़कियां शामिल हैं।

# नेशनल सेल्फ केयर टीम की जिला कार्यकारिणी गठित, डॉ. अजय पाठक बने जिलाध्यक्ष

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**



नेशनल सेल्फ केयर टीम (एनएससीटी) की जनपदीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है, संस्था के संस्थापक विवेकानंद ने मनोनयन पत्र जारी कर कुल दस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी है, जिसमे डॉ अजय पाठक को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, बुधवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर संरक्षक जगदंबा प्रसाद, मंत्री रविंद्र कुमार, सचिव विष्णु शंकर तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष शंकर मिश्र, संगठन मंत्री पवन कुमार गोस्वामी, संयुक्त मंत्री राजेश कुमार प्रजापति, आईटीसी प्रभारी संगीता देवी और अरविंद कुमार सिंह को सम्मानित करते हुए उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। आपको बता दें नोबल सेल्फ केयर ट्रस्ट प्रयागराज द्वारा सेवा परमो धर्म की भावना से प्रेरित होकर, हम सबका हम सबके लिए हम सबके द्वारा के समभाव से एनएससीटी उत्तर प्रदेश तथा देशभर के विभिन्न संवर्गों से जुड़े हुए नागरिकों कर्मचारियों अधिकारियों संविदा कर्मियों समेत सभी जनमानस की आर्थिक सामाजिक सहायता हेतु बनाई गई टीम है यह उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विभिन्न संवर्गों के जनमानस द्वारा मांग किए जाने के उपरांत सभी के लिए प्रारंभ किया गया अभिनव प्रयास है। इस अवसर पर टीएससीटी के जिला संयोजक रणजीत सिंह, रणजीत कुमार, मकसूद अली, संजू मैम, इमरान, दिव्यांशु, राज आदि ने टीम गोण्डा को बधाई दी है, यह जानकारी मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र ने दी।

# एथनाल से भरा टैंकर पलटा हड़कंप, यातायात प्रभावित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

नवाबगंज थाना क्षेत्र में दुल्लापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास 12 हजार लीटर एथनॉल से भरा एक टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कम मच गया। जिस से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया।

यह टैंकर मैजापुर डिस्टलरी से एथनॉल लेकर प्रयागराज जा रहा था। जानकारी के अनुसार, दुल्लापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास टैंकर के सामने अचानक एक कार और आवारा मवेशी आ गए। चालक ने उन्हें बचाने के लिए ब्रेक लगाया और टैंकर पलटने के बाद सड़क पर जाम लग गया और ज्वलनशील एथनॉल होने के कारण स्थानीय लोगों में आग



लगने की आशंका से चिंता फैल गई। हादसे की सूचना मिलते ही सी ओ तरबगंज और थानाध्यक्ष नवाबगंज भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एथनॉल ज्वलनशील होने के कारण पुलिस ने तत्काल सुरक्षा घेरा बनाया और राहगीरों को सुरक्षित दूरी पर रोका।

# विधायक का समर्थकों ने मनाया 59 वां जन्मदिन

▸ जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने हनुमान जी का गदा देकर व पगड़ी पहनाकर किया स्वागत

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गोंडा के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे के जन्मदिन पर उनके आवास तरबगंज पहुंचकर अखंड हवन रामायण में उपस्थित होकर आरती कर विधायक जी को आशीर्वाद दिया साथ ही 51 किलो फूल की माला पहनाकर हनुमान जी का गदा देकर पगड़ी पहनाकर केक काट कर स्वागत किया मंडल अध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे व सहायक विकास अधिकारी पंचायत बेलसर रवि मिश्रा ने बुके देकर स्वागत किया जन्मदिन के शुभ अवसर पर ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बेलसर ब्लाक अध्यक्ष रघुनाथ मौर्य के नेतृत्व में विकासखंड के सभी कर्मचारी वजीरगंज ब्लॉक अध्यक्ष सनी राम कनौजिया के नेतृत्व में समस्त कर्मचारी ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज राम सजीवन तिवारी के नेतृत्व में समस्त कर्मचारी मनकापुर ब्लॉक अध्यक्ष अतुल तिवारी के नेतृत्व में मनकापुर के समस्त कर्मचारी जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में पहुंचकर विधायक जी के द्वारा केक कटवाकर सभी पदाधिकारी के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस मौके पर जुबेर अहमद विश्वनाथ दिलीप जायसवाल ओमप्रकाश राम उजागर फौजदार पांडे रामपाल सिंह अतुल त्रिपाठी विक्रमजीत सिंह दिनेश कनौजिया भानु सिंह यदुनाथ सिंह राजकुमार अवधेश सिंह दीनदयाल तिवारी सुरेश रघुनाथ राम अवतार सहित सैकड़ो कर्मचारी जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित रहे।

## जमीन के विवाद में मां-बेटी को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** गोंडा के नवाबगंज में जमीनी विवाद को लेकर मां-बेटी के साथ मारपीट की गई। पीड़ित महिला की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कल्यानपुर के अमुरतहिया निवासी नीतू देवी ने अपनी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह गांव के भारत, उसकी पत्नी जगपता और तुलसीपुर माझा निवासी उनके भांजे इंद्रजीत व सुरेंद्र लाठी-डंडे लेकर उनके घर आए। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब नीतू देवी की बेटी नंदिनी ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गई। शोर सुनकर जब नीतू देवी बीच-बचाव करने आईं, तो उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया गया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** कटरा थाना क्षेत्र के सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। कटरा थाना क्षेत्र के तिलका मोड़ निवासी कार सवार अंकित सोनकर पुत्र विजय शंकर कार से जा रहा था कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई थीं। घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कटरा लाया गया था। हालत गंभीर होने पर गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान बीती रात उस की मौत हो गई। कार में अंकित के साथ दो अन्य लोग भी सवार थे। जो घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा है।

## कंजिया में स्वास्थ्य मेला बना जागरूकता का मंच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जरवल ब्लॉक के ग्राम कंजिया स्थित उपकेंद्र पर आयोजित स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। मोबियस फाउंडेशन, स्वास्थ्य विभाग और उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेले का उद्देश्य लोगों को नि:शुल्क जांच परामर्श और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य योजनाओं से जोड़ना रहा।

# घर के बाहर बंधी गाय पर बाघ ने किया हमला, ग्रामीणों में दहशत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली इलाके में एक बाघ ने घर के बाहर बंधी एक गाय पर हमला कर उसे मार डाला। यह घटना चांद खां पुरवा ग्राम में हुई जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण रामलखन की पालतू गाय उनके घर के बाहर आंगन में बंधी हुई थी। तभी अचानक जंगल से निकले एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया जिससे गाय की मौके पर ही मौत हो गई। गृह स्वामी रामलखन के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण लाठी.डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के हांका लगाने के बाद बाघ मवेशी को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। यह पूरा इलाका जंगल से सटा हुआ है जिसके कारण अक्सर जंगली जानवर गांवों की ओर आ जाते हैं। इस घटना के बाद वन विभाग ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

# अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम के नेतृत्व में चला जेसीबी

▸ सरकारी भूमि पर बने पक्के निर्माण हुए जमीनदोज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इमामनगर गड़रहवा स्थित गाटा संख्या.280 रकबा 0.1900 है जोकि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है तथा गाटा संख्या 68 जो कि राजस्व अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज है। जिस पर ग्राम के ही कुल 16 व्यक्तियों के द्वारा लंबे समय से उपरोक्त सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय



राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह व क्षेत्रीय लेखपाल ने जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त करवा दिया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान दौरान एसएसबी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विराट हिन्दू सम्मेलन में समाज की एकजुटता पर दिया बल

**रुपईडीहा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

सीमावर्ती नगर पंचायत रुपईडीहा के अंतर्गत गोकुलपुर के मेला मैदान में बुधवार को विराट् हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्तीय पदाधिकारी राजकिशोर, डाक्टर आदित्य, नेपाल हिन्दू स्वयंसेवक संघ के विपुल दहाल एविधायक रामनिवास वर्मा,ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह, महन्त रामजानकी मंदिर भगवानदास सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने हिन्दू समाज की एकजुटता पर बल दिया। संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में चलाये जा रहे पंच प्रण की चर्चा करते हुए डाक्टर आदित्य ने कहा कि कुटुम्ब प्रबोधन अति आवश्यक है। इसका अभिप्राय है कि पूरा परिवार एक साथ बैठकर विचारों को आदान-प्रदान करें।जब हम अपनी बेटी से बात नहीं करेंगे तो कोई और बात करेगा। फिर लव जिहाद की समस्या उत्पन्न होगी। जाति विहीन हिन्दू समाज की रचना के लिए संघ निरन्तर प्रयासरत है। नेपाल से पधारे विपुल दहाल ने कहा कि पूरे नेपाल में हिन्दू स्वयंसेवक संघ का कार्य चल रहा है। सम्मेलन के मुख्य आयोजक विवेक शुक्ल ने भी अतिथियों का सम्मान किया सम्मेलन को नगर पंचायत अध्यक्ष डा उमाशंकर एवं सरस्वती शिशुमन्दिर के प्राचार्य अनुज ने सम्बोधित करते हुए हिन्दू एकता को वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

# जगदेव हत्याकांड : सपा प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिजनों को दी सांत्वना

▸ खुलासा न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जगदेव हत्याकांड को लेकर पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने परिजनों से मुलाक़ात कर उन्हें सांत्वना दी। प्रतिनिधि मंडल ने शोक संतप्त परिवार को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी इस मामले में उनके साथ खड़ी है और जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिल जाती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रतिनिधि मंडल ने परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली और कहा कि अब तक कार्रवाई में हो रही देरी बेहद चिंताजनक है। सपा नेताओं ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन ने जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की तो समाजवादी पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर होगी।इस दौरान नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। जगदेव की नृशंस हत्या इसका जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा व सुरक्षा प्रदान की जाए। प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन को चेताया कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आवाज़ उठाएगी।

मुलाक़ात के दौरान पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव पूर्व सांसद सावित्रीबाई फुले पूर्व विधायक के के ओझा सपा विधायक आनंद यादव नगर पंचायत अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव कैसरगंज से एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व समर्थक मौजूद रहे, जिनमें घटना को लेकर गहरा आक्रोश देखने को मिला।

अंत में सपा नेताओं ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय दिलाने की लड़ाई में वे अकेले नहीं हैं और समाजवादी पार्टी हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहेगी।

# खौलते तेल की कढ़ाई में गिरी मासूम, गंभीर रूप से झुलसी

▸ पूड़ी बनाते समय हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के पयागपुर इलाके में एक चार साल की बच्ची खौलते तेल की कढ़ाई में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। यह घटना पयागपुर थाना क्षेत्र के गोगेपुरवा गांव में हुई। घर में 15 वर्षीय जलवर्षा पूड़ी तल रही थी तभी चार वर्षीय पूजा खेलते हुए वहां पहुंची। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गरम तेल की कढ़ाई में गिर गई।



हादसे में बच्ची का एक हाथ और पेट का कुछ हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। परिवार के लोग तुरंत उसे स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बच्ची को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

## भारत-नेपाल सीमा पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत- नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के 0 से 15 किलोमीटर के दायरे में सरकारी भूमि और नो मैन्स लैंड पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को सभी अतिक्रमण शीघ्र हटाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि इस क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कुल 641 अवैध अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। इनमें से टास्क फोर्स द्वारा अब तक 212 अतिक्रमण हटा दिए गए हैं। शेष अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया जारी है। जिलाधिकारी त्रिपाठी ने नो मैन्स लैंड पर चिह्नित अतिक्रमण को भी जल्द से जल्द हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने भारत-नेपाल सीमा के संयुक्त सर्वेक्षण के लिए सर्वे ऑफइंडिया को पत्र भेजने के लिए भी कहा। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि टास्क फोर्स द्वारा की गई।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जरवल रोड तिराहे पर चलाया गया चेकिंग अभियान

**जरवलरोड,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को आरटीओ और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने लखनऊ-बहराइच और लखनऊ-गोंडा राजमार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया।

आरटीओ ओ.पी. सिंह और सीओ कैसरगंज डी.के. श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत घाघरा घाट चौकी व जरवल रोड तिराहे पर दर्जनों वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दर्जनों चालान काटे गए। अभियान में जरवल रोड थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, टीएसआई जावेद अकबर, चौकी इंचार्ज दिनेश कुशवाहा, उपनिरीक्षक रामसहोदर तिवारी रघुनाथ सिंह, दिलीप दुबे, अनिल यादव और यातायात कांस्टेबल अजीत सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरतने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## दुल्हापुर में नि:शुल्क नेत्र परामर्श शिविर आयोजित



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत आज श्री राम जानकी मंदिर दुल्हापुर, जनपद-बलरामपुर में चेयरमैन डॉ.धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' एवं लायंस क्लब बलरामपुर के सौजन्य से संतोष कुमार सिंह द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन के उपरांत जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस (भाजपा),शुभेंद्र मिश्र एवं शिवम मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों ने सहभागिता की। अनुभवी नेत्र चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित व्यक्तियों की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही गंभीर रोगियों को लायंस क्लब नेत्र चिकित्सालय, बलरामपुर में नि:शुल्क ऑपरेशन की सुविधा के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए,जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आंखों की रोशनी लौटाकर उनके जीवन में उजाला भरना है। आयोजकों ने बताया कि नेत्र ज्योति अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए आयोजकों एवं चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कोटा चयन की खुली बैठक में हंगामा, बिना निर्णय स्थगित

**सादुल्लानगर बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

कोटा चयन की खुली बैठक में हंगामा, बिना निर्णय स्थगित रेहरा बाजार विकास खंड के ग्राम पंचायत अलाउद्दीनपुर में सोमवार को सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के चयन के लिए बुलाई गई खुली बैठक भारी हंगामे की भेंट चढ़ गई। स्वयं सहायता समूहों के बीच वरीयता को लेकर हुए विवाद के बाद ग्रामीणों ने शोर-शराबा शुरू कर दिया,जिसके चलते नोडल अधिकारी को बैठक बीच में ही स्थगित करनी पड़ी।

ग्राम पंचायत अलाउद्दीनपुर में कोटेदार श्रीमती रम्पता देवी के निधन के बाद पिछले डेढ़ वर्ष से राशन की दुकान का पद रिक्त चल रहा है। इस पद को भरने के लिए पूर्व में 12



दिसंबर 2025 को बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कोरम पूरा न होने के कारण इसे टाल दिया गया था। सोमवार, 19 जनवरी 2026 को स्थानीय पंचायत भवन में पुनः खुली बैठक का आयोजन किया गया।

दोपहर 12 बजे शुरू हुई बैठक में शुरुआत में दो व्यक्तिगत आवेदन संजू वर्मा ने अपने स्वयं सहायता समूह (संचालित 2023) और रजनी कौल ने अपने समूह (संचालित 2021) का दावा पेश किया। मौजूद नोडल अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी नियमों के अनुसार दुकान आवंटन में स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता दी जाती है।

साथ ही, समूहों में भी उस समूह को वरीयता मिलेगी जो अधिक समय से संचालित है। इस आधार पर 2021 से चल रहे समूह का दावा मजबूत होते देख दूसरे पक्ष के लोग भड़क गए। नारेबाजी और हंगामा अधिकारी के इस फैसले पर राहुल और संजू वर्मा के समर्थकों ने आपत्ति जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

# जनभागीदारी से और भव्य होगा उत्तर प्रदेश दिवस 2026

## अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि : सीएम योगी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा जिसमें प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास यात्रा प्रदर्शित की जाएगी। 24 से 26 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास की उपलब्धियों को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा, यह केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं में गरिमा, अनुशासन और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह उपस्थित रहेंगे, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान मिलेगी। राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित होगा और इसका सीधा प्रसारण पूरे प्रदेश में किया जाएगा। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 'विकसित भारतदृविकसित उत्तर प्रदेशश् की थीम पर विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश की विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचा, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस वर्ष 'एक जनपद एक व्यंजन आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा, जिसमें हर जनपद के पारंपरिक व्यंजन एक ही परिसर में उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश दिवस से जोड़ने और लोक, शास्त्रीय एवं समकालीन कला रूपों को मंच प्रदान करने के निर्देश दिए। 24 जनवरी के मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा ताकि प्रदेश की सामूहिक उपलब्धियों का सम्मान किया जा सके।

# महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की स्वास्थ्य स्थिति अचानक बिगड़ गई है।उन्होंने पिछले 36 घंटों से कुछ भी नहीं खाया, जिससे उनकी तबीयत लगातार डिटेरियोट होती गई। उन्हें उल्टी और दस्त की समस्या बनी रही। तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही श्रीराम अस्पताल के सेवानिवृत्त चिकित्सक डॉ. एसके पाठक ने उनका चेकअप किया। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर मानते हुए बेहतर उपचार की सलाह दी। इसके बाद महंत नृत्य गोपाल दास को लखनऊ के मेदांता अस्पताल में रेफर किया गया। उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास उन्हें लेकर लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं।मेदांता अस्पताल पहुंचने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी विस्तृत जांच और इलाज करेगी। चिकित्सकों का मानना है कि चिकित्सकीय निगरानी में रखना आवश्यक है। महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत खराब होने की खबर से संत समाज, रामभक्तों और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है और देशभर में प्रार्थनाएं की जा रही हैं। ट्रस्ट प्रशासन भी उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

> ▶ महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत खराब होने की खबर से संत समाज, रामभक्तों और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल है

## खबरें एक नजर में

### योगी ने मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय के लोगों को उनके राज्यों के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दीं। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया, ''अनुपम लोक कलाओं से समृद्ध त्रिपुरा रा'य के स्थापना दिवस की त्रिपुरा वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, ''अतुल्य सांस्कृतिक विविधताओं के वैभव से परिपूर्ण यह राज्य विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे, यही कामना है। उन्होंने एक अलग पोस्ट में कहा, ''मणिपुर राज्य के स्थापना दिवस की सभी मणिपुर वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, कला, कौशल एवं विविध संस्कृतियों से संपन्न यह राज्य शांति, प्रगति और समृद्धि के पथ पर सतत अग्रसर रहे, यही कामना है। एक और पोस्ट में, आदित्यनाथ ने कहा, ''पुरातन परंपराओं के अनुपम प्रतीक मेघालय राज्य के स्थापना दिवस की सभी मेघालय वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, ''प्रकृति, संस्कृति, संस्कार एवं लोक आस्था से समृद्ध मेघालय उन्नति एवं प्रगति के नित नूतन आयाम गढ़े, विकास की नवीन ऊंचाइयों को स्पर्श करे, ईश्वर से यही प्रार्थना है।

# अखिल भारतीय समाचार-पत्र एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

> ▶ संगठन विस्तार और पत्रकार हितों को लेकर बनी ठोस रणनीति




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** अखिल भारतीय समाचार-पत्र एसोसिएशन उत्तर प्रदेश राज्य की कार्यकारिणी की एक औपचारिक बैठक प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार चतुर्वेदी की अल्पकालिक सूचना पर राजधानी लखनऊ स्थित हलवासिया कोर्ट, हजरतगंज में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता कर संगठन की भावी दिशा, विस्तार एवं मजबूती पर गहन विचार-विमर्श किया। प्रदेश महासचिव द्वारा बैठक का कुशल संचालन किया गया तथा सभी विषयों को सुव्यवस्थित रूप से सदन के समक्ष रखा गया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव कमल श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी सक्रिय कार्यकारिणी और जमीनी स्तर पर काम करने वाले पत्रकार हैं। यदि सभी पदाधिकारी अपने-अपने जिलों में संगठन को मजबूती दें, तो पत्रकारों के हितों की रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने संगठन को अनुशासन, पारदर्शिता और एकजुटता के साथ आगे बढ़ाने पर बल दिया। प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार चतुर्वेदी ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए सभी जिला पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन के विस्तार को शीघ्र गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हितों की रक्षा, निष्पक्ष पत्रकारिता और संगठन की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चन्द्र शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन विस्तार हेतु भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों से ही पत्रकारों के लिए एक सशक्त मंच का निर्माण संभव है। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, देवेन्द्र त्रिपाठी,कुश द्विवेदी, जयसिंह अग्रहरी, अमन मिश्रा,राकेश शुक्ला, संजय सोनकर, डॉ. संतोष कुमार, रामबाबू, ओबी सिंह, सुमित चौरसिया, सतीश कुमार पांडे, ध्रुव नारायण पांडे, पंकज रस्तोगी, अमन मिश्रा, कुलदीप दीक्षित, अशोक श्रीवास्तव, दीपक अवस्थी, सुरेंद्र पांडे, जुबेर अहमद, इकबाल खान, दिलीप पांडेय सहित अनेक संपादक एवं प्रमुख समाचार पत्रों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक सशक्त, व्यापक एवं प्रभावी बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा आज हजारों सनातनी लेंगे हिस्सा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा दिवस के मौके पर कल 22 जनवरी को देश को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने व लखनऊ के नाम को बदलकर लक्ष्मणपुरी किये जाने की मांग को लेकर हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा को प्रातः दस बजे कुर्सी रोड स्थित अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय से मुख्य अतिथि विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह चौहान व अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी भगवा ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। अयोध्या में भगवान श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभवसर पर शुरू की गयी यह यात्रा पिछले वर्ष शुरू की गयी थी। युवा नेता आयुष्मान त्रिवेदी के नेतृत्व में निकाली जा रही हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय कुर्सी रोड समक्ष इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से प्रातः दस बजे से प्रारम्भ होकर गुडम्बा, टेढ़ी पुलिया, पुराना हनुमान मन्दिर, कपूरथला चौराहा, आईटी चौराहा होते हुये हनुमान सेतु पर समाप्त होगी।

भगवान श्री राम के छोटे भाई के नाम से बसाये गये लखनऊ का नाम लक्ष्मणपुरी किये जाने के साथ देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किये जाने की मांग को लेकर निकाली जा रही इस यात्रा में सैकड़ों दुपहिया व चार पहिया वाहनों के साथ हजारों के संख्या में विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े सनातनी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

# देरी से पहुंचे संसद तो सांसदों की कटेगी हाजिरी सैलरी भी नहीं मिलेगी : बिरला


**विधानसभाएं न्यूनतम 30 दिन चलें**



**एजेंसी, लखनऊ।**

संसद के बजट सत्र में लोकसभा सचिवालय सांसदों की हाजिरी को लेकर नई शुरुआत करने जा रहा है। सांसदों की हाजिरी सदन के भीतर सीट पर बैठकर ही डिजिटल तरीके से लग पाएगी। कोई सांसद देरी से सदन में पहुंचता है और तब तक हंगामे या किसी और वजह से सदन दिनभर के लिए स्थगित हो जाता है तो फिर उस दिन की हाजिरी नहीं लग पाएगी।उन्हें एक दिन के वेतन-भत्ते से हाथ धोना पड़ेगा।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम यह प्रावधान करने जा रहे हैं कि सदन में पहुंचकर ही हाजिरी लगाई जा सकेगी। अभी तक सदन के बाहर हाजिरी के लिए जो रजिस्टर होता था, अब उसे हटा देंगे। ऐसे सांसद जो रजिस्टर में हाजिरी लगाकर चले जाते थे, या सदन स्थगित होने के बाद पहुंचते थे, उनके लिए मुश्किल होगी। उन्हें सदन में जाना ही होगा। संसद की कार्यवाही डिजिटल हो चुकी है। अब उसमें एआई का इस्तेमाल परीक्षण के तौर पर चल रहा है। इसमें काफी निगरानी और सावधानी की जरूरत है। अभी परीक्षण के तौर पर वक्ताओं के भाषणों के अनुवाद में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। बाद में लोग उसे चेक करते हैं। यह 80 फीसदी तक सटीक है।आईटी कंपनी की मदद से इसे 100 फीसदी सटीक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हमारी कोशिश है कि मानसून सत्र से अनुवाद को पूरी तरह से एआई संचालित कर देंगे। इससे फायदा यह होगा कि अभी अनुवाद के कारण चार घंटे में कार्यवाही का ब्योरा वेबसाइट पर अपलोड होता है।एआई से आधे घंटे में हो जाएगा। अनुसंधान में एआई का इस्तेमाल किया जाएगा।जेल जाने पर मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान से जुड़े विधेयक पर संसदीय समिति में विपक्ष शामिल नहीं हुआ लेकिन अब विपक्ष की तरफ से संकेत दिए गए हैं कि वह अपने विचार रखना चाहता है। इस बारे में पूछे जाने पर बिरला ने कहा कि यदि वे आते हैं तो उनके विचारों को समाहित करने का प्रयास किया जाएगा। बजट सत्र पर विपक्ष के संभावित रुख पर बिरला ने कहा कि वे चाहते हैं सदन चले। विपक्ष को अपनी बात चर्चा में रखनी चाहिए। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में वह हर बात रख सकता है।ओम बिरला ने कहा कि लखनऊ में चल रहे पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में कहा, ज्यादातर विधानसभाएं साल में 30 दिन भी नहीं चल पा रही हैं। सम्मेलन में संकल्प पारित करेंगे कि विधानसभाएं न्यूनतम 30 दिन चले। कुछ का रिकॉर्ड अच्छा है।एक प्रश्न के उत्तर में बिरला ने कहा कि स्पीकरों के अधिकारों पर भी कई बैठकों में चर्चा हुई है। वे चाहते हैं कि स्पीकर के अधिकार असीमित नहीं होने चाहिए।बिरला ने कहा,संसद के अलावा विधानसभाओं को पेपरलेस बनाया जा चुका है। अनेक विधानसभाओं की कार्यवाही यूट्यूब पर लाइव भी हो रही है। इसी साल सभी विधानसभाओं का पूरी तरह से डिजिटलीकरण हो जाएगा।जस्टिस वर्मा के खिलाफलाए गए महाभियोग पर विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को लेकर ओम बिरला ने कहा कि समिति की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जैसे ही रिपोर्ट आएगी उस पर आगे बढ़ा जाएगा। बजट सत्र में महाभियोग पर अभी कह नहीं सकते।

# राजभवन अब कहलायेगा जन भवन, यूपी में राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम हुआ परिवर्तित



**एजेंसी, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास राजभवन का नाम परिवर्तित कर जन भवन किया गया है। आज यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार शगृह मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तन किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व में राज भवन के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब जन भवन नाम दिया गया है। इस निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का आधिकारिक आवास तत्काल प्रभाव से समस्त शासकीय एवं वैधानिक प्रयोजनों के लिए श्जन भवनश् के नाम से अभिहित एवं संबोधित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम बदलकर श्जन भवनश् कर दिया गया है जिसे पहले राज भवन के नाम से जाना जाता था। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कार्यालय से बुधवार को जारी एक बयान से यह जानकारी मिली। बयान में कहा गया है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में, उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तित किया गया है। इसमें कहा गया है कि पूर्व में राज भवन के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब श्जन भवनश् नाम दिया गया है।

उक्त निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश में राज्यपाल का आधिकारिक आवास तत्काल प्रभाव से समस्त शासकीय एवं वैधानिक प्रयोजनों के लिए जन भवन के नाम से अभिहित एवं संबोधित किया जाएगा।

# बैंक से एफडी फर्जीवाड़े के खिलाफ प्रदर्शन, धरने पर बैठे खाताधारक

**एजेंसी, लखनऊ।**

मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में करोड़ों रुपए के एफडी फर्जीवाड़ा को लेकर खाताधारकों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को भी 25 से अधिक पीड़ित खाताधारक सुबह बैंक पहुंचे और बैंक अधिकारियों की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। इस मामले में बैंक मित्र शिवा राव और उसके साथी दीपक पहले ही जेल जा चुके हैं। पीड़ित खाताधारक दोपहर तक बैंक परिसर में धरने पर बैठे रहे, जिससे बैंक का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। हालात बिगड़ते देख बैंक प्रबंधन के सभी कर्मचारी बाहर निकल आए और ग्राहकों को समझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बैंक प्रबंधन ने शाखा प्रबंधक को हटाकर एक नए अधिकारी को तैनात किया है। इस संबंध में एसएसआई ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि विवेचना के दौरान अब तक 40 से अधिक खाताधारकों से करोड़ों रुपए की ठगी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय को लिखित सूचना भेजकर जांच में सहयोग का आग्रह किया गया है। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महाकुंभ सेवा मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर जेसीपी ने मुख्य आरक्षी को किया सम्मानित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस का कार्य केवल आपराधियों को पकड़ना और अपराधों पर नियंत्रण करना ही नहीं है बल्कि आम लोगों की सेवा, सहायता करना भी है। गत वर्ष सफलता पूर्वक सम्मपन्न हुए विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में अपने कर्तव्यों की पराकाष्ठा पार कर सेवा देने वाले लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के मुख्य आरक्षी पंकज दीक्षित को महाकुंभ सेवा मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाकुंभ-2025 के सफल समापन के अवसर पर उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा महाकुंभ की ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने की घोषणा की गयी थी।

**झूठ बोलकर अंदर गए** | **दबिश देने हाईकोर्ट पहुंच गये दरोगाजी**

# झूठ बोलकर घुसे अंदर, दारोगा-सिपाही समेत तीन निलंबित

**एजेंसी, लखनऊ।**

लखनऊ में काकोरी थाने के दो दरोगा और एक सिपाही अनाधिकृत रूप से हाईकोर्ट में दबिश देने जा पहुंचे। गौ-तस्करी की आरोपी महिला की गिरफ्तारी की कोशिश की। अधिवक्ता के चेंबर में बैठी महिला को साथ ले जाने का प्रयास किया। विरोध पर अधिवक्ताओं से भिड़ गए। अधिवक्ताओं ने उन्हें घेर लिया और पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया। जांच में पता चला कि तीनों ने प्रवेश का पास भी नहीं बनवाया था। झूठ बोलकर अंदर आए थे। गेट पर एडवोकेट जनरल कार्यालय में जाने की बात बताई और अधिवक्ता के चेंबर में दबिश डाल दी। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने तीनों को निलंबित कर दिया।अधिवक्ता सज्जाद हुसैन की तहरीर पर दोनों दरोगा व सिपाही के खिलाफ विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक मुकदमा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की ओर से भी दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक अधिवक्ता सज्जाद हुसैन और अधिवक्ता आलोक शर्मा के मुताबिक पुलिस कर्मियों में काकोरी थाने के दरोगा उस्मान खान, लाखन सिंह और सिपाही पुष्पेंद्र सिंह है। काकोरी थाने में 14 जनवरी को माल के ऊंचाखेड़ा गांव में रहने वाले सुशील कुमार ने अमीनाबाद निवासी वासिफ के खिलाफ गोवध निवारण अधिनयम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। वासिफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वासिफ ने आमिना खातून का नाम भी गो-कसी में बताया।काकोरी पुलिस आरोपी आमिना की तलाश में दबिश दे रही थी। लोकेशन के आधार पर दरोगा उस्मान खान, लाखन सिंह और सिपाही पुष्पेंद्र समेत अन्य लोग हाईकोर्ट पहुंच गए। पुलिस कर्मियों ने हाईकोर्ट में प्रवेश का पास भी नहीं बनवाया था। तीनों के साथ महिला पुलिसकर्मी भी थी। आमिना की तलाश में पुलिस कर्मी अनाधिकृत रूप से दबिश देने अधिवक्ता गुफरान के चेंबर 515 सी ब्लाक में पहुंच गए। चेंबर में घुसकर आमिना को घेर लिया। जब तक आमिना को पकड़ते तो अधिवक्ताओं ने विरोध किया। इस पर पुलिस कर्मी उनसे अभद्रता करने लगे।अधिवक्ताओं के विरोध पर मामला हाईकोर्ट के सुरक्षाकर्मी भी पहुंच गए। मामला तूल पकड़ता देख महिला समेत कई अन्य पुलिस कर्मी भाग खड़े हुए। दरोगा उस्मान खान, लाखन सिंह और सिपाही पुष्पेंद्र सिंह को अधिवक्ताओं ने पकड़ लिया। हाईकोर्ट चौकी की पुलिस को सूचना दी गई। तीनों को चौकी के सुपुर्द कर दिया गया। मामले की जानकारी पुलिस और हाईकोर्ट के उच्चाधिकारियों को हुई। इसके बाद सज्जाद और हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ने विभूतिखंड थाने में दोनों दारोगा और सिपाही के खिलाफ तहरीर दी।इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए गए हैं। मामले की जानकारी होने पर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने तीनों को निलंबित कर दिया। अधिवक्ताओं ने दबिश और बिना पास के परिसर में प्रवेश करने की सीस फुटेज, वीडियो पुलिस को मुहैया कराया।अधिवक्ता आलोक शर्मा के मुताबिक उन्होंने परिसर के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मियों से जानकारी ली। जानकारी लेने पर पता चला कि पुलिस कर्मियों ने एक तो पास नहीं बनाया। सुरक्षा कर्मियों ने जब अंदर जाने का कारण पूछा तो बोले कि एडवोकेट जनरल,सीएससी कार्यालय जाना है। दोनों कार्यालय में पता किया गया तो पुलिस कर्मी वहां नहीं पहुंचे इसकी पुष्टि हुई। आरोप है कि पुलिस कर्मी सुरक्षा में सेंध लगाकर अनाधिकृत रूप से अंदर पहुंचे थे।

# प्रॉपर्टी के लिए जहर देकर पति को मार डाला




> ▶ 15 महीने पहले हुई थी शादी

**एजेंसी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में मंगलवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में एक इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। मौत की सूचना करीब 2 घंटे के बाद उसकी पत्नी को मिली। पत्नी ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है परिवार की तरफ से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं आई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ठाकुरगंज मुसाहिब पार्क निवासी शानू खान की करीब 15 महीने पहले बलरामपुर जिला की रहने वाली शानिया से निकाह हुआ था। शानिया ने बताया कि पिछले सप्ताह मंगलवार को पति शानू उन्हें मायके छोड़कर आए थे। 15 जनवरी को वह वापस आ गए थे। मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे फोन पर बातचीत हुई थी। उन्होंने दुबग्गा के आगे एक प्लॉट खरीदा था। उसका वीडियो बनाकर भेजा था। बात करते हुए उन्होंने कहा था कि शाम को जमीन के कागज भी भेज देंगे। शानिया ने बताया कि शाम को बात होने के बाद जब रात में पति को फोन मिलाया तो नहीं उठा। लगातार 20 बार फोन मिलाने के बाद शानू की छोटी बहन ने फोन उठाया और उल्टा सीधा बोलने लगी। उसके बाद फोन काट दिया। इसके बाद फोन बंद कर दिया। पड़ोसियों से जानकारी करने पर पता चला कि पति को परिवार वाले हॉस्पिटल ले गए हैं। बाद में पता चला कि पति की मौत हो गई है। पत्नी शानिया ने बताया कि शानू की पूरी बॉडी नीली पड़ गई थी। उनको जहर देकर मारा गया है। शानू के घर वालों ने उसकी मौत की जानकारी तक नहीं दी। प्रॉपर्टी के चक्कर में पति को मार दिया गया है। मृतक के परिजन लतीफ ने बताया कि खाना खाते समय शानू गिर गया था। पहले एक निजी हॉस्पिटल लेकर गए। डॉक्टरों ने ऐरा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां पहुंचे तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को घर ले आए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर से शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह ने बताया कि परिवार की तरफ से अभी तक कोई भी लिखित शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पत्रकार संजीव गिहार के भाई का खेत में मिला शव



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नवाबगंज नगर के मंझना मार्ग स्थित बघार पुल के पास बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक खेत में युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक की पहचान जलालाबाद, शाहजहांपुर के मोहल्ला नौसारा निवासी राजीव (39) पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई। वह पेपर बांटने का काम करते थे। उनकी जेब से मिले पर्स से यह पहचान संभव हुई। युवक की बाइक भी मंझना पुल के नीचे पड़ी मिली। सुबह खेत गए लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एसआई रामसिंह, कांस्टेबल हर्षित चौहान, अनिल शर्मा और कमल गंगवार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया। मृतक राजीव के परिवार में उनकी पत्नी पंखी देवी, पुत्री गुनगुन (18), और पुत्र आर्यन (16), सूर्यांश (13), शिवांश (8), तनिष (5) हैं। राजीव नवाबगंज बाईपास पर अपने दोस्त छोटे लाला के ढाबे के उद्घाटन में शामिल होने आए थे। रात करीब 8 बजे वह घर के लिए निकले थे। जब राजीव घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने रात में ही उनकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर मृतक के परिजनों से जानकारी ली और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### कलान-मिर्जापुर के सरकारी अस्पतालों के चक्कर लगाना हुआ बंद

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** अभी तक बंदर एवं कुत्ता के काटने पर इंजेक्शन लगवाने के लिए मिर्जापुर अथवा कलान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन अब यह सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर में ही गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर्यन्द्र सिंह यादव ने बताया कि जो गांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर के नजदीक पड़ते हैं। वह लोग कुत्ता, बंदर काटे रेबीज वैक्सीन की सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परौर से प्राप्त करें। क्योंकि कलान मिर्जापुर चिकित्सालय पर इंजेक्शन लगवाने आने पर आने जाने का किराया और समय दोनों खर्च होते हैं। एक इंजेक्शन में पांच खुराक दवा होती है। जो पांच लोगों को लगाई जाती है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने अधिक से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से रेबीज के इंजेक्शन की सुविधा प्राप्त करने की अपील की है।

### निगोही सुपर जायंटस ने निगोही इंडियस को 7 विकेट से हराया

**निगोही,शाहजहांपुर।** निगोही प्रीमियर लीग के आखिरी लीग मुकाबले में इंडियंस के कप्तान मुनव्वर खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला किया, पहले खेलते हुए 18.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 101 रन बनाए जिसमें सर्वाधिक 26 रन आसिफ़ खान गुड्डे ने बनाए, मोईनुद्दीन ने भी 24 रन का योगदान दिया। सुपर जायंटस के लिये अभिषेक को 3 विकेट मिले जबकि दीपक, ऋतुराज और अशर खान को दो-दो सफलता मिली। जबाब में 101 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जायंटस की टीम ने 9.2 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जिसमें कप्तान अशर खान 48 और आसिफ़ अली पप्पू ने 27 रन बनाये। इंडियंस के लिए अंकित को दो व लकी को एक विकेट मिला। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले कप्तान अशर खान को मैन ऑफ़ द मैच चुना गया।

### कोर्ट ने तत्काल हाजिर करनी की दी चेतावनी

**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के सर्वेश को तत्काल हाजिर होने की अंतिम चेतावनी को सुप्रीम कोर्ट ने समाचार पत्रों में प्रकाशन के माध्यम से किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य बनाम राकेश एवं अन्य (क्रिमिनल अपील संख्या 4428/2024) मामले में प्रतिवादी संख्या 2 सर्वेश पुत्र स्व. रामविलास निवासी ग्राम पढ़ी छुज्जूपुर, थाना बंडा, जनपद शाहजहांपुर को तलब किया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 06.08.2016 के निर्णय के खिलाफ यह अपील केस क्राइम संख्या 394/2006 से संबंधित है। सुप्रीम कोर्ट ने 8 दिसंबर को पारित आदेश के अनुपालन में थाना बंडा पुलिस ने अखबार के माध्यम से सर्व साधारण को सूचना जारी की है। इसमें सर्वेश को अंतिम अवसर देते हुए निर्देश दिया गया है कि वह उक्त अपील में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रभारी निरीक्षक थाना बंडा ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समयावधि में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हाजिर न होने पर उनके विरुद्ध विधि अनुसार एकतरफा कार्यवाही की जा सकती है। यह सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कर दी गई है, ताकि आरोपी को अंतिम मौका मिल सके। इलाके में इसकी चर्चा हो रही है, और पुलिस ने सभी संबंधित पक्षों को सूचित करने का काम तेज कर दिया है।

### मां को मौत के घाट उतारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पांच दिन पूर्व पिता के साथ मिलकर मां की पिटाई कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी बेटे को भी पुलिस ने थाने के सामने टहलते हुए गिरफ्तार कर लिया। जबकि मृतका के हत्यारोपी पति को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। बता दें कि बीती 16 जनवरी को गांव जोधपुर नवदिया में घरेलू विवाद के चलते महाराज सिंह व उसके बेटे हरि सुमिरन ने माया देवी को लाठी डंडों से पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया था। उक्त मामले में मृतका माया देवी के बड़े भाई महातांव सिंह ने बहनोई व भांजे के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने महाराज सिंह को दो दिन पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि हरि सुमिरन फरार चल रहा था। बुधवार को सुबह करीब नौ बजे हत्यारोपी थाने के सामने शहीद कुटी के समीप टहलते आया हुआ था। जिसे मुखबिर की सूचना पर इंस्पेक्टर क्राइम सुनील कुमार यादव व हेड कांस्टेबिल भारत मुनि ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### खुदागंज का नाम ठाकुर रोशन सिंह नगर रखा जाए: आशुतोष



**तिलहर, शाहजहांपुर।** एडवोकेट आशुतोष कुमार सिंह उर्फ आशु ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को सौंपते हुए नगर पंचायत खुदागंज का नाम बदलकर ठाकुर रोशन सिंह नगर घोषित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि देश को आजाद कराए जाने की मुहिम में शामिल ठाकुर रोशन सिंह का खुदागंज क्षेत्र के गांव नवादा दरोबस्त में जन्म हुआ था। क्रांतिकारी शहीद ठाकुर रोशन सिंह का परिवार वर्तमान में भी उसी गांव में निवास कर रहा है।

### बेवा महिला ने लगाया घर से निकालने का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र खुटार के एक गांव की रहने वाली महिला ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरा मायका थाना सिंधौली के गांव रामपुरा में है मेरी शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र खुटार के गांव में हुई थी मेरे पति की मृत्यु हो गई है मेरी एक चार दुधमुंही बच्ची है। मेरे पति की मृत्यु के पश्चात मेरी सास देवर व मेरे चचेरे ससुर के द्वारा मुझे आए दिन प्रताड़ित किया जाता है। व मुझे मेरे घर से निकाल दिया गया और मेरे कमरे में जबरन ताला डाल दिया गया। पीड़िता ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

# जिले में तैयार होगा सिटी हीट एक्शन प्लान

**जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी-हीटवेव से बचाव को अधिकारियों को दिए निर्देश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में बढ़ती गर्मी एवं लू हीटवेव से होने वाली संभावित जनहानि की रोकथाम के लिए अभी से ही जिला प्रशासन ने कमर कस ली है और बचाव के लिए तैयारियां शुरू करने के प्लान बनने शुरू हो गये है। इसी क्रम में बुधवार को सिटी हीट एक्शन प्लान को विकसित, क्रियान्वित एवं प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में बैठक की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में हीटवेव प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करते हुए डीएम को समिति का अध्यक्ष तथा नगर आयुक्त को सदस्य संयोजक नामित किया गया। डीएम ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार आगरा, लखनऊ एवं प्रयागराज की भांति अब जनपद में भी सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। जिससे ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते तापमान एवं लू के दुष्प्रभावों से जनसामान्य को सुरक्षित रखा जा सके तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित कर जनपद की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप एक ठोस एवं व्यवहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए तथा समिति के सदस्यों द्वारा निर्धारित दायित्वों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रमुख रणनीतियों के अंतर्गत छायादार स्थलों का विकास, सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था, अस्पतालों में हीट-स्ट्रोक वार्ड की तैयारी, एम्बुलेंस सेवाओं की उपलब्धता तथा जन-जागरूकता अभियानों को प्रभावी रूप से संचालित करने पर विशेष बल दिया गया। डीएम ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रीष्म ऋतु के आगमन से पूर्व जनपद पूरी तरह सुरक्षित एवं तैयार रह सके। बैठक में नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, डिप्टी सीएमओ, बीएसए , डिप्टी सीवीओ, डीआईओएस, बीईओ, सीओ ट्रैफिक, अग्निशमन अधिकारी एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वयं सेवियों ने स्लोगन लिखकर ग्रामीणों को किया जागरूक




**एनएसएस शिविर का तीसरा दिन**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** आरवीएम इंटर कॉलेज के एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे स्वयंसेवियों ने सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। तदोपरांत गांव मिर्जापुर में दीवारों पर साक्षरता ,जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति आदि से संबंधित स्लोगन लिखकर ग्रामीणों को जागरूक किया। शिविर के द्वितीय सत्र में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता गायत्री गंगवार ने स्वयंसेवियों को मिशन शक्ति के विषय में विस्तार से जानकारी दी। प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने शिविर में स्वयंसेवियों का उत्साह वर्धन किया गया। शिविर में प्रवक्ता अशोक कुमार सिंह, गिरजा शंकर गंगवार, अरुण कुमार के अलावा स्वयंसेवी रुचि, अंशिका, करन,जगमोहन गौरव, अमित, संदीप वर्मा इत्यादि शामिल रहे।

## चीनी मिल कर्मी के घर से नकदी व जेवरात चोरी

**चोर की मौके पर छूटी जैकेट व कागजात, एक को पुलिस ने लिया हिरासत में**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** चीनीमिल कर्मी के मिल कॉलोनी स्थित आवास का दरवाजा तोड़कर घर से जेवरात व नगदी चोरी हो गई । मौके पर चोर की छूटी जैकेट एवं कुछ कागजात से पीड़ित कर्मी ने एक युवक पर चोरी करने का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। चीनीमिल जीएम ऑफिस में कार्यरत विकास बाबू शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसका चीनी मिल कॉलोनी में आवास है। 20 जनवरी की रात करीब नौ बजे वह ड्यूटी करके अपने घर पहुंचा और उसने दरवाजा खोलाना चाहा तो दरवाजा अंदर से बंद था। इस पर उसने चीनी मिल के सुरक्षा गार्ड्स को बुला लिया। सुरक्षा कर्मियों ने आवास का दरवाजा तोड़ा तो देखा पीछे का लोहे का दरवाजा टूटा हुआ था । और कमरे में सामान बिखरा पड़ा है। विकास बाबू शर्मा ने बताया कि उसके घर में एक बाहर के व्यक्ति की जैकेट तथा कुछ जैकेट में कागजात मिले हैं। उन्होंने जैकेट में रखें कागजात की पहचान करते हुए एक युवक पर चोरी करने की आशंका व्यक्त की । पुलिस ने उस युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। उधर विकास बाबू शर्मा ने बताया कि उनके घर से चोर लगभग 57 हजार रुपए की नगदी, चांदी के बच्चों के खडुवा एवं चांदी की पायल चुरा ले गए। समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

## मिर्ज़ापुर के लाल ने किया कमाल, उड़ान की तैयारी में इनवेसिया एक्स

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा के होनहार युवा ध्रुव सिंह ने तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनके स्टार्टअप इनवेसिया एक्स प्रोजेक्ट के आगे के विकास के लिए पचास का फण्ड प्राप्त हुआ है।यह फण्ड मंगलवार को फ्यूचर यूनिवर्सिटी बरेली द्वारा प्रदान किया गया जिसे स्टार्टअप के सफर में एक अहम पड़ाव माना जा रहा है।प्रदत्ता द्वारा इस पहल का उद्देश्य नवाचार से जुड़े युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना और उनके विचारों को व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाना है। इनवेसिया एक्स को मिला यह सहयोग इस बात का प्रमाण है कि संस्थान को इस प्रोजेक्ट की सोच, दिशा और संभावनाओं पर भरोसा है।इनवेसिया एक्स एक स्वदेशी डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे वर्तमान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की कमियों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल एक नया सोशल मीडिया ऐप बनाना नहीं बल्कि एक सुरक्षित जिम्मेदार और सकारात्मक डिजिटल इकोसिस्टम तैयार करना है, जहाँ उपयोगकर्ता बिना दबाव और भ्रामक कंटेंट के अपनी बात रख सकें। तो वही फाइंडर ध्रुव सिंह का मानना है कि आने वाले समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की सफलता का आधार केवल यूज़र संख्या नहीं बल्कि विश्वसनीयता, सुरक्षा और उद्देश्य होगा। इनवेसिया एक्स इसी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और तकनीक के माध्यम से समाज को बेहतर दिशा देने का प्रयास कर रहा है। इस उपलब्धि के बाद मिर्ज़ापुर सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय युवाओं के लिए यह सफलता प्रेरणा बनकर सामने आई है जो यह दर्शाती है कि छोटे शहरों से निकलकर भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।यह भी उल्लेखनीय है कि इनवेसिया एक्स उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा स्टार्टअप होगा, जो 12 एवं 13 फरवरी को आईआईटी दिल्ली में आयोजित एआई सम्मिट में भाग लेगा। यह अवसर न केवल स्टार्टअप के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वर्तमान में इनवेसिया एक्स की टीम प्लेटफॉर्म को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है।ग्रैंड लॉन्च बहुत जल्द होने वाला है जिसे लेकर तकनीकी तैयारियाँ तेज़ी से चल रही हैं। उम्मीद की जा रही है कि यह स्टार्टअप आने वाले समय में डिजिटल इंडिया की दिशा में एक नई पहचान स्थापित करेगा। तो वही बेटे ध्रुव की ऊंची उड़ान भरने की उम्मीद से पिता धर्मवीर सिंह और माता प्रियंका रघुवंशी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## शाहजहांपुर में शिक्षक समायोजन के खिलाफ आंदोलन तेज, पूरी रात रामलीला मैदान में डटे रहे शिक्षक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में हुए शिक्षक समायोजन में अनियमितताओं के विरोध में संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति द्वारा चलाया जा रहा आंदोलन अब तेज हो गया है। बीते दिन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन के बाद बुधवार को रामलीला मैदान, खिरनीबाग में प्रातःकाल से क्रमिक अनशन की शुरुआत की गई। अनशन में भावलखेड़ा, सिंधौली, कांट एवं जैतीपुर विकास खंडों सहित जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आए सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। शिक्षकों ने समायोजन प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं को उजागर करते हुए जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन के विरुद्ध प्रदर्शन किया। आंदोलनकारी शिक्षक पूरी रात अनशन स्थल पर अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेन्द्र मौर्या एवं खंड शिक्षा अधिकारी नागेन्द्र सिंह को अनशन स्थल पर भेजकर आंदोलन समाप्त करने की अपील की गई, लेकिन शिक्षकों ने स्पष्ट रूप से पूरी समायोजन प्रक्रिया को निरस्त करने की मांग पर अड़े रहे। इसके पश्चात बीएसए दिव्या गुप्ता ने शिक्षक प्रतिनिधि मंडल को बीएसए सभागार में वार्ता के लिए आमंत्रित किया। वार्ता के दौरान शिक्षक प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जनपद में किया गया समायोजन माननीय न्यायालय के आदेशों, शासनादेशों एवं विभागीय निर्देशों की खुली अवहेलना करते हुए किया गया है। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि संपूर्ण समायोजन आदेश निरस्त किया जाए तथा शासनादेशों के अनुपालन में खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक संघ प्रतिनिधियों की सहभागिता से न्याय पंचायत स्तर से पारदर्शी ढंग से समायोजन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाए। रात्रि में अनशन पर बैठे शिक्षकों में विनीत कुमार गंगवार, अंकुर त्रिपाठी, श्रेयस चंद्र सक्सेना, सरताज अली सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे। धरना प्रदर्शन में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अनीस अहमद, कौमी उर्दू शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नफीस खान, उर्दू शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष परवेज आलम, रविन्द्र पाल प्रजापति, नवेन्दु मिश्रा, नीलू शाहू, गुलशन जहां, शालिनी, शैली चौधरी सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।

## अवंती क्रांति पार्टी में संगठनात्मक विस्तार, राम किशोर बने पीलीभीत जिलाध्यक्ष



**शाहजहांपुर।** अवंती क्रांति पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। पार्टी नेतृत्व ने राम किशोर लोधी को पीलीभीत जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 21 जनवरी से प्रभावी मानी जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जवाहरलाल राजपूत द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया कि राम किशोर लोधी को उनकी संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यक्षमता और राजनीतिक अनुभव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नेतृत्व को विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में पीलीभीत जनपद में पार्टी का जनाधार मजबूत होगा और आम जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम किशोर लोधी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अवन्ती क्रांति पार्टी की नीतियों और संविधान के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास करेंगे तथा शोषित-वंचित समाज की आवाज को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दीं और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

## बंडा में खुलेआम प्रेम-प्रसंग बना हंगामे की वजह

**चौराहे पर भिड़े दोनों पक्ष, थाने तक पहुंचा मामला**

**बंडा,शाहजहांपुर।** कस्बे में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक प्रेमी-प्रेमिका का मिलना भारी हंगामे में बदल गया। सूत्र बताते हैं कि दोनों चोरी-छिपे इश्क फरमा रहे थे, तभी अचानक दोनों के परिजन मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते माहौल गर्म हो गया और कहासुनी के बाद आपसी झड़प शुरू हो गई। घटना बंडा चौराहे से करीब 100 मीटर की दूरी पर हुई, जहां लोगों की भीड़ जमा हो गई और तमाशा देखने वालों की लाइन लग गई। पुलिस प्रेमी को थाने ले गई, लेकिन प्रेमिका प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई, बताया जा रहा है कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका पास-पास के गांव के रहने वाले हैं। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन अलग-अलग जाति को लेकर लड़की वाले रिश्ते से राजी नहीं थे। जिसको लेकर परिजनों ने लड़की की शादी कहीं और तय कर दी थी। किसी से नाराज होकर लड़की घर से चली आई और प्रेमी भी पहुंच गया दोनों अभी इश्क फरमा ही रहे थे कि दोनों के परिजन पहुंच गए और यह हंगामा हो गया। वहीं थाना अध्यक्ष बंडा प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले में तहरीर का इंतजार किया जा रहा है। और मामले में पूछताछ जारी है। वही इस घटना के बाद चर्चाओं का दौर जारी है।

## विद्यार्थियों को दिलाई गई यातायात सुरक्षा शपथ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में आज यातायात सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सुरक्षित यातायात व्यवहार के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सर्वाधिक प्रभावित वर्ग युवा है, ऐसे में यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। शपथ के दौरान विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो आदित्य कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश देने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में प्रो अजीत सिंह चारग, प्रो कमलेश गौतम, डॉ आलोक कुमार सिंह, डॉ शिशिर शुक्ला, डॉ प्रांजल शाही, डॉ कविता भटनागर सहित अनेक शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने यातायात सुरक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

# दो करोड़ की लागत से जल्द होगा जलालाबाद मंडी का कायाकल्प

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जलालाबाद मंडी समिति के डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर ललित नारायण, जॉइंट डेवलपमेंट कमिश्नर महेंद्र कुमार, मंडी के अभियंता भरत अग्रवाल और मंडी सचिव विक्रम वाजपेयी ने मंडी परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से मंडी के पूर्ण कायाकल्प की योजना तैयार की गई, जिसमें आढ़तियों के लिए 20 नई दुकानें बनाई जाएंगी और खराब हालत वाली सड़कों का जीर्णोद्धार होगा। मंडी समिति की स्थिति लंबे समय से खस्ताहाल थी। बरसात के मौसम में मंडी की सड़कें पानी से लबालब भर जाती हैं, जिससे आढ़तियों द्वारा खरीदी गई फसलें डूब जाती हैं। किसानों को भी फसल लेकर घर लौटते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि पानी भरने से फसल खराब हो जाती है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए डीडीसी ललित नारायण ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आढ़तियों व किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने का फैसला लिया। निरीक्षण के दौरान 2 करोड़ रुपये की लागत से आढ़तियों के लिए नई दुकानों का लेआउट तैयार किया गया। साथ ही, मंडी के अंदर की टूटी-फूटी सड़कों के पुनर्निर्माण को हरी झंडी दे दी गई। अधिकारियों ने बताया कि कार्य का शुभारंभ हो चुका है और सामग्री पहुंचना शुरू हो गई है। यह कार्य अगले 2 महीनों में पूरा हो जाएगा, जिससे किसानों और आढ़तियों को बड़ी राहत मिलेगी। मंडी सचिव विक्रम वाजपेयी ने बताया कि पूर्वी गेट से गुनारा मोड़ तक मंडी समिति की सड़क का भी निर्माण होगा। इससे वाहनों को सीधे मंडी में प्रवेश मिलेगा और भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरना नहीं पड़ेगा।यह विकास कार्य न केवल मंडी की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा। किसान संगठनों ने इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा होगा। कृषि उत्पादन मंडी समिति जलालाबाद में 2 करोड़ की लागत से बनेगी 20 नई दुकान और सड़कों का होगा जीर्णोद्धार शाहजहांपुर के जलालाबाद में कृषि उत्पादन मंडी समिति का होगा 2करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प! 20 नई दुकानें और सड़कों का जीर्णोद्धार - किसानों व आढ़तियों को मिलेगी बड़ी राहत। मंडी समिति के डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर ललित नारायण, जॉइंट डेवलपमेंट कमिश्नर महेंद्र कुमार भरत अग्रवाल और सचिव विक्रम वाजपेयी ने मंडी का निरीक्षण किया। 2 करोड़ की लागत से आढ़तियों के लिए 20 नई दुकानें बनेंगी। खराब सड़कों का होगा पुनर्निर्माण। बरसात में पानी भरने से फसलें डूब जाती थीं - अब यह समस्या दूर होगी। पूर्वी गेट से गुनारा मोड़ तक नई सड़क बनेगी, वाहनों को सीधा प्रवेश मिलेगा। कार्य शुरू हो चुका है, 2 महीने में पूरा होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है।

## 25-26 को तिरंगा एकता एवं मित्रता समारोह

**शाहजहांपुर।** प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में 25-26 जनवरी को द्विदिवसीय राष्ट्रीय तिरंगा एकता एवं मित्रता समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक जगदीश चंद्रा के अनुसार उ. प्र. गन्ना किसान संस्थान (सिटी पार्क के सामने) के सभागार में 25 जनवरी को सायं 4 बजे 'राष्ट्रीय तिरंगा एकता एवं मित्रता सम्मेलन' तथा 26 जनवरी को सायं 4 बजे 'प्रबुद्ध महिला वर्ग सम्मान समारोह' किया जाएगा। दोनों कार्यक्रमों में जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा राष्ट्रीय एकता पर अपने अपने विचारों का आदान प्रदान किया जाएगा।

### सूचना


पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से गुलजार सिंह सरन दर्ज हो गया, जबकि मेरा सही नाम गुलजार सिंह है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। गुलजार सिंह पुत्र हरभजन सिंह नि.ग्रा. सैदापुर डावचाट, थाना बंडा, तह. पुवायां, जिला शाहजहांपुर।

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र सुबहान उर्फ सुमन को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन से मेरा कोई सरोकार न होगा। सूचनार्थी असलम खां पुत्र मुस्ताक खां, मोहल्ला- उम्मरपुर, तिलहर, शाहजहांपुर।

## खबरें एक नजर में

### रेडक्रास ने दिव्यांगजनों एवं विधवाओं को बांटे कंबल



**शाहजहांपुर।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में शीत लहर ठंड आपदा से राहत हेतु जनपद स्तर के विकास खण्डों के ग्रामीण क्षेत्र के सौ दिव्यांगजनों एवं विधवाओं को कम्बल देकर सहयोग किया गया। कम्बल वितरण का कार्यक्रम सेहरामऊ के चिकित्साधिकारी डॉ. उस्मान अली डॉ. मसरूर अहमद डॉ. अय्यूब अंसारी आदि ने वितरण में सहभगिता की। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डा. विजय जौहरी ने कहा कि शीत लहर ठंड आपदा से राहत हेतु प्रदेश स्तर पर इण्डियन रेडक्रास सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष राज्यपाल आनंदी बेन एवं सभापति ब्रजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के दिशानिर्देश एवं जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रेडक्रॉस मानव सेवा में सदैव तत्पर है। इसी क्रम में डा. विजय जौहरी ने कहा ज़रूरतमंद दिव्यांगजन को कम्बल की आवश्यकता है तो वे रेडक्रास कार्यालय में सोमवार दिवस को अपना नाम सूचीबद्ध करा दे जिससे शीघ्र ही पुन निर्धारित दिवस पर कम्बल उपलब्ध कराये जा सकें। इसके अतिरिक्त आगामी समय में भी सहयोग सेवायें प्रदान की जा सकें।

### सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर की गई सुनवाई

**खुटार,शाहजहांपुर।** खुटार ब्लॉक सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण जो कि जनपद शाहजहांपुर के ब पूरे उत्तर प्रदेश में चल रहा है जिसमें ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जो की 6 जनवरी को जारी की गई थी जिन लोगों के द्वारा अपने नाम नियमानुसार भरकर दिए गए थे वह लोग वोटर लिस्ट में शामिल किए गए। लेकिन जिसम से अपने जनपद शाहजहांपुर के अंदर लगभग 1लाख 70 हजार लोग जिनके द्वारा 2003 की वोटर लिस्ट से मैपिंग नहीं कराई गई। या तो उनका नाम नहीं मिला या फिर उनके परिवार जन बाबा दादी माता–पिता का नाम लिस्ट से में नहीं मिला ऐसे व्यक्तियों को भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नोटिस जारी कर सुनवाई जा रही है ऐसे व्यक्तियों को बूथ लेवल ऑफिसर नोटिस उपलब्ध कराएंगे जिसमें पूरे जनपद 81 स्थानों पर ये सुनवाई की जाएगी जिसमें लगभग 170 अधिकारियों के द्वारा सुनवाई की जाएगी। जिसमें ऐसे व्यक्ति जिनको यह नोटिस प्राप्त हो रही है। ऐसे व्यक्तियों को 13 प्रकार के दस्तावेज जो कि उस नोटिस में ही दे रखे हैं को लेकर के सक्षम अधिकारी के पास जाना था इसी क्रम में आज बुधवार को विकासखंड खुटार के सभागार में सुनवाई का आयोजन किया जिसमें लगभग 40 आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिला अधिकारी पुवायां विद्या निर्वाल सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकर अधिकारी खंड विकास अधिकारी खुटार आशीष सिंह ब जिला विकास अधिकारी शाहजहांपुर मौके पर मौजूद रहे साथ ही साथ सभागार में बूथ लेवल ऑफिसरों को एसआईआर संबंधी फॉर्म 6 घोषणा पत्र संबंधी ब त्रुटिहीन फोटो अपलोड संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत, पति समेत पांच नामजद

**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुवायां थाना क्षेत्र के टकेली गांव में एक गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका सपना देवी (26) की शादी के छह साल के भीतर मौत होने पर मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश पुत्र इतवारी निवासी सुंदरपुर, माधोटांडा ने दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार, सपना देवी की शादी 15 फरवरी 2020 को टकेली गांव निवासी सुमित कुमार पुत्र हुलासी राम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। आरोप है कि मोटरसाइकिल और सोने की जंजीर की मांग को लेकर सपना देवी को लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मायके पक्ष का कहना है कि सपना देवी की एक दो वर्षीय पुत्री है और वह लगभग चार माह की गर्भवती थी। प्रताड़ना से तंग आकर वह कई बार मायके आई, लेकिन ससुरालियों ने सुधार का भरोसा देकर उसे वापस ले गए। उसने बताया कि 20 जनवरी 2026 की शाम करीब साढ़े छह बजे पति सुमित कुमार ने मृतका की मां को फोन कर धमकी दी कि अपनी लड़की को ले जाओ, नहीं तो उसे मार देंगे। इसके कुछ समय बाद सपना देवी की मौत की सूचना मिली। 21 जनवरी की सुबह करीब सवा पांच बजे सपना देवी का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया। इस मामले में पति सुमित कुमार, मुनेश, चंपा देवी, कुलदीप और राखी को नामजद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामला गंभीर है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में घटना के बाद से मातम और आक्रोश का माहौल है।

### आज आयेंगे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

**पूरनपुर।** केन्द्रीय मंत्री व पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद जन संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इस जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सांसद सीधे आमजन से रूबरू होंगे,उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी स्पष्ट सोच और योजनाएं साझा करेंगे। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के जन संवाद आयोजित किए जा रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री विधायक के नवीन प्रतिष्ठान मनी फिलिंग स्टेशन का 11 बजे उद्घाटन करेंगे व 11:20 पर कदेंड जनसंवाद कर जनता की समस्याएं सुनेंगे व 12:00 बजे ग्राम जेठापुर स्वर्गीय अवधेश पुत्र रामपाल के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। दोपहर 12:45 बजे ग्राम चंदिया हजारा स्वर्गीय सुमित पुत्र छोटू ढाली एवं स्वर्गीय मिताई सरकार के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे साथ ही 1:15 बजे नवनिर्मित धनाराघाट पुल का निरीक्षण एवं जनसंवाद करेंगे और अपरांहत 2:45 बजे ग्राम रमपुरा फकीरे में स्वर्गीय किशन राजपूत पुत्र नंदराम राजपूत के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे एवं जनसंवाद कर जनता की सुनेंगे।

### सड़क हादसे में मृतकों की संख्या तीन, घायल युवक ने बरेली में तोड़ा दम

**पीलीभीत।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा में 14 जनवरी को हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल महुआ गुंदे गांव निवासी मिशन बाजपेई ने बरेली के भोजीपुरा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार दोपहर एक बजे जानकारी के अनुसार पूरनपुर-खुटार आसाम हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे गोलगप्पे की दुकान के पास चाट खा रहे लोगों को कुचल दिया था। इस हादसे में जोगराजपुर निवासी दो सगे भाई मोहम्मद वक्स और मोहम्मद आजीम की मौके पर ही मौत हो गई थी। मिशन बाजपेई गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें बरेली रेफर किया गया था। अब तीसरी मौत के बाद क्षेत्र में गहरा शोक है। लोग सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

### तहसील में एसआईआर फॉर्म, नोटिस के बाद उमड़ी भीड़, एसडीएम ने की सुनवाई

**पूरनपुर, पीलीभीत।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा एसआईआर फॉर्म न भरे जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। तहसील प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अब तक लगभग 18,400 ग्रामीणों को नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिसों की सुनवाई बुधवार सुबह दस बजे से तहसील सभागार में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार की मौजूदगी में शुरू की गई। नोटिस में संबंधित ग्रामीणों को सात दिन के भीतर अपना पक्ष रखने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। तहसील प्रशासन द्वारा प्रतिदिन लगभग 150 लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है, जिससे तहसील परिसर में रोजाना भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सुनवाई के दौरान ग्रामीण अपने साथ पहचान, निवास और अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर तहसील पहुंच रहे हैं। अधिकारियों द्वारा उनके अभिलेखों की जांच कर एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है, साथ ही जिन ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या आ रही है, उसका मौके पर समाधान भी किया जा रहा है। एसडीएम व तहसीलदार ने बताया कि एसआईआर फॉर्म भरने के लिए कुल 12 प्रकार के दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से कम से कम एक वैध दस्तावेज फॉर्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। जिन लोगों के दस्तावेज अधूरे पाए गए हैं, उन्हें आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उनका फॉर्म पूर्ण किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से गांव–गांव जाकर एसआईआर फॉर्म भरवाने का अभियान चलाया गया था, लेकिन इसके बावजूद हजारों ग्रामीणों ने फॉर्म नहीं भरे। इसी कारण प्रशासन को नोटिस जारी करने की कार्रवाई करनी पड़ी।

### धनाराघाट हादसे के पीड़ित परिजनों को मिलेगा मुआवजा, सांसद जितिन प्रसाद सौंपेंगे चेक

**पीलीभीत।** हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट शारदा नदी में 18 जनवरी को स्नान के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले एक किशोर व युवक के परिजनों को राहत देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस हादसे में चंदिया हजारा निवासी किशोर सौरभ मंडल, सुमित ढली तथा जेठापुर निवासी युवक अवधेश की शारदा नदी में डूबने से मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। बुधवार एक बजे जानकारी के अनुसार हादसे के बाद सुमित ढली के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था, जबकि सौरभ मंडल और अवधेश के शवों का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया था। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सौरभ मंडल और अवधेश के परिजनों को आर्थिक सहायता मुआवजे के रूप में दिए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह मुआवजा राशि आपदा राहत कोष से प्रदान की जाएगी। दोनों पीड़ित परिवारों को यह सहायता राशि का चेक 22 जनवरी, गुरुवार को सौंपा जाएगा। इसी दिन पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद एक दिवसीय दौरे पर जिले में पहुंच रहे हैं।

# पहली बार मोबाइल मिलने पर अभिभावकों को नोटिस जारी होः डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक सम्पन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय सलाहकार समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक स्थिति की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में लगभग 553 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं तथा विद्यालय का परीक्षा परिणाम विगत कई वर्षों से शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के अनेक छात्र प्रथम प्रयास में ही नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में चयनित होकर मेडिकल एवं इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर चुके हैं। डीएम ने विद्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए जिला पंचायत के माध्यम से शीघ्र निर्माण कराने के निर्देश दिए। विद्यालय की बाउंड्री वॉल की ऊँचाई कम होने एवं आंतरिक सड़कों की खराब स्थिति पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने प्राचार्य को निर्देशित किया कि संबंधित कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय नोएडा को शीघ्र भेजा जाए। विद्यालय में मोबाइल फोन प्रतिबंध के बावजूद कुछ छात्रों द्वारा चोरी-छिपे मोबाइल लाने की समस्या पर डीएम ने निर्देश दिया कि पहली



बार मोबाइल मिलने पर अभिभावकों को नोटिस जारी किया जाए तथा पुनरावृत्ति होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं कुछ छात्रों के ओवरएज होने के मामलों पर प्रवेश के समय सतर्कता बरतने एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सीय परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए गए।

विद्यालय में जलापूर्ति की समस्या पर बताया गया कि 11 इंडिया मार्का हैंडपंप में से केवल पांच ही कार्यरत हैं। इस पर डीसी मनरेगा को ग्राम पंचायत की टंकी से विद्यालय तक सीधे पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। विद्युत समस्या को देखते हुए यूपी नेडा के माध्यम से 25 किलोवाट से अधिक क्षमता के सोलर पैनल निःशुल्क लगाए जाने की व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया। विद्यालय के लिंक रोड पर लगाए गए सूचना बोर्ड के चोरी होने की जानकारी पर लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि दो बड़े रेडियम रिफ्लेक्टर बोर्ड अटसालिया मोड़ एवं लिंक रोड मोड़ पर मजबूती से लगाए जाएं। अभिभावकों के बैठने की सुविधा हेतु जिला पंचायत के माध्यम से शेड निर्माण तथा मुख्य गेट पर जन शौचालय निर्माण के लिए भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि कुछ सप्लायर समय पर कार्य पूर्ण नहीं कर रहे हैं, जिस पर डीएम ने ऐसे सप्लायरों को निश्चित अवधि के लिए ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कूड़ा प्रबंधन मेडिकल कैंप की समस्या पर नगर निगम एवं सीएमओ प्रतिनिधि के माध्यम से कूड़ा निस्तारण कराने तथा त्रैमासिक कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। विद्युत समस्या हेतु विद्यालय में 63 केवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 100 केवीए करने एवं अर्बन फीडर से जोड़ने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से यूपीपीसीएल से एस्टीमेट बनवाने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने विद्यालय के समग्र विकास हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने पर बल दिया तथा आश्वस्त किया कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रतिनिधि, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार, शिक्षाविद के रूप में एसएस महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल, केंद्रीय विद्यालय नंबर-2 के प्राचार्य परवेज हसन, अभिभावक प्रतिनिधि विनीत दीक्षित, कामना शर्मा की उपस्थिति रही।

## मतदाताओं को भेजे नोटिस, 81 जगहों पर 10608 मतदाताओं की सुनवाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले के 6 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को भेजे जा रहे नोटिस पर सुनवाई बुधवार से शुरू हो गई है। इसके लिए छह विधानसभा क्षेत्र में कुल 81 स्थानों पर चिन्हित किए गए है। चिंहित स्थानों पर ईआरओ ने बैठकर सुनवाई शुरू कर दी है। सभी क्षेत्र में रोजाना एक ईआरओ को ज्यादा से ज्यादा नोटिस पर सुनवाई करनी होगी। जिन मतदाता ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी नहीं दी थी, उनको नोटिस देने का काम भी चल रहा है। अब इनको 13 दस्तावेजों में से किसी एक साथ सुनवाई में उपस्थित होना होगा।

बुधवार को कटरा विधानसभा में 23 एईआरओ द्वारा 2151 मतदाताओं की सुनवाई की गई। इसी क्रम में जलालाबाद में 938, तिलहर में 5383, पुवायां में 366, शाहजहांपुर में 1219 एवं ददरौल में 551 मतदाताओं की नोटिस पर सुनवाई की गई है। सभी विधानसभाओं में चल रहे, सुनवाई कार्य का जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए गए। एडीएम प्रशासन



रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी सुनवाई स्थलों पर एईआरओ, बीएलओ तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता द्वारा स्वयं, पिता एवं माता के स्व-प्रमाणित दस्तावेज आवश्यकतानुसार प्रस्तुत किए जाएंगे। इनमें केंद्र, राज्य, सार्वजनिक उपक्रम के कर्मचारी या पेंशनभोगी का पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर की नकल, भूमि या आवास आवंटन प्रमाण पत्र सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य वैध दस्तावेज सम्मिलित हैं।

## गाली-गलौज करने वाले इंस्पेक्टर को किया जाए सस्पेंड

**हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने एसपी से मिलकर की मांग**

**शाहजहांपुर।** हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पर किशोरी और साथी पुलिस कर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग कर उन्हें अपमानित करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। बुधवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के संस्थापक अध्यक्ष अवनीश मिश्र और प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसपी राजेश द्विवेदी से मुलाकात की और पत्र देकर बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हनुमत



धाम इलाके में तीन दिन पूर्व 13 वर्षीय किशोरी को कथित रूप से एक गैर समुदाय के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर लाया गया था। हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने किशोरी को युवक के साथ पकड़कर चौक कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। आरोप है कि चौक कोतवाली में पूछताछ के दौरान प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह के द्वारा पीड़ित किशोरी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसे अपमानित किया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि इससे पहले भी संबंधित प्रभारी निरीक्षक पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों के साथ अपशब्द कहे जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आ चुके हैं। जिससे महिला सुरक्षा और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हिन्दू युवा संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर प्रभारी निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मांग की है। जिस पर एसपी ने मामले की जांच के निर्देश दिए है। इस मौके पर कमल दीक्षित, आनंद पांडे, भारत राठौड़, यश दीक्षित, राजपाल, अर्जुन कुमार, प्रदीप कुमार, शिवा कश्यप आदि तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय गणित दिवस विषय पर विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर।** विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम अन्तर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के निर्देशों के क्रम में जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद में राष्ट्रीय गणित दिवस विषय पर विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज दोपहर 12 बजे किया गया। विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज अनिल कुमार द्वारा एक-एक सजीव पौध अतिथि वक्ता के रूप में आये प्रो. मुशर्रफ अली एवं डा. भानु प्रताप सिंह का भेंट स्वरूप दिया। अतिथिवक्ताओं ने विद्यार्थियों एवं विभिन्न समूहों में गणित की रूचि पैदा करने, कौशल विकास में मापनीय परिणाम प्राप्त करने और गणित के क्षेत्र में निरंतर जुड़ाव और गणितीय साक्षरता और समस्या समाधान कौशन को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिवंश कुमार द्वारा कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को भी गणितीय सोच उत्पन्न कर उसे प्रतिदिन की दिनर्चया में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 20 विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आये विद्यार्थियों द्वारा भी अपनी-अपनी जिज्ञासाओं को अतिथिवक्ताओं के समक्ष रखा, जिनका निराकरण उनके द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजन प्रजापति द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। अन्त में जिला विद्यालय निरीक्षक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शंकराचार्य का अपमान करने वालों पर हो कार्रवाई

**हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रयागराज संगम में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की पालकी रोके जाने और उनके शिष्यों के साथ मारपीट करने की घटना के विरोध में हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

बुधवार को हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र व प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज संगम में स्नान करने जा रहे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरा नंदजी महाराज की



पालकी को पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने रोककर उनका अपमान किया और उनके साथ चल रहे उनके शिष्यों, बटुक और ब्रह्मचारियों की लात घुसो से बेरहमी से पिटाई की। जो निंदनीय है। उन्होंने मांग कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस मौके पर संगठन के संरक्षक राजेश अवस्थी और प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने कहा कि पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने वहां पर सन्यासियों, बटुक की शिखा पकड़कर उन्हें घसीटने का काम किया। जिससे सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंची है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही शंकराचार्य को सम्मान सहित संगम में स्नान कराए जाने की मांग की। इस मौके पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, भारत राठौर, आनंद पांडे, यश दीक्षित, गोविंद मिश्रा, राजेंद्र पटवा, वैभव यादव, शिवा कश्यप, प्रदीप कुमार, अर्जुन कुमार, राजपाल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## किसानों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए समाधान करेंः डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में किया गया। बैठक में कृषि उप निदेशक पुरूषोत्तम कुमार मिश्र ने विगत किसान दिवस बैठक में किसानों द्वारा उठाई, समस्याओं के निस्तारण के प्रगति के विषय में अवगत कराया। साथ ही कृषकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। कृषक वीरपाल निवासी तिहार ऐजनपुर द्वारा मांग की गयी उनके द्वारा गर्ग रिफाइनरी पूरनपुर को पराली की लगभग 1500 कुन्तल




सप्लाई की गयी था जिसमें कम्पनी द्वारा धनराशि 330330 भुगतान किया जाना था, जिसमें कम्पनी द्वारा रूपये 80000 का भुगतान रोककर शेष भुगतान कर दिया गया है,अवशेष धनराशि दिलाये जाने की माँग की है। कृषकों द्वारा मांग की गयी कि उनके द्वारा पराली न जलाने के लिए अपने क्षेत्रीय कृषकों को प्रेरित किया गया, जिसका परिणाम पराली की कम घटनाओं के रूप में देखने को मिला है, जिसके लिये उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिये। डीएम ने कहा कि आगामी कृषक सम्मान समारोह में उन्हें किये गये प्रयास हेतु सम्मानित किया जाएगा। बैठक में 7 कृषकों द्वारा अपनी समस्याएं प्रस्तुत की गई। मुख्य रूप से डा. एनपी गुप्ता वैज्ञानिक द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई। किसानों को आलू बीज की उपलब्धता, सिंचाई मेजरमेंट, चकरोड आदि से संबंधित समस्याओं के विषय में कृषकगण एवं भारतीय किसान यूनियन के प्रतिनिधियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अवगत कराया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए समाधान करें और गुणवत्तापूर्ण आख्या प्रस्तुत करें। सभी समस्याओं के समाधान हेतु डीएम ने संबंधित विभागों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्र, एलडीएम आरआर तिवारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं किसान मौजद रहे।

## लाभार्थियों का पेंशन में आधार प्रमाणीकरण

**शाहजहांपुर।** डीएम के निर्देशानुसार एवं सीडीओ के नेतृत्व में बुधवार को विकास खण्ड जलालाबाद में सोशल सेक्टर के कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हरिप्रकाश वर्मा द्वारा कैम्प का शुभारंभ किया गया। विकास खण्ड ददरौल के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान के साथ पंचायत सचिव भी उपस्थित रहें। कैम्प में खण्ड विकास अधिकारी जलालाबाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी, संतोष कुमार, श्रवण सिंह राना, रनवीर सिंह, रश्मी, योगेन्द्र, मदनपाल आदि द्वारा कैम्प का संचालन किया गया। कैम्प में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों का मौके पर पेंशन में आधार प्रमाणीकरण किया गया।

## एडीएम प्रशासन व एसडीएम ने एसआईआर नोटिस निस्तारण का किया निरीक्षण

**तिलहर, निगोही व सिंधौली में 11 स्थानों पर 27 लोग कर रहे कार्य**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर मामले में भेजे गए नोटिस के बाद बुधवार को मत बनवाने के लिए निर्धारित स्थानों पर भरी भीड़ लगी रही। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा व एसडीएम सदानंद सरोज ने तिलहर , निगोही व सिंधौली में उक्त कार्य की निरीक्षण करते हुए सघन समीक्षा की। और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम श्री मिश्रा ने एसडीएम श्री सरोज के साथ तिलहर विधान सभा क्षेत्र में निर्धारित 11 स्थानों का अवलोकन किया और जिन्हें नोटिस



जारी किए गए उनके मत संबंधी कार्य निस्तारण की एसआईआर में लगाए गए अधिकारियों व कर्मचारियों से प्रगति की जानकारी ली। साथ ही नोटिस प्राप्त लोगों के मत बनाए जाने में पूरी निष्ठा व पारदर्शिता से कार्य करने के निर्देश दिए। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि पूरे तिलहर विधान सभा क्षेत्र में तिलहर, निगोही व सिंधौली में 11 स्थानों पर एसआईआर नोटिस निस्तारण में 27 लोग लगाए गए हैं। बुधवार की निस्तारण संख्या पर बताया कि तमाम लोगों के कागजात के लिए गए हैं। अपलोड किए जा रहे हैं। इस लिए सही संख्या बताया जाना अभी संभव नहीं है। देर रात तक संख्या प्राप्त हो सकेगी।


### सूचना

मैं अफसर हुसैन पुत्री का नाम एनी अंसारी (Aney Ansari) से बदलकर ऐनी अंसारी (Ainee Ansari) रख लिया है। भविष्य में ऐनी अंसारी (Ainee Ansari) के नाम से जाना जाए।

**अफसर हुसैन निवासी हाजीगंज, याकूतगंज, जिला फर्रुखाबाद पिन 209749**

### सूचना

मैंने अपना नाम एनी अंसारी (Aney Ansari) से बदलकर ऐनी अंसारी (Ainee Ansari) रख लिया है। भविष्य में मुझे अब ऐनी अंसारी (Ainee Ansari) के नाम से जाना जाए।

**ऐनी अंसारी पुत्री अफसर हुसैन निवासी मोहल्ला हाजीगंज याकूतगंज, जिला-फर्रुखाबाद पिन-209749**

### कार्यालय ग्रा0पं0 पिथनापुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 21/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पिथनापुर वि0ख0 राजेपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 22/01/2026 से 28/01/2026 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28/01/2026 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान व सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रामाधार के मकान से धनपाल के मकान से होते हुए रामवीर के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 372690 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्रमोद के मकान से डामर रोड तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 399968 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रामतीर्थ के मकान से रामाधार के मकान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 394895 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4 | सत्यपाल के मकान से डामर रोड तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 346275 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी। **प्रधान-(अभय कुमार) ग्रा0पं0 पिथनापुर, वि0ख0 राजेपुर सचिव- (राघवेन्द्र सिंह)**

### कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 820/न0प0-ना0द0हे0/2025-26/ शमसाबाद — दिनांक 20 जनवरी 2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीअयाज अहमद पुत्र न्याज अहमद निवासी मोहल्ला इमली दरवाजा शमसाबाद जिला फर्रुखाबाद द्वारा एक किता दुकान श्री हसीन उल्ला खां व अनीस उल्ला खां पुत्रगण स्व0हसीन उल्ला खों व शहवाज उल्ला खं व शमाज उल्ला खां पुत्रगण स्व0 रईस उल्ला खाँ निवासीगण मो0गढी शमसाबाद से पंजीकृत बैनामें के आधार पर एक दुकान क्रय की है जो मोहल्ला बाजार मण्डी शमसाबाद में स्थित है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है पूरब में कब्रिस्तान, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में दुकान विक्रेतागण स्वंय, दक्षिण में आराजी विक्रेतागण स्वंय है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा व निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की घारा 147 (1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन/दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमसाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

### कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 820/न0प0-ना0द0हे0/2025-26/ शमसाबाद — दिनांक 20 जनवरी 2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्रीमती अनुगुप्ता पत्नी सुनील गुप्ता निवासी-मूलचन्द शमसाबाद जिला फर्रुखाबाद द्वारा एक किता मकान श्री अशोक कुमार पुत्र कृष्णानन्द निवासी मोहल्ला बाजार मण्डी शमसाबाद से पंजीकृत बैनामें के आधार पर क्रय किया है जो मोहल्ला बाजार मण्डी शमसाबाद में स्थित है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है पूरब में गोदाम शशांक रस्तोगी, पश्चिम में दुकान व मकान उमेश कुमार सोनी आदि, उत्तर में रास्ता न0प0श0, दक्षिण में ए0वी0 इण्टर कालेज शमसाबाद है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है बाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा व निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की घारा 147 (1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन/दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमसाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत शमसाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

# एआई की शक्ति मॉडल के आकार से नहीं, बल्कि अर्थशास्त्र और तैनाती से आती है : वैष्णव

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 20 जनवरी 2026 को दावोस में विश्व आर्थिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में 'एआई पावर प्ले, नो रेफरीज' शीर्षक वाली एक पैनल चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रति भारत के दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें व्यापक स्तर पर एआई के प्रसार, आर्थिक व्यवहार्यता और तकनीकी-कानूनी शासन पर जोर दिया गया। श्री वैष्णव ने वैश्विक एआई गठबंधनों और भू-राजनीति से संबंधित एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि भारत स्पष्ट रूप से एआई विकसित देशों के पहले समूह में आता है। उन्होंने बताया कि एआई ढांचे में पांच स्तर होते हैं - एप्लिकेशन, मॉडल, चिप, अवसंरचना और ऊर्जा; और भारत इन सभी पांचों क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, ' एप्लिकेशन स्तर पर, भारत संभवतः विश्व को सेवाएं प्रदान करने वाला सबसे बड़ा देश होगा।' उन्होंने कहा कि एआई में निवेश पर लाभ (आरओआई) उद्यम स्तर पर तैनाती और उत्पादकता में वृद्धि से प्राप्त होता है, न कि केवल बहुत बड़े मॉडल बनाने से। उन्होंने कहा कि लगभग 95 प्रतिशत एआई उपयोग मामलों को 20-50 बिलियन पैरामीटर रेंज के मॉडलों से हल किया जा सकता है, जिनमें से कई मॉडल भारत के पास पहले से ही विद्यमान हैं और विभिन्न क्षेत्रों में तैनात किए जा रहे हैं।श्री वैष्णव ने भू-राजनीति में एआई की भूमिका की चर्चा करते हुए भू-राजनीतिक शक्ति को बहुत बड़े एआई मॉडल के स्वामित्व के साथ बराबर मानने के प्रति सावधान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मॉडल बंद किए जा सकते हैं और यहां तक कि इनके डेवलपर के लिए आर्थिक संकट भी पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'जिसे मैं पांचवीं औद्योगिक क्रांति कहता हूं, उसकी अर्थव्यवस्था निवेश पर लाभ (आरओआई) - अधिकतम संभव रिटर्न पाने के लिए निम्नतम लागत समाधान लागू करने - से आएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रभावी एआई तैनाती तेजी से सीपीयू, छोटे मॉडल और उभरते कस्टम सिलिकॉन पर निर्भर करने लगी है, जिससे किसी एक देश पर निर्भरता कम होती है और केवल परिमाण के आधार पर एआई के प्रभुत्व की धारणा को चुनौती मिलती है। श्री वैष्णव ने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की सफलता का उदाहरण देते हुए कहा कि सरकार जीवन और अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में एआई के प्रसार को प्रणालीगत तरीके से आगे बढ़ा रही है। जीपीयू की उपलब्धता को एक प्रमुख बाधा बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल अपनाया है, जिसके तहत लगभग 38,000 जीपीयू को एक साझा राष्ट्रीय कंप्यूटिंग सुविधा के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह सुविधा सरकार द्वारा समर्थित और सब्सिडी वाली है, जो छात्रों, शोधकर्ताओं, स्टार्टअप्स और नवोन्मेषकों को वैश्विक लागत के लगभग एक तिहाई पर किफायती पहुंच प्रदान करती है। श्री वैष्णव ने नियमन और शासन पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नियमन के लिए तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नियमन केवल कानूनों पर निर्भर नहीं हो सकता, बल्कि इसमें ऐसे तकनीकी उपकरणों का भी सहयोग होना चाहिए जो पूर्वाग्रह और डीपफेक जैसी समस्याओं को कम कर सकें।

# जे.पी. नड्डा : एक शांत रणनीतिकार की विदाई

*के.एस. तोमर*



यह एक अनुभवी राजनेता जगत प्रकाश नड्डा के लिए भावुक विदाई है, एक ऐसी विदाई, जो राजनीतिक विडंबनाओं और उपलब्धियों के अनोखे संगम से सजी है। हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में मिली निर्णायक सफलता ने इस विदाई को राजनीतिक पुनर्स्थापन और संगठनात्मक विजय के पुष्पगुच्छ में बदल दिया। अस्थिर राजनीति के बीच कार्यकाल रू औपचारिक रूप से उनका कार्यकाल संतोष, आत्मविश्वास और शांत गर्व की अनुभूति कराता है। राजनीतिक अस्थिरता के दौर में पार्टी की कमान संभालते हुए उन्होंने न केवल संगठन की वैचारिक जड़ों को मजबूत किया बल्कि भाजपा के चुनावी विस्तार को नए क्षेत्रों तक पहुंचाया। उनके नेतृत्व में भाजपा ने अपने पारंपरिक गढ़ों को और सुदृढ़ किया, जिससे वह भारत की प्रमुख राजनीतिक शक्ति के रूप में और स्थापित हुई। नड्डा का कार्यकाल शांत परिश्रम, रणनीतिक जमीनी संगठन और वैचारिक अनुशासन के साथ डिजिटल नवाचार के संतुलन के लिए जाना जाएगा। उन्होंने परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु बनाते हुए पार्टी को उसकी मूल हिंदुत्व विचारधारा में दृढ़ रखा और साथ ही डाटा-आधारित, तकनीक-सक्षम चुनावी रणनीति को आगे बढ़ाया। कोविड-19 महामारी के दौरान उनका नेतृत्व विशेष रूप से परखा गया, जब उन्होंने पार्टी कार्यकर्त्ताओं को देशव्यापी राहत और सेवा कार्यों के लिए संगठित किया और संकट को जनसंपर्क व सेवा के अवसर में बदला। नड्डा अपनी सफलता का श्रेय ईश्वरीय कृपा को देते हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। वह मानते हैं कि अमित शाह द्वारा स्थापित संगठनात्मक मानकों को बनाए रखना उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी थी और उन्होंने उसे निभाने का हरसंभव प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी की 'असाधारण क्षमता और प्रतिबद्धता' पर उनका अटूट विश्वास है, जो खंडित जनादेश और आक्रामक विपक्ष के बीच भी एन.डी.ए. सरकार को स्थिर दिशा देने में सक्षम है। उन्होंने कहा, ''जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है, जो हर भाजपा अभियान को नई ऊर्जा और अजेय जुझारूपन देता है।'' उनके अनुसार, मोदी के निर्णायक नेतृत्व में लोकसभा, बिहार, महाराष्ट्र और हरियाणा की जीतें, जनता के विश्वास का प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी मित्रता 1990 के दशक की शुरुआत से है, जब दोनों हिमाचल प्रदेश में पार्टी कार्यों के लिए लंब्रेटा स्कूटर पर साथ यात्रा करते थे। नड्डा को भाजपा में पीढ़ीगत नेतृत्व परिवर्तन पर विशेष गर्व है। कई राज्यों में मौजूदा सांसदों को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाकर पार्टी ने एक नया मानदंड स्थापित किया। उनके अनुसार, यह प्रयोग भाजपा कार्यकर्त्ताओं की अनुशासनबद्धता और किसी भी चुनौती के लिए तत्परता को दर्शाता है। आर.एस.एस. के साथ तालमेल को वह संगठन की वैचारिक रीढ़ बताते हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी को स्थिर रखती है। आर.एस.एस. प्रचारक से राज्यसभा में सदन के नेता तक का नड्डा का सफर भाजपा की आदर्श सफलता की कथा है। अनुशासित कार्यशैली, रणनीतिक दृष्टि और वैचारिक दृढ़ता उनके उदय की पहचान रही है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मिली शानदार जीतें उनके संगठनात्मक कौशल का प्रमाण हैं। 2024 में पूर्ण बहुमत न मिलने के बावजूद एन.डी.ए. की सत्ता में वापसी, उनके कार्यकाल में रखी गई मजबूत नींव को दर्शाती है। 2017 में हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में आगे होने के बावजूद नड्डा ने कोई लॉबिंग नहीं की। प्रेम कुमार धूमल की हार के बाद भी उन्होंने नेतृत्व पर पूरा भरोसा दिखाया। नड्डा को 2019 में कार्यकारी अध्यक्ष और 2020 में पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसी कहीं अधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। नड्डा उत्तर-दक्षिण विभाजन की कोशिशों की तीखी आलोचना करते हैं। उनके अनुसार, दक्षिण भारत में भाजपा की बढ़ती उपस्थिति ने इस तरह की राजनीति को सिरे से खारिज कर दिया है।

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हारने का दर्द जरूर रहा लेकिन लोकसभा की चारों सीटों पर भाजपा की जीत ने उनकी प्रतिष्ठा बहाल कर दी। नड्डा की राजनीतिक यात्रा 1970 के दशक में पटना कॉलेज में जे.पी. आंदोलन से शुरू हुई, जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्ट्रीय चेतना जगाई और इंदिरा गांधी की हार का मार्ग प्रशस्त किया। संघ की पृष्ठभूमि और 1990-91 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य ने उनकी संगठनात्मक क्षमता को निखारा। अटल बिहारी वाजपेयी, भैरों सिंह शेखावत और लाल कृष्ण अडवानी जैसे नेताओं के सान्निध्य में उनका राजनीतिक विकास हुआ। भाजपा अध्यक्ष पद से विदा होते हुए भी नड्डा की राजनीतिक यात्रा समाप्त नहीं हुई है। राज्यसभा में सदन के नेता के रूप में वह अपने अनुभव, वैचारिक निष्ठा और शांत दृढ़ता से पार्टी को दिशा देते रहेंगे, एक ऐसी विरासत, जो दिखावे से नहीं, बल्कि प्रतिबद्धता से बनी है।

# नवीन और प्राचीन के बीच भाजपा

मंगलवार 19 जनवरी 2026 को नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए। नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में उनके नाम का ऐलान किया गया। इससे पहले श्री नबीन को 14 दिसंबर 2025 को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। 18 जनवरी को उनका नामांकन हुआ और वे पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने गए। उनके अध्यक्ष बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें माला पहनाई, फिर करीब एक घंटे के भाषण में कहा, श्मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं। मैं मानता हूं कि नितिनजी मेरे बॉस हैं। अब वे मेरे काम का आकलन करेंगे।श् वहीं बतौर अध्यक्ष नितिन नबीन ने पहले भाषण में कहा, श्राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मेरा निर्वाचन एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को मिला सम्मान है।इन बातों को सुनकर किसी को भी लगेगा कि देश क्या दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा कितने लोकतांत्रिक मिजाज की है। यहां साधारण से कार्यकर्ता को भी शिखर तक पहुंचने का मौका मिलता है। एक राष्ट्रीय दैनिक ने तो शीर्षक ही दे दिया -भाजपा का नवीन युग। अलंकार के हिसाब से शीर्षक काफी उपयुक्त है। लेकिन असलियत क्या है ये नितिन नबीन भी जानते हैं, उनके पूर्ववर्ती जे पी नड्डा भी जानते होंगे और भाजपा के बाकी कार्यकर्ता भी।नितिन नबीन बिहार में पांचवी बार के विधायक हैं, यानी राजनीति में उनकी पकड़ है, इससे कोई इंकार नहीं। लेकिन राजनीति में वे अपने पिता भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा की आकस्मिक मौत के बाद आए। पिता की विरासत संभालनी थी, लिहाजा भाजपा ने परिवारवाद की चिंता किए बिना उन्हें टिकट दी। और फिर लगातार चुनाव जीतकर नितिन नबीन ने अपनी योग्यता साबित की। अब उसी परिवारवाद को भुलाकर ही उन्हें पहले कार्यकारी और फिर पूर्णकालिक अध्यक्ष भी बनाया गया। क्योंकि वे अमित शाह और नरेन्द्र मोदी की पसंद हैं। जे पी नड्डा भी मोदी-शाह की ही पसंद थे, और बतौर अध्यक्ष उनका कार्यकाल बढ़ा-बढ़ाकर उन्हें शीर्ष पद पर बिठाए रखा गया। लेकिन इसके बाद शायद मोदी-शाह को लगा होगा कि इससे ज्यादा खींचने में पार्टी को नुकसान हो सकता है, तो शीर्ष पद का मोहरा बदल दिया गया।वैसे भी बिहार चुनाव जीतने के बाद मोदी-शाह को राज्य का धन्यवाद करना था, तो इसका एक तरीका यही लगा होगा। दूसरी बात युवा चेहरे को आगे रखने से रणनीतियों को धार देने में आसानी भी होती है। ध्यान रहे कि छह अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी बनी थी और नितिन नबीन का जन्म इसके भी करीब दो महीने बाद 23 मई 1980 को हुआ था। यानी जितनी उम्र पार्टी की है, उतनी ही उसके अध्यक्ष की भी। लेकिन इससे भी उनके नाम के चयन का कोई लेना-देना नहीं है। आज की तारीख में भाजपा में आगे रहने की एकमात्र योग्यता मोदी-शाह की पसंद होना है। जिस कांग्रेस पर भाजपा बार-बार परिवारवाद बढ़ाने का आरोप लगाती है। गांधी परिवार के वर्चस्व की आलोचना करती है, वहां स्थिति बिल्कुल अलग है। कांग्रेस में मल्लिकार्जुन खड़गे बाकायदा चुनाव लड़कर अध्यक्ष बने। उन्हें शशि थरूर ने चुनौती भी दी थी। भाजपा की तरह यहां निर्विरोध नामांकन नहीं हुआ। पार्टी के भीतर अब भी कई कांग्रेस नेता किसी फैसले पर अपनी अलग राय देते हैं, या असहमति व्यक्त करते हैं, इसके बाद भी पार्टी में बने रहते हैं।भाजपा में यह सब कभी नहीं हुआ। पहले अटल-आडवानी के युग ही भाजपा थी, जिसमें जना कृष्णमूर्ति, कुशाभाऊ ठाकरे और बंगारू लक्ष्मण जैसे कमजोर अध्यक्ष बनाए गए। नितिन गडकरी या राजनाथ सिंह जैसे कद्दावर नेताओं ने भी पार्टी की कमान संभाली, लेकिन उनसे चुनौती मिलते देख उन्हें किनारे भी कर दिया गया। अब नितिन नबीन कब तक हाशिए से दूर रखे जाएंगे, ये देखना होगा। वैसे उन्होंने भाजपा का अध्यक्ष पद तब संभाला है, जब पार्टी सबसे मजबूत स्थिति में है। 240 लोकसभा सीटें, 99 राज्यसभा सीटें, और 21 राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकार है। अधिकतर नगरीय निकायों पर भी भाजपा का ही कब्जा है। सत्ता के लिहाज से तो पार्टी काफी मजबूत है, लेकिन क्या संगठन के तौर पर भी यही मजबूती नितिन नबीन कायम रख पाएंगे, ये देखना होगा।

## विचार

# युवा सेना मददवीर, अग्निवीर



सेना में अग्निवीर योजना के क्रियान्वयन के वक्त इनकी अल्पकालिक सेवा और सेवानिवृत्ति के बाद उनके भविष्य को लेकर तमाम तरह की आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं। लेकिन अब धीरे-धीरे कई आशंकाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। प्रशिक्षित अग्निवीरों के लिये नये-नये अवसर बन रहे हैं। हाल ही में हरियाणा सरकार ने राज्य में गठित होने जा रही डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स में अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। यह सुखद ही है कि अग्निपथ योजना के पहले बैच के सेवा काल की समाप्ति से पहले हरियाणा सरकार ने उनके समायोजन की पहल की है, जिसका अनुकरण देश के अन्य राज्यों को भी करना चाहिए। जिससे इस कुशल-प्रशिक्षित युवा शक्ति की ऊर्जा के बेहतर इस्तेमाल की पहल हो सके। दरअसल, हरियाणा में स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स में अग्निवीरों को वरीयता देने की बात कही गई है। निश्चय ही इस कदम से जहां अग्निवीरों की नई पीढ़ी सामने आएगी, वहीं राज्य को इनके कुशल प्रशिक्षण का लाभ मिल सकेगा। यह भी हकीकत है कि बदलते वक्त के साथ आपदाओं की पुनरावृत्ति व घातकता बढ़ रही है, उससे जूझने के लिये भी अनुभवी व प्रशिक्षित बल की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। जो एक स्थायी, पेशेवर और पूर्णकालिक बल के जरिये ही संभव हो सकता है। दरअसल, हरियाणा में सरकार ने भरोसा दिलाया है कि राज्य में गठित होने वाली एसडीआरएफ बटालियन में अधिकतम संख्या अग्निवीरों की ही होगी। विश्वास किया जा रहा है कि अग्निवीरों वाली एसडीआरएफ प्राकृतिक आपदाओं मसलन बाढ़,भूकंप, औद्योगिक दुर्घटनाओं, अग्निकांडों व रासायनिक आपदाओं की चुनौती का सफलता से मुकाबला कर सकेगी। माना जा रहा है कि अग्निवीरों को मिला कठोर प्रशिक्षण आपातकालीन स्थितियों से मुकाबले में मददगार साबित होगा। दरअसल, ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थितियों में तीव्र गति से कार्रवाई करते नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की प्राथमिकता होती है। जो प्रशिक्षित और अनुभवी टीम के द्वारा ही संभव हो सकता है। कहा जा रहा है कि राज्य की सभी डिविजनों में क्विक रिस्पॉन्स टीम तैनात की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में उत्तर प्रदेश में नोएडा में धुंध के चलते हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवा इंजीनियर की मौत हुई। बेटे को मौत के मुंह में समाते देख असहाय पिता ने पुलिस से मदद मांगी। लेकिन मदद के लिये पहुंची टीम के पास इस चुनौती का मुकाबला करने के लिये जरूरी उपकरण व अनुभव नहीं था। ऐसे में युवा इंजीनियर ने पिता के सामने ही डूबकर दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद तमाम लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद आपदा राहत बल को प्रशिक्षित करने और जीवन रक्षा के तमाम उपकरण उपलब्ध कराने की जरूरत महसूस की जा रही है। ऐसे में हरियाणा में एसडीआरएफ बटालियन के गठन और उसमें प्रशिक्षित व अनुभवी अग्निवीरों की तैनाती की घोषणा के बाद उम्मीद जगी है कि हरियाणा की सुरक्षा कुशल हाथों में रहेगी। तब प्राकृतिक, औद्योगिक व आगजनी आदि की घटनाओं में जन-क्षति को कम करने में मदद मिल सकेगी। हालांकि, अब तक हरियाणा में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में आईआरबी की बटालियन पहले ही नोडल डिजास्टर रिस्पॉन्स एजेंसी के रूप में सक्रिय रही है।

इसके अंतर्गत सैकड़ों कर्मचारियों को आपदाओं से निबटने के लिये प्रशिक्षण दिया जा चुका है। लेकिन आपदाओं व दुर्घटनाओं की घातकता के मद्देनजर स्पेशल व स्थायी बल की आवश्यकता लगातार महसूस की जाती रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि अनुभवी नेतृत्व में प्रशिक्षित टीम व आधुनिक जीवन रक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने से एसडीआरएफ तमाम चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हो सकेगी।

निश्चित रूप से अग्निवीरों की सेना में कुशल ट्रेनिंग, अनुशासन के साथ चुनौतियों का मुकाबला करने का प्रशिक्षण व फील्ड में हासिल अनुभव स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स को प्रभावी बनाएगा। जिसके आधार पर ही सरकार ने उन्हें एसडीआरएफ बटालियन में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है।

निश्चित तौर पर इससे राज्य में आपदा में तुरंत प्रतिक्रिया क्षमता को संबल मिलेगा। साथ ही अग्निवीरों को अपनी क्षमता प्रदर्शन का नया मंच मिलने से, युवा सेना की अग्निवीर योजना को कैरियर के विकल्प के रूप में चुन सकेंगे।

साहित्य

## बीमारियाँ और आबादियाँ...!



**संजय एम तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)

ना मैं हार रहा और न बीमारियाँ,
ये ज़िन्दगी की हैं कारगुज़ारियाँ।
आएं चाहे जितनी भी दुशवारियां,
मैं हूँ कमज़ोर करूँगा मज़दूरियाँ।
अपनों की उठानी हैं जिम्मेदारियां, फ़िर चाहे 'बिक' जाए सभी कुछ, मैंने कमाया हैं अब तक जो कुछ। चाहे तो हो ही जाए ये बरबादियाँ, मैं अब ये भी सोचता हूँ कैसे होगा, कब हो पाऊँगा खड़ा प्रश्न हैं बड़ा। समय विकट है 'तनहा' मैं हूँ खड़ा,
मुझे उम्मीद है 'रब ने सोचा' होगा! वहीं तो लौटाएगा मेरी आबादियाँ।



# राशिफल

**मेषः**- नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**वृषभः**- शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः**- कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी।

**कर्कः**- कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः**- कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुलाः**- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः**- कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे.गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः**- सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः**- विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः**- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं।

**मीनः**- पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# अमरीकी साम्राज्यवाद का नया युग

*जोसेफ ई. स्टिग्लिट्ज*



अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को वेनेजुएला में उनके कार्यों, अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन, लंबे समय से चले आ रहे मानदंडों की अवहेलना और अन्य देशों, विशेष रूप से डेनमार्क और कनाडा जैसे सहयोगियों के खिलाफ धमकियों के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया भर में अनिश्चितता और आशंका का माहौल छाया हुआ है। परिणाम न तो अमरीका के लिए और न ही शेष विश्व के लिए अच्छे होंगे। हमें अभी भी अमरीकी राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर की द्वितीय विश्व युद्ध से उभरे औद्योगिक-सैन्य परिसर के बारे में विदाई चेतावनी याद है। यह अपरिहार्य था कि जिस देश का सैन्य खर्च बाकी दुनिया के संयुक्त सैन्य खर्च के बराबर हो, वह अंततरू अपने हथियारों का इस्तेमाल दूसरों पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए करेगा। राजनीति में आने के बाद से (और शायद उससे पहले भी) उन्होंने खुद को कानून से ऊपर समझा और दावा किया है कि न्यूयॉर्क के फिफ्थ एवेन्यू पर किसी को गोली मारने पर भी उन्हें वोट का नुकसान नहीं होगा। 6 जनवरी, 2021 को अमरीकी कैपिटोल में हुए विद्रोह, जिसकी वर्षगांठ हमने अभी-अभी मनाई है, ने साबित कर दिया कि वह सही थे। 2024 के चुनाव ने रिपब्लिकन पार्टी पर ट्रम्प की पकड़ को और मजबूत कर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि पार्टी उन्हें जवाबदेह ठहराने के लिए कुछ नहीं करेगी। वेनेजुएला के तानाशाह निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी स्पष्ट रूप से गैरकानूनी और असंवैधानिक थी। सैन्य हस्तक्षेप होने के नाते, इसके लिए कांग्रेस की मंजूरी आवश्यक थी, भले ही यह सूचना न भी हो। और भले ही इसे 'कानून प्रवर्तन' का मामला मान लिया जाए, अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार ऐसे मामलों में प्रत्यर्पण अनिवार्य है। कोई भी देश दूसरे देश की संप्रभुता का उल्लंघन नहीं कर सकता या विदेशी नागरिकों, विशेष रूप से राष्ट्राध्यक्षों, को उनके देश से अगवा नहीं कर सकता। इसराईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य लोगों पर युद्ध अपराधों के आरोप लगे हैं लेकिन किसी ने भी उन्हें कहीं भी पकडने के लिए सेना तैनात करने का प्रस्ताव नहीं रखा। ट्रम्प की बाद की टिप्पणियां और भी अधिक बेशर्मी भरी हैं। उनका दावा है कि उनका प्रशासन वेनेजुएला को 'नियंत्रित' करेगा और उसका तेल छीन लेगा, जिसका अर्थ है कि देश को उच्चतम बोली लगाने वाले को भी तेल बेचने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन इरादों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि साम्राज्यवाद का एक नया युग शुरू हो चुका है। 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' और बाकी कुछ मायने नहीं रखता। और उन रिपब्लिकनों की ओर से कोई खास विरोध नहीं हुआ, जो कभी गर्व से अमरीकी 'मूल्यों' का बखान करते थे। कई टीकाकारों ने वैश्विक शांति और स्थिरता पर इसके प्रभावों पर पहले ही चर्चा कर ली है। यदि अमरीका पश्चिमी गोलार्ध को अपना प्रभाव क्षेत्र घोषित करता है (डॉनरो सिद्धांत) और चीन को वेनेजुएला के तेल तक पहुंचने से रोकता है, तो चीन पूर्वी एशिया पर दावा क्यों न करे और अमरीका को ताइवान के तेल तक पहुंचने से क्यों न रोके? ऐसा करने के लिए उसे ताइवान पर शासन करने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि केवल उसकी नीतियों को नियंत्रित करना होगा। ट्रम्प का साम्राज्यवाद, जिसमें कोई सुसंगत विचारधारा नहीं है, खुले तौर पर सिद्धांतहीन है-यह केवल लालच और सत्ता की भूख की अभिव्यक्ति है। यह अमरीकी समाज के सबसे लालची और कपटी लोगों को आकष्षत करेगा। ऐसे लोग धन का सृजन नहीं करते। वे अपनी ऊर्जा को लाभ कमाने में लगाते हैं-बाजार शक्ति, छल या सीधे शोषण के माध्यम से दूसरों को लूटते हैं। समृद्धि के लिए कानून का शासन आवश्यक है। इसके बिना अनिश्चितता का साया बना रहता है। क्या सरकार मेरी संपत्ति जब्त कर लेगी? क्या अधिकारी किसी छोटी-मोटी गलती को नजरअंदाज करने के लिए रिश्वत मांगेंगे? क्या अर्थव्यवस्था में सभी के लिए समान अवसर होंगे, या सत्ता में बैठे लोग हमेशा अपने चहेतों को ही तरजीह देंगे? लॉर्ड एक्टन ने कहा था, 'सत्ता भ्रष्ट करती है और निरंकुश सत्ता पूर्णतरू भ्रष्ट करती है।' लेकिन ट्रम्प ने यह साबित कर दिया है कि अभूतपूर्व भ्रष्टाचार में लिप्त होने के लिए निरंकुश सत्ता की आवश्यकता नहीं होती। उम्मीद है कि हम 'ट्रम्प शासन के चरम' पर पहुंच चुके हैं और 2026 और 2028 के चुनावों के साथ इस कुशासन का भयावह दौर समाप्त हो जाएगा। लेकिन यूरोप, चीन और बाकी दुनिया सिर्फउम्मीद के भरोसे नहीं रह सकती। उन्हें ऐसी आकस्मिक योजनाएं बनानी चाहिएं, जो इस बात को समझें कि दुनिया को अमरीका की जरूरत नहीं है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### खेतों में नहर का पानी भर जाने से किसान हुए मायूस



**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम डढ़हतमाफ में किसानों के खेत में नहर का पानी भर जाने से करीब दस बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलमग्न हो गई जिससे उन्हें काफी क्षति होने की चिन्ता सताने लगी है। आरोप है कि खेतों की सिंचाई के लिए बरीपुरा नहर खोली गई थी और समय पर पानी बंद न किए जाने के कारण किसानों की गेहूं की फसल जलमग्न हो गई है। किसान आशाराम, मनसुख, लखनलाल, केशवदास, राधारानी आदि का कहना है पूर्व प्रधान की अनदेखी व सिंचाई विभाग द्वारा समय पर पानी बन्द नहीं किए जाने से ही खेतों में जरूरत से ज्यादा पानी भर जाने से हरी-भरी फसल पूरी तरह डूब चुकी है। खेत तालाब में तब्दील हो चुके हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार बरीपुरा नहर का पानी रोकने की सूचना दी गई है नहीं रोकने के कारण फसल नुकसान हो गई। किसानों ने फसल नुकसान की भरपाई कराये जाने की गुहार लगाई है।

### आंकड़ों की गुणवत्ता में न हो कोई कमी: सीडीओ



**महोबा।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने के दृष्टिगत जनपद स्तरीय ओटीडी सेल व आसुस सर्वेक्षण तथा पीएलएफएस सर्वेक्षण की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार महोबा में आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक क्षेत्र के आंकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र में वृद्धि करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों तथा आम जनमानस से वर्तमान समय में कराई जा रहे सर्वेक्षण में वांछित सूचना सर्वेक्षणकर्ताओं को उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही साथ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सर्वेक्षण कर्ताओं को निर्देश दिए गए की आंकड़ों की गुणवत्ता में कोई भी कमी ना रह जाए तथा आंकड़े गुणवत्तापूर्ण एकत्रित किए जाएं।

### बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय परीक्षा में सुवह की पाली में 52 छात्र छात्राओं को परीक्षा देनी है जिसमें से एक परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ी



**खड़ेही लोधन (हमीरपुर)।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं बुधवार को सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय भूगोल की परीक्षा सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई मुस्करा विकास खंड क्षेत्र गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेन्द्र पांडेय ने बताया कि बुधवार की सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय भूगोल द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा 12 छात्राओ ने दी।हीरानन्दं पीजी कालेज बिवार के प्राचार्य डॉ अभिनन्दन सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह पाली में आयोजित हुई बीए पंचम सेमेस्टर विषय भूगोल द्वितीय प्रश्न पत्र की परीक्षा के 36परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमे 1छात्र अनुपस्थिति रहा।वही परीक्षा के पूर्व छात्रों की सघन तलासी करके उनका प्रवेश दिया जाता है।इसी प्रकार अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय लोदीपुर निवादा के प्राचार्य डॉ शिवमंगल तिवारी ने बताया कि बुधवार की सुबह पाली में सम्प्पन हुई परीक्षा में 81 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी जिसमे 1 अनुपस्थिति रहा।वही स्वर्गीय बाबूराम महाविद्यालय बिगहना के प्राचार्य डॉ अरविन्द्र पांडेय ने बताया कि बुधवार को सुबह पाली आयोजित हुई की परीक्षा 52 छात्र/छात्राओ को देनी थी जिसमे 1 परीक्षा छोड़ दी।

### मार्ग दुर्घटना में 15 दिन पूर्व घायल युवक की हुई मौत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गत 6 जनवरी को बैंक से वापस लौटते समय मुंडेरा के समीप स्कूली वाहन की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की मंगलवार को लखनऊ के केएमजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया कैथी के ग्राम प्रधान अरिमर्दन सिंह ने बताया कि गांव निवासी अरविंद कुशवाहा 34 वर्ष गत 6 जनवरी को इंडियन बैंक मुंडेरा बाइक से गया था। बैंक का कार्य निपटाने के बाद यह बाइक से घर लौट रहा था। मुंडेरा गांव के समीप तेज रफ्तार स्कूल वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद इसको सदर अस्पताल भेजा गया था। हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल से हैलट रेफर हुआ था। हालत नाजुक होने पर हैलट से इसको केएमजी लखनऊ रेफर किया गया था। मंगलवार की शाम इसकी लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को शव गांव लाया गया। शव के गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी मंजू, पुत्र दीपक 8 वर्ष, चिंटू 5 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया है। परिजनों ने स्कूल वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### हैलेट से लाकर मुख्य आरोपी को न्यायालय में किया दाखिल, भेजा गया जेल



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे में लव जिहाद,गैंगरेप के बाद धर्मांतरण का दबाव के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय में उसे जेल भेज दिया गत 14 जनवरी की रात हिंदू समुदाय की नाबालिग युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। पीड़िता के पिता की तहरीर पर लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण का दबाव बनाने की प्राथमिकी 15 जनवरी को दर्ज हुई थी। घटना के मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफ़ान को थानाध्यक्ष एवं उनकी टीम ने देवगांव मार्ग से 15 जनवरी को देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करके तमंचा, कारतूस एवं मोबाइल आदि बरामद किया था। मुठभेड़ में उसके दाहिने पैर में गोली लगी थी।। घायल होने के बाद इसको कानपुर के हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार की रात पुलिस ने इसे डिस्चार्ज कराकर बुधवार को न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी को बुधवार को अदालत में पेश किया था। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### तालाब की भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण, प्रधानाचार्या ने एसडीएम से की शिकायत

**मौदहा हमीरपुर।** विद्यालय के तालाब की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त करने एवं नये निर्माण कार्य को रूकवाये जाने के लिए कालेज प्रधानाचार्या ने उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के रहमानिया इंटर कालेज की प्रधानाचार्या डॉ रज़िया सुल्ताना ने उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी सहित कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की स्टेशन रोड स्थित रहमानिया इंटर कालेज के इलाही तालाब की भूमि पर समय-समय पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत करने पर कुछ दिनों तक रूक जाते हैं और फिर निर्माण कार्य पुनः शुरू कर देते हैं। साथ ही ये भी बताया की हाल ही में तालाब की भूमि पर कमलेश, चिल्लू, एवं चुनिया द्वारा चोरी चोरी अवैध निर्माण करा लिया है जबकि गिनीश नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिसको कालेज कर्मचारी द्वारा मना करने पर लड़ाई झगड़े पर आमादा है। उक्त मामले में प्रधानाचार्या ने प्रशासन से संस्था की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने व ध्वस्त करने की मांग की है।

### प्रशांत कुमार ओमर ने रक्तदान कर बचाई जान

**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में भर्ती लक्ष्मी बाई पार्क निवासी फूलचन्द्र की पत्नी नन्दन देवी को खून की जरूरत पड़ने पर बुंदेलखंड रक्तदान समिति के सदस्य प्रशांत कुमार ओमर ने ब्र-पॉजिटिव 1 यूनिट रक्तदान करके बचाई जान बुंदेलखण्ड रक्तदान समिति रक्तदानी महादानी का दिल से आभार व्यक्त करती है जुनून है रक्तदान महादान।

# गणतंत्र दिवस को गरिमामय ढंग से मनाया जाये: डीएम

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमा के आस-पास सफाई व रोशनी की व्यवस्था रखने के दिऐ निर्देश
- स्कूल के बच्चों द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली जाये तथा बच्चों को किया जाये सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के आयोजन को भव्य एवं गरिमामय बनाने हेतु आयोजित बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा करते हुए जनपद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं के आसपास साफ सफाई व रोशनी तथा माल्यार्पण आदि किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक/ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आजादी के महापुरुषों के बारे में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी स्कूलों में बच्चों को बताएं व सभी स्कूलों के कार्यालयों में महापुरुषों के चित्रों को भेजकर स्थापित कराया जाएं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को सभी सरकारी भवनों की बेहतरीन तरीके से सजावट की जाए तथा डीपीआरओ को सभी पंचायत भवन, प्रधान कार्यालयों की सजावट करवाने हेतु निर्देशित किया।उन्होंने कहा की सभी चिकित्सालयों में साफ-सफाई की जाए तथा विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि 25 व 26 जनवरी को 24 घंटे विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विद्यालयों में बच्चों को मतदाता दिवस, सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई जाए।उप कारागार में बंदियों को तथा अनाथालय, वृद्धा आश्रम में फल वितरण कराया जाएगा। स्कूलों के बच्चों के द्वारा नगर में प्रभात फेरी व महापुरुषों की झांकी निकाली जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि सभी पार्कों में साफ-सफाई व पेंट कराया जाए तथा सभी सरकारी भवनों की साफ सफाई कराई जाए एवं मलिन बस्तियों में 24 व 25 जनवरी को साफ-सफाई कराएं। और कहा की नगर पालिका/नगर पंचायत द्वारा विद्युत् पोलों में लगे तिरंगा लाइट को सही करवाया जाए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क एवं मूर्तियों की साफ सफाई कराई जाए तथा जिला विद्यालय निरीक्षक/बीएसए को निर्देशित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी, पंकज यादव, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, राम जी गुप्ता, मनु गुप्ता, दाऊ तिवारी सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए भरना होगा घोषणा पत्र

**कुलपहाड़/ महोबा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) अभियान के तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए अब फार्म 6 के साथ घोषणा पत्र भी भरना अनिवार्य है। इसमें वर्ष 2003 की मतदाता सूची से स्वयं या फिर माता-पिता और दादा दादी में से किसी एक का विवरण देना आवश्यक है, जिसमें विधान सभा क्षेत्र, भाग संख्या और क्रम संख्या सहित दर्ज करना होगा। उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि सही विवरण उपलब्ध न होने या फिर डाटाबेस से मेल न खाने पर उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। आवेदक से अपनी जन्म तिथि व जन्म स्थान प्रमाण के लिए 13 में से किसी एक अभिलेख की मांग की जाएगी। फार्म 6 में आवेदक को अपना नाम, सही पता शुद्ध अक्षरों में, नवीन साफ फोटो एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा।

### पीड़ित परिवार ने सदर विधायक से मांगी सुरक्षा

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बुधवार को सदर विधायक ने लव जिहाद की पीडिता के परिजनों से भेंट करके घटना की जानकारी ली। पीड़िता के परिजनों ने आरोपियों से परिवार को खतरा बताकर सुरक्षा की मांग की। इस पर उन्होंने सीओ सदर से फोन पर वार्ता करके पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैय्या कराने के निर्देश दिए सीओ सदर ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैय्या कराने का आश्वासन विधायक को दिए हैं। सदर विधायक ने परिजनों से कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशासन उनके साथ न्याय करेगा। इसके पूर्व मंगलवार को देर शाम भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात करके घटना की जानकारी लेकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था। सदर विधायक के साथ व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू आदि मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी वित्त ने की ब्लैक आउट अभ्यास को लेकर बैठक

- सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर होगा सायं 6 बजे से सायं 6:30 बजे तक नागरिक सुरक्षा हेतु ब्लैक आउट अभ्यास

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर नागरिक सुरक्षा हेतु जिला अधिकारी गजल भारद्वाज नियंत्रक नागरिक सुरक्षा की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा महोबा के निर्देशन में हवाई जहाज हमले के कारण आग लगने की घटना से ब्लैक आउट मॉक अभ्यास कराया जाना है। जिसके संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त / राजस्व की अध्यक्षता में समस्त संबंधित विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। बैठक के दौरान अग्नि शमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग , राजस्व विभाग आदि को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीगण, आपदा विशेषज्ञ, चेयरमैन रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद महोबा डॉ अभिषेक सक्सेना, नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवक आदि उपस्थित रहें। ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के लिए स्थान वीर भूमि डिग्री कॉलेज समय 6:00 बजे शाम में समस्त विभागों एवं नागरिक सुरक्षा, माई भारत युवा नेहरू केन्द्र, भारत स्काउट गाइड , एनसीसी, एन एस एस के स्वयं सेवकों की उपस्थिति में कराया जाना है। ब्लैक आउट माक अभ्यास शाम 06:00 बजे से 6:30 बजे तक किया जायेगा। माक अभ्यास के समय उस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। ब्लैक आउट मॉक अभ्यास नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए किया जा रहा है, ताकि भविष्य में कोई घटना हो तो नागरिक सुरक्षा के स्वयं सेवकों द्वारा नागरिकों को आपातकाल की स्थिति से बचाने में सहायता कर सकें। जिला प्रशासन द्वारा उक्त ब्लैक आउट मॉक अभ्यास में आम जनमानस से भी सम्मिलित होने एवं उस समय आस-पास के दुकानदारों को इनवर्टर लाईट, अन्य वैकल्पिक लाईट बंद करने की अपील है।

#### ब्लैकआउट होने पर क्या करें

1- अपने घरों पर रहें।
2- सभी लाईटों को बन्द कर दें।
3- बाहर कोई माचिस, लाईट व टॉर्च का प्रयोग न करें।
4- यदि कहीं पर कोई लाईट निकल रही हो तो वहाँ पर काला कागज चिपकायें। घर से कोई भी लाईट बाहर न निकलने पाये।
5- ध्यान से चले, भागें नहीं।
6- धुम्रपान ना करें।
7- कोई माचिस, मोबाईल व फ्लैश लाईट का इस्तेमाल ना करें।
8- सहयोग देते हुए भविष्य में हवाई हमले (युद्ध) जैसी विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लैक आउट के प्रति जागरूक रहें।

# जनपदीय एसओजी एवं कबरई पुलिस टीम ने किया चोरी की घटना का खुलासा

- घटना के पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से पीली/सफेद धातु जेवरात बरामद

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर जनपद में चोरी/लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना स्तर पर पंजीकृत अभियोगों के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये थे ।

जनपदीय एसओजी व थाना कबरई की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कबरई में पंजीकृत मुअस. 330/25 धारा 331(4)/305(a)/324(4) बीएनएस, मु0अ0स0 342/25 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस व मुअस 11/26 धारा 331(4)/305(a) बीएनएस से सम्बन्धित 5 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः देवीदीन प्रजापति पुत्र जय सिंह प्रजापति उम्र करीब 28 वर्ष, आशीष उर्फ अंशू पुत्र नन्द किशोर राजपूत उम्र 25 वर्ष, प्रशान्त तिवारी पुत्र राजेश तिवारी उम्र 20 वर्ष, सौरभ तिवारी पुत्र अवधेश तिवारी उम्र 30 वर्ष , आदेश राजपूत पुत्र शिवपाल राजपूत उम्र 24 वर्ष को गहरा नहर पुलिया थाना कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से मुअस. 330/25 से सम्बन्धित एक अदद कमरघरी (सफेद धातु), दो जोड़ी कुल चार अदद पायल (सफेद धातु) तथा एक अदद ठोस पीली धातु का टुकड़ा, मुअस.342/25 से सम्बन्धित सफेद धातु के दो अदद हथफूल, एक अदद कमरपेटी, एक अदद करधनी, दो अदद पायल, छः अदद मीनादार विछिया (सफेद धातु), चार अदद मीनादार विछिया (सफेद धातु) अलग से, चार अदद विछिया (सफेद धातु) अलग से, एक अदद हाय (सफेद धातु), एक अदद ठोस पीली धातु का टुकड़ा, एक अदद चूड़ी (सफेद धातु) तथा चार अदद विछिया (सफेद धातु) व मुअस. 11/26 से सम्बन्धित सफेद धातु की दो जोड़ी (कुल चार अदद) पायल, सफेद धातु की आठ अदद नगदार विछिया, एक अदद हाय (सफेद धातु), एक अदद कमरपेटी (सफेद धातु), दो अदद हाय (सफेद धातु) एवं दो अदद पायल (सफेद धातु) बरामद की गयी। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगणों को मा. न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### बेरी तिराहा पर अलाव की व्यवस्था ध्वस्त

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में नगर पंचायत द्वारा बेरी तिराहा में लगने वाले अलाव को लकड़ी न दिए जाने से लोगो को सर्दी से बचाव की व्यवस्था नहीं हो पा रही है कस्बा के बेरी तिराहा में सर्दी को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई थी। इस तिराहा में देर शाम तक यात्रियों का आवागमन रहता है। अलाव से आने जाने वाले लोगों को सर्दी से राहत मिलती है। तिराहा निवासी सनत कुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार, प्रभात श्रीवास्तव, भूपेंद्र कुमार आदि ने बताया कि यह स्थान अलाव के लिए हमेशा चिन्हित रहा है। इस स्थान पर नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था की जाती रही है। लेकिन कर्मचारियों द्वारा इस स्थान के अलाव के लिए लकड़ी नहीं दी जा रही है। लोगो ने अधिशाषी अधिकारी से अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

### एंटीकरप्शन टीम ने ग्राम पंचायत सचिव को रंगे हाथों पकड़ा

**मौदहा(हमीरपुर)।** ग्राम प्रधान से कार्य का कमीशन के नाम पर 10 हजार की रिश्वत लेते ग्राम पंचायत सचिव को एंटी करप्शन टीम ने बुधवार दोपाहर रंगे हाथों पकड़ लिया। सचिव को कस्बे की कोतवाली लाया गया। जहां हाथ धुलवाने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। एंटी करप्शन टीम लिखापढ़ी के बाद आरोपी को अपने साथ लखनऊ ले गई। प्रधान पति की शिकायत पर एंटी करप्शन टीम प्रभारी श्यामबाबू के नेतृत्व में कस्बा सुमेरपुर पहुंचे और प्रधान पति अजय पाल से मिले विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम बदन पुर के प्रधान पति अजय साहू ने बताया कि गाँव में सीसी रोड़ निर्माण कराया गया था जिसमे सचिव शिवशंकर पाल ने कमीशन के तौर पर 30 प्रतिशत मांग रहे थे जिसमें अन्त में 10 हजार रुपये लेने के लिए सचिव मान गया द्य फिर मैंने एंटी करप्शन विभाग को सारी बात बताई तो उन्होंने मामले को समझ कर बोले कि हम कब आएंगे आपको फोन पर अवगत कराया जाएगा द्य तब मैंने समझा सब भ्र्ष्टाचार में लिप्त हैं लेकिन बुधवार सुबह एंटी करप्शन वालो का फोन आया और बोले आप कहा है हम भरुआसुमेरपुर में है वही आओ और मै उनके पास पहुँच गया इसके बाद उन्होंने मुझसे सचिव से बात करने को बोले की उससे बोलो की अपना दस हजार रुपये ले जाए द्य मैने टीम के कहे अनुसार काम किया द्य जिसमे बुधवार सचिव को रंगे हाथों पकड़ लिया एंटी करप्शन टीम के प्रभारी श्यामबाबू के नेतृत्व में बुधवार को टीम सुमेरपुर से सचिव को पकड़ कर मौदहा कोतवाली लाई जहां बन्द कमरे में उससे पूंछ तांछ करने बाद अपने साथ लखनऊ ले गए द्यवही सचिव के रिश्वत लेते गिरफ्तारी की खबर लगते ही विकास खण्ड मौदहा के सचिव लामबंद होकर कोतवाली आये और बोले उसको साजिशन फसाया गया है।

### विकास कार्यों की खराब प्रगति पर बिफरे ब्लाक प्रमुख



**बरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ब्लाक सभागार में ब्लॉक प्रमुख जय नारायण सिंह यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में फैमिली आईडी,केवाईसी, आवास निर्माण मजदूरी में प्रगति खराब होने एवं ड्रेस कोड पहनकर न आने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। 28 जनवरी तक कार्यों में प्रगति करने के सख्त निर्देश दिए गए। इस मौके पर अच्छा कार्य करने वाले पंचायत सचिव मनीष कौशिक को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। बुधवार को ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने पंचायतवार फैमिली आईडी, केवाईसी, आवास निर्माण की मजदूरी भुगतान की रिपोर्ट प्रस्तुत की। खराब प्रगति एवं कर्मचारियों के ड्रेस कोड में न आने पर ब्लॉक प्रमुख ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्यों में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 28 जनवरी तक सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। संचालन एडीओ पंचायत सुरेश कुमार ने किया। बैठक में एपीओ मनरेगा विकास चंद्र के अलावा सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कंसलटिंग इंजीनियर आदि मौजूद रहे।

# गहरौली में क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**खड़ेही लोधन, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



गांव गहरौली में बुधवार से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच अस्तौन की टीम व पहाड़ी की टीम के बीच खेला गया जिसमे पहला मैच पहाड़ी ने जीता तो वही दूसरे मैच में तगारी की टीम ने जीत दर्ज की मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव गहरौली में बुधवार से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में पहाड़ी की टीम के कप्तान नीरेंद्र ने पहले टॉस जीतकर पहले गेदबाजी करने का फैसला लिया जिस पर अस्तौन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में केवल 53 रन बनाये। जबाब में मैच खेलने उतरी पहाड़ी की टीम ने यह मुकाबला पांच विकेट खोकर 54 रन बनाते हुए अस्तौन से 5 विकेट से जीत लिया जिसमे बल्लेबाज शिवम ने शानदार 41 रन बनाकर अपनी टीम का सहयोग दिया।वहीं दूसरा मैच तगारी की टीम व पुन्निया की टीम के बीच खेला गया जिसमे पुन्निया की टीम पहले टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी तगारी टीम ने निर्धारित 10 ओवर मे 114 रन का लक्ष्य खड़ा किया जिसमे बल्लेबाज छोटू ने 35 व संजय ने 20 रन बनाये। जवाब में मैच खेलने उतरी पुन्निया टीम 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। तगारी ने यह मुकाबला 10 रन से जीत लिया पुन्निया टीम के बल्लेबाज सुदीप ने सर्वाधिक 30 रन व देवेंद्र ने 25 रन अपनी टीम को बनाए


# जिला उद्यान अधिकारी ने एक दिवसीय मोर क्रॉप एकीकृत बागवानी कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



संचालित पर ड्राप मोर क्रॉप योजना व एकीकृत बाग़वानी विकास मिशन योजना अंतर्गत जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार द्वारा ब्लॉक प्रमुख सुमेरपुर जयनारायण यादव की गरिमामई उपस्थिति में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण विकासखंड परिसर सुमेरपुर में आयोजित किया गया। जिला उद्यान अधिकारी ने सर्वप्रथम विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ प्रशिक्षण की शुरुआत की, ब्लॉक प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कृषकों को उन्नति खेती कर नवीन पद्धतियों को अपना कर जनपद का नाम रोशन करने हेतु अपील की। प्रशिक्षण में जनपद के सैकड़ों कृषकों नें प्रतिभाग किया विकासखंड परिसर में कई निर्माता कंपनियों द्वारा स्टाल भी लगाए गए।जिसमें वेदांता पॉलिमर्स, जैन इरीगेशन नेटाफ़ीम, इरीलिंक इरीगेशन, वी के पैकवेल आदि कंपनियों द्वारा स्टाल लगाने के साथ साथ स्प्रिंकलर का लाइव डेमोंस्टेशन भी कराया गया जिसको देखकर उपस्थित कृषक बहुत उत्साहित हुए। ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने कृषकों को नवीन सिंचाई पद्धति अपनाने हेतु जागरूक किया तथा प्रमुख जी ने स्वयं स्प्रिंकलर सेट के लिए अपना जैन इरीगेशन से पंजीकरण कराया, प्रगतिशील कृषक रघुवीर सिंह राजपूत ग्राम चिल्ली द्वारा औषधीय खेती के बारे में अपने विस्तृत अनुभव साझा किए एवं उपज बढ़ाने व उपज को बेचनें हेतु उचित माध्यमों आदि के बारे में जानकारी दी।

# ग्राम पंचायत शिवनी में भूसा की जगह पराली जा रही है खिलाई



**कुरारा हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के शिवनी ग्राम पंचायत में अन्ना पशु आश्रय स्थल में सरंक्षित किए गए गौवंश को चारा भूसा के स्थान पर पराली खिलाई जा रही है।गौशाला में सफाई व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है।क्षेत्र के शिवनी गांव में स्थित अन्ना पशु आश्रय स्थल में सरंक्षित किए गए गौवंश के लिए सरकार द्वारा भूसा , हरा चारा, चूनी चोकर आदि के लिए धनराशि भेजी जाती है। जिसमें भुगतान इन्हीं सब सामग्री का किया जाता है। लेकिन गौशाला में संरक्षित गौवंश को धान की पराली खिलाई जा रही है। जिससे गौवंश को भरपेट चारा नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पशुओं को पराली ही खिलाई जा रही है। तथा गौशाला में सफाई व्यवस्था भी बाधित चल रही है।इस संबंध में ग्राम प्रधान शान मोहम्मद ने बताया कि पशुओं की देखरेख के लिए दो केयरटेकर तैनात है। ग्रामीणों ने गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है।

# क्षेत्राधिकारी को महाकुंभ सेवा मेडल से किया गया सम्मानित

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार को महाकुम्भ सेवा मेडल से मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के ऐतिहासिक और सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में जनपद बाराबंकी में नियुक्त क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार को प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, समर्पण और विशिष्ट सेवाओं के लिए 'महाकुंभ सेवा मेडल' एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा संगम कुमार को यह मेडल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उनके द्वारा महाकुंभ के सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सहायता के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय कार्यों की सराहना भी की गई।



# नगर पंचायत प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

भिटरिया चौराहा के चारो तरफ सहित तहसील तक सड़क किनारे तक अतिक्रमण को देखते हुए स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन ने बुधवार को सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी और नगर पंचायत कर्मी मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में भिटरिया से सुमेरगंज तक सड़क के दोनों ओर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाने के साथ नोटिस देकर समयावधि भी दिया। नगर पंचायत रामसनेहीघाट अंतर्गत भिटरिया चौराहा के चारो तरफ सड़क किनारे भारी पैमाने पर अतिक्रमण बना हुआ था आज नगर पंचायत द्वारा चलाये गए अभियान के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ पुलिस अधिकारी भी तैनात रहे, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू होते ही सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत का दस्ता पहुंचने से पहले ही कई लोगों ने स्वयं अपने कच्चे व पक्के निर्माण, ठेले, गुमटी और अस्थायी ढांचे हटाने शुरू कर दिए। अधिकारियों की सख्ती और पूर्व में दी गई चेतावनियों का असर मौके पर साफ नजर आया।

अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी ने स्पष्ट किया कि सड़क के किनारे किए गए अतिक्रमण से यातायात बाधित हो रहा था और आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन लोगों ने अब भी सड़क किनारे कच्चे या पक्के निर्माण कर रखे हैं अथवा गुमटी व अन्य अस्थायी ढांचे लगाए हुए हैं, वे एक सप्ताह के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटा लें। तय समय सीमा के बाद नगर पंचायत प्रशासन स्वयं कार्रवाई करेगा और हटाने पर होने वाला पूरा खर्च संबंधित व्यापारी या अतिक्रमणकर्ता से वसूल किया जाएगा। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद सड़क किनारे अवैध कब्जा करने वालों में भय का माहौल है। नगर पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और सार्वजनिक सड़कों व स्थानों पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब तो यह है कि विद्यार्थियों के साथ आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है सड़क किनारे तक बोर्ड दुकान का सामान लगाए रहने से रिक्सा चालक व गाड़ियों के चलते खतरा बना हुआ था इस अतिक्रमण हटाने की सक्षिप्त कार्यवाही से आम जनमानस ने राहत महसूस किया।



# विकसित भारत जी रामजी जनजागरण के लिए आयोजित हुई कृषक-श्रमिक चौपाल

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत हुसैनाबाद के कालिका देवी मंदिर परिसर में 'विकसित भारत- जी राम जी जनजागरण अभियान' के तहत 'कृषक-श्रमिक चौपाल' का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में मजदूरों को केवल 100 दिन की मजदूरी मिलती थी। उन्होंने कहा कि अब भाजपा सरकार में मजदूरों को 120 दिन का काम मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मनरेगा का नाम बदलकर 'जी राम जी' कर दिया गया है और मजदूरों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि उन्हें पहले से डेढ़ गुना अधिक काम मिलेगा। विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने भी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का प्रधान पिंटू वर्मा द्वारा माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सचिन सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान अजय प्रताप सिंह प्रधान भानु बाजपेई प्रधान कुंवर रामानंद सिंह एडवोकेट प्रदीप बाजपेई युवा नेता अतुल सिंह रावत पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित मनोज सिंह पंकज दीक्षित अंवेश प्रताप सिंह सतीश सिंह वीर बहादुर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।



## भागवत कथा के अवसर पर निकाली गई कलश शोभायात्रा

रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले चतुर्दशम गायत्री महायज्ञ एवं देवी भागवत कथा के उपलक्ष्य में भव्य कलश एवं देवी-देवताओं की शोभायात्रा निकाली गयी।अटौटा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं गायत्री शक्तिपीठ के सामने से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ।शोभायात्रा मे हजारो महिलाओ ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की।बड़ी संख्या में माताए,बहनें एवं श्रद्धालु शामिल हुए।जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

शोभायात्रा में देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजी ट्रालियों पर निकाली गई।

## नाली निर्माण न होने से ग्रामीण परेशान प्रधान ने उपजिलाधिकारी से की शिकायत

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

विकास खण्ड बनीकोडर की ग्राम पंचायत बेलपुर में जलनिकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश बना हुआ है ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत आरसीसी रोड का निर्माण कराया गया है, लेकिन सड़क के दोनों ओर नाली का समुचित निर्माण न होने से बरसात और घरेलू पानी की निकासी बाधित हो रही है। और जल भराव की समस्या होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है साथ ही साथ जलभराव की वजह से गन्दगी और बीमारियों का खतरा भी बना रहता है । गांव के पश्चिम दिशा में पानी निकासी के लिए, रास्ता निर्धारित है, परंतु कुछ दबंग लोगों द्वारा जबरन पाइप डालने से रोक दिया जा रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट पर आमादा होने का आरोप भी लगाया गया है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और घरों के सामने पानी भर जाता है। जलभराव होने पर कानूनगो और लेखपाल द्वारा पानी तो निकलवा दिया किन्तु समस्या फिर बनी हुई है ग्राम प्रधान ने एक लिखित शिकायत उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह को देकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की इस प्रकरण पर उपजिलाधिकारी ने टीम बनाकर समस्या हल कराये जाने की बात कही है।

## खबरें एक नजर में

### तहसील सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील गौरीगंज सभागार में किसान दिवस का आयोजन जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों द्वारा अधिक विद्युत बिल, आवारा पशुओं द्वारा फसल नष्ट करने, डॅक्टर द्वारा फोन ना उठाए जाने, पशु बीमा, टीकाकरण, कृषक भ्रमण की सूचना समस्त किसानों को उपलब्ध न कराए जाने, धान खरीद तथा नियमानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने संबंधी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से उठाया गया, जिनको लेकर मौके पर ही उनके समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। किसानों को शासन द्वारा संचालित नंदिनी योजना, मुख्यमंत्री कोष संवर्धन योजना के साथ-साथ विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के साथ ही उर्वरक रसायन, खरपतवार नियंत्रण, कीटनाशक के प्रयोग के साथ ही कृषक जिज्ञासाओं तथा अन्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत खेती करने के सुझाव भी दिए गए। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल सुरक्षा, कीट एवं चूहे नियंत्रण, तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। किसान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जीके शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप, विद्युत विभाग के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

### यशपाल सिंह ने घर पधारे प्रभारी निरीक्षक को किया सम्मानित



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र मुसाफिर खाना के अंतर्गत ग्राम धरौली निवासी पत्रकार प्रेस परिषद के मंडल अयोध्या प्रभारी यशपाल सिंह द्वारा निज निवास पधारे जनपद प्रतापगढ़ के कोतवाली पट्टी प्रभारी मनोज कुमार यादव को सम्मानित किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव को उत्कृष्ट कार्यों व समाज के हर वर्ग के साथ निष्पक्ष त्वरित न्याय दिलाने में सराहनीय कार्यों को देखते हुए मण्डल प्रभारी यशपाल सिंह ने प्रशस्ति पत्र व महापुरुषों से चित्रित नव वर्ष का कलेंडर भेट किया। याद दिलाना है कि पत्रकार प्रेस परिषद एक ऐसा संगठन है जो देश प्रदेश में समय समय पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित करता रहता है।

## भाजपाइयों व क्षेत्रीय लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया पूर्व विधायक का जन्मदिवस

बछरावां, समृद्धि न्यूज़।

विधानसभा सरेनी के एक छोटे से गांव से निकले और रेलवे स्टेशन से लेकर बस स्टेशन पर सोने के साथ संघर्षों का सफर तय करने एवं कभी भी विचलित होकर हार न मानने वाले बछरावां के पूर्व विधायक रामलाल अकेला का 71 वा जन्मदिवस कस्बे के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भाजपा कार्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं आम जनमानस ने उनके जन्म दिवस कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शिवम मिश्रा, दिव्यांशु जायसवाल, अरनव अवस्थी, पुंडरीक त्रिवेदी, विकास सोनी, मनोज मिश्रा, सतीश टाइगर, डॉक्टर विजयपाल यादव, डॉक्टर चंद्रमणि त्रिपाठी, निजामुद्दीन मंसूरी, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी सहित कस्बे व क्षेत्र के अनेकों लोग उनके इस जन्मदिवस के कार्यक्रम के अवसर पर मौजूद रहे।



## सरेनी में आशा बहुओं का धरना, चार सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन

सरेनी, समृद्धि न्यूज़।

बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी में आशा बहू वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आशा बहुओं ने चार सूत्री मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरने का नेतृत्व यूनियन की अध्यक्ष गीता सिंह ने किया। धरने के दौरान पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे,जहां आशा बहुओं की ओर से उन्हें चार सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि आशा बहुओं को प्रतिमाह ?15,000 से ?20,000 तक एकमुश्त मानदेय दिया जाए, उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा मिले, सेवा नियमित की जाए तथा पेंशन की सुविधा प्रदान की जाए। प्रदर्शन के दौरान आशा बहुओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस मौके पर यूनियन अध्यक्ष गीता सिंह ने कहा कि 'आशा बहुएं दिन-रात, गर्मी, बरसात और कड़ाके की ठंड में भी पूरी निष्ठा से कार्य करती हैं, फिर भी उन्हें पेट दबाकर सोना पड़ता है। ऐसे में हमारी मांगों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। वहीं पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने आशा बहुओं की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि यह ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रायबरेली तक पहुंचाया जाएगा और उनकी मांगों को उठाया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में नीता रानी मौर्य, शिवकांति, संतोष कुमारी, मंजरी देवी, लक्ष्मी कुमारी, रेनू, विमला, सुमन सहित बड़ी संख्या में आशा बहुएं मौजूद रहीं।



## मतदाता सूची पुनरीक्षण की तिथियां घोषित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि अर्हता तिथि एक जनवरी 26 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए विशेष अभियान की तिथियां 18 जनवरी, 31 जनवरी एवं एक फरवरी 26 निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, जिला निर्वाचन अधिकारियों को जनपद स्तर पर सुविधानुसार एक अतिरिक्त (चतुर्थ) विशेष अभियान तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद में विशेष अभियान हेतु 5 फरवरी को चतुर्थ विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है। इन सभी तिथियों में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

## सड़क सुरक्षा की शिक्षकों को दी गई ट्रेनिंग, कहा : 'बच्चों को करें जागरूक'

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों व घटनाओं को रोकने के लिए बुधवार को सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में प्रत्येक ब्लॉक से दो शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी ही बचाव है। शिक्षकों को सड़क सुरक्षा संबंधी आदेशआत्मक ,चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेतों के माध्यम से अवगत कराया गया कि इन का ध्यान हम लोग सड़क पर चलते समय अवश्य रखें, जिससे कि कम से कम सड़क दुर्घटना हो सकें। सभी को अवगत कराया गया कि आज हमारे देश में प्रतिवर्ष लगभग 175000 मौतें सड़क दुर्घटना में हो रही हैं जो बहुत ही चिंता का विषय है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि हमको सड़क दुर्घटना 50: काम किया करनी है इस दिशा में शिक्षकों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा क्लब के माध्यम से जागरूक करके उन्हें जिम्मेदार व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। यातायात विभाग से इंस्पेक्टर अरिमर्दन सिंह ने सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया कि यातायात चिन्ह का क्या तात्पर्य है और हम इन को बच्चों को और युवकों को तथा समुदाय को कैसे प्रेरित करते हुए अवगत करा करके सड़क दुर्घटना को कम कर सकते हैं। एआरटीओ रायबरेली अरविंद कुमार यादव ने विस्तृत रूप से रोड सुरक्षा संबंधी नियमों व हेलमेट तथा सीट बेल्ट कितना हमारे लिए अनिवार्य है उसके संबंध में विस्तृत जानकारी दें। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने मानवीय संसाधन की कम से कम क्षति हो इसको हम लोग इस ट्रेनिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक करके काम कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को पूरे उत्साह से प्रशिक्षण में प्रतिभा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक शिव शरण सिंह ने विद्यालय स्तर पर गठित होने वाली सड़क सुरक्षा क्लब की विस्तृत संरचना के साथ ही कार्य और दायित्व से अवगत कराया गया। इसी के क्रम में प्रशिक्षक सूर्य प्रकाश द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में विद्यालयों में संचालित होने वाले परिवहन के संबंध में गठित होने वाली समितियों की संरचना के माध्यम से कैसे बिना परमिट वाहनों को बच्चों के परिवहन से रोका जा सकता है इस अवसर पर प्रशिक्षक राजेश कुमार यादव द्वारा रोडरेंज के संदर्भ में जानकारी दी गई।



## जागा प्रशासन, अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

40 वर्ष से ज्यादा पुरानी बाजार डलमऊ रोड पर स्थापित

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

डलमऊ क्षेत्र में एक के बाद एक हो रहे सड़क हादसों में हुई मौत के बाद प्रशासन की शक्ति के बाद बुधवार को अतिक्रमण पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई, सड़क की पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने शक्ति के साथ हटवाया मुराई बाग मुख्य चौराहे से लालगंज रायबरेली ऊंचाहार एवं डलमऊ रोड की तरफ जाने वाली सड़कों पर व्यापारी व दुकानदारों द्वारा सड़क की पटरियों तक दुकानों को बढ़कर अतिक्रमण किया गया था जिसके चलते सड़क से गुजरने वाले वाहनों को परेशानी होती थी साथ ही राहगीर जाम की समस्या से जूझते थे, पिछले एक पखवाड़े से एक के बाद एक हुई कई हादसों से मौत ने क्षेत्रीय लोगों को झकझोर दिया प्रशासन ने व्यापार मंडल के साथ बैठक की और अतिक्रमण हटाने कार्रवाही की गई साथ ही लालगंज रोड पर लगने वाली शंकर नगर बाजार को पड़वा नाला डलमऊ रोड पर स्थापित कराया गया जिसे लेकर पटरी एवं छोटे दुकानदारों में असमंजस की स्थिति बनी रही पूर्व कांग्रेसी नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी रहे डॉ रमेश श्रीवास्तव लल्लन श्रीवास्तव द्वारा वर्ष 1982 में क्षेत्रीय लोगों की सुविधा के लिए बाजार की स्थापना की थी।

# दिव्यांग शौचालय अधूरा, भुगतान पूरा-भ्रष्टाचार की खुली मिसाल

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

जनपद सीतापुर के विकासखंड खैराबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत मखुवापुर में दिव्यांग बच्चों के लिए बनाए जाने वाले शौचालय निर्माण में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। शासन द्वारा विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों की सुविधा हेतु शौचालय निर्माण का आदेश जारी किया गया था, लेकिन जिम्मेदारों ने नियमों को ताक पर रख दिया। आरोप है कि ग्राम पंचायत में तैनात सचिव गीतांजलि वर्मा ने शौचालय का केवल आंशिक निर्माण कराकर-केवल दीवार खड़ी करके-पूरा भुगतान निकाल लिया, जबकि शौचालय आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। सूत्रों के अनुसार सचिव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से पूरा भुगतान निकाल लिया गया। ग्रामीणों ने जब इस अनियमितता का विरोध किया और सचिव व ग्राम प्रधान की शिकायत उच्च अधिकारियों से की, तो मामले की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) द्वारा की गई। जांच में आरोप सत्य पाए गए, लेकिन इसके बावजूद कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई। आरोप है कि डीपीआरओ निरीश चंद्र साहू ने मात्र नोटिस जारी कर मामले को रफा-दफा कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जनपद में शिकायतों पर गंभीर कार्रवाई करने के बजाय केवल जांच और नोटिस तक ही सीमित रहकर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। सचिव गीतांजलि वर्मा पर यह भी आरोप है कि ग्राम पंचायत के विकास के बजाय निजी हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सीतापुर के जिलाधिकारी इस पूरे प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेकर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करेंगे? या फिर यह मामला भी कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह जाएगा।



इस संदर्भ में जिला पंचायत राज्य अधिकारी निरीश चंद्र साहू से वार्ता की गई तो उनके द्वारा फोन तो उठा लिया गया परंतु फोन पर बहाने बाजी करते हुए बताया कि मेरे फोन पर दूसरा फोन आ रहा है मैं बाद में बात करता हूं।

# डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज प्राथमिक विद्यालय मझिगवां नसीरपुर, विकास क्षेत्र बिसवां में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में बी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण किया, जिसमें प्राथमिक विद्यालय में संचालित केन्द्र कक्ष बन्द पाया गया। जिलाधिकारी ने केन्द्र बन्द होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये ए0एन0एम0 प्रतिभा राजवंशी का 15 दिन का वेतन, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अंकिता एवं आशा की सेवा समाप्ति का नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने उक्त प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की उपस्थिति कम होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये नाराजगी व्यक्त की। साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये विद्यालय की समस्त व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। दो शिक्षामित्र अनुपस्थित मिलने पर उनका 01 दिन वेतन रोकने के निर्देश भी बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने बच्चों को दिये जाने वाले मिड-डे-मिल की गुणवत्ता को चेक किया तथा बच्चों की यूनीफार्म एवं जूते सही न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की।



आवश्यक सूचना

मैं राकेश कुमार पुत्र राम सजीवन निवासीः ग्राम-शंकरपुर, मजरा-अडवेनिया ग्रन्ट, तहसील व जिला-सीतापुर का निवासी हूं। मेरे पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। ऐसे में यदि कोई उनसे रजिस्ट्री व वसीयतनामा करवाता है तो वह फर्जी माना जाएगा।

# जेल पहुंचे डीआईजी, गिरफ्तार हुए बंदी से की पूछताछ

- 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर जेल से फरार हो गए थे दो बंदी, एक की हो चुकी गिरफ्तारी, दूसरे की तलाश जारी
- दोनों बंदियों पर घोषित किया गया था 50-50 हजार का इनाम


जेल का निरीक्षण करते डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता व अन्य

**जलालाबाद, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला कारागार से दो कैदियों के फरार होने की घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता ने अनौगी स्थित जिला कारागार का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में फरार होकर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए कैदी डिंपी उर्फ शिवा से भी पूछताछ की और सुरक्षा व्यवस्था की गंभीरता से समीक्षा की। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले जिला जेल से दो कैदी 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार हो गए थे। घटना के बाद दोनों पर 50- 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इनमें से एक फरार कैदी डिंपी उर्फ शिवा को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरे की तलाश अभी जारी है। डीआईजी ने गिरफ्तार कैदी डिंपी से फरारी के कारणों, उसे मिली मदद और सुरक्षा में हुई चूक के बारे में विस्तार से पूछताछ की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जेल की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के बाद डीआईजी ने जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की लापरवाही सामने आई तो जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगा।

**सीसीटीवी कैमरों की कार्य प्रणाली का बारीकी से लिया जायजा**

जलालाबाद। डीआईजी प्रदीप गुप्ता ने जेल परिसर, बैरकों, प्रहरी टावरों, मुख्य द्वार और सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने जेल में मौजूद सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली।

# बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेंद्र सिंह चौहान का हुआ स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पुराने सौरिख बस स्टॉप परिसर में वरिष्ठ नागरिक समिति के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेंद्र सिंह चौहान का जोरदार स्वागत किया गया। माल्यार्पण और मिठाई खिलाकर हुए इस समारोह में स्थानीय किसानों और समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सवर्ण मुखिया सुप्रीमो विनोद दुबे ने चौहान को अपना पुराना सहपाठी बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व से बैंक में किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। जवाब में रामेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से इस बैंक से जुड़े हैं और बिना किसी पद के भी क्षेत्रीय किसानों की परेशानियों का निस्तारण करते रहे हैं।

उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किसानों के हित में समर्पित होगी। अगले वित्तीय वर्ष में किसान केंद्रित नई योजनाएं लाई जाएंगी, जिनका अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। समारोह में देवकीनंदन दुबे, आसाराम यादव, अजय दुबे, सुरेश सिंह तोमर, अतुल शर्मा (एडवोकेट), राजीव अग्निहोत्री, प्रिया श्रीवास्तव, संजीव दीक्षित, दिनेश पांडेय, भैया लाल एवं राजेश सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन के मैच का विधायक ने किया उद्घाटन

**गर्मजोशी के साथ टूर्नामेंट आयोजकों ने विधायक का किया स्वागत**

**समधन, समृद्धि न्यूज।**



नगर के दारा सराय कॉलोनी के पास ग्राउंड में चल रहा गौरी क्रिकेट टूर्नामेंट में पहुंचकर भाजपा नेत्री विधायक अर्चना पांडेय ने बुधवार फीता काट कर किया उद्घाटन इसी दौरान उन्होंने मैच खेलने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया बाद में उन्होंने हाथ में बल्ला थामकर ग्राउंड पर गेंद खेली गई।

उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावनाओं से खेले आगे उन्होंने सभी खिलाड़ियों से हमेशा अच्छा खेलने के लिए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए संदेश भी दिया साथ ही टूर्नामेंट आयोजकों का दिल की गहराइयों से धन्यवाद दिया टूर्नामेंट कमेटी द्वारा दूसरे दिन का मैच सिद्दीकी क्रिकेट टीम समधन व यादव क्रिकेट टीम संतोषा के बीच कराने का फैसला लिया गया दोनों टीमों के कप्तान मोहम्मद शानू सिद्दीकी व मोहित यादव के बीच टॉस कराया गया जिसमें पहले यादव क्रिकेट टीम के कप्तान मोहित यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते 14 ओवर के मैच में 9 विकेट आउट होकर 98 रनों का लक्ष्य रखा बाद में जबाब में उतरीं सिद्दीकी क्रिकेट टीम ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए मात्र 3 विकेट आउट होकर 9 ओवर में 99 रन पूरे कर जीत अपने नाम दर्ज कराई विजय हुई सिद्दीकी के खिलाड़ी दानिश खान ने अपनी टीम के लिए 65 रन बनाए जिन्हें मैन ऑफ द मैच से शिल्ड भेट कर सम्मानित किया गया इस दौरान राजीव ठाकुर, दीपू शर्मा, समधन चौकी प्रभारी दीपक सिंह,राधा रानी ईवी मोटर्स के संरक्षक अमित गुप्ता, उम्मीद हसन अल्लाह रक्खा,शीरू खान, नफीस बम्बईया, स्कोर्र मोहम्मद सगीर, आदिल परवेज,सीमा, आदि मौजूद रहे।

# भगवान बुद्ध ने संपूर्ण विश्व को दिया शांति का सन्देश : प्रिया शाक्य



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर में बौद्ध कमेटी द्वारा आयोजित बुद्ध कथा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रिया शाक्य ने कहा कि भगवान बुद्ध ने संपूर्ण विश्व को करुणा, मैत्री, प्रेम और शांति का अमूल्य संदेश दिया है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए जीवन में इन मूल्यों को अपनाना चाहिए, ताकि समाज में सुख-शांति का वातावरण बने। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बौद्ध कमेटी के संरक्षक एवं कवि हरिगोविंद शाक्य हरि ने कहा कि तथागत बुद्ध के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं, जो मानव जीवन को दिशा प्रदान करते हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य ने जोर देकर कहा कि ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन समाज में जागरूकता फैलाते हैं और लोगों को बौद्ध दर्शन से जोड़ते हैं। बौद्ध कमेटी के सदस्यों ने प्रिया शाक्य को पंचशील पगड़ी, पंचशील पट्टिका, प्रतीक चिन्ह, फूल मालाओं तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रामानंद शाक्य, रामविलास शाक्य, नेत्रपाल शाक्य, पंचलाल, राजेश शाक्य, दीपू, विजय, विनोद, शैलेंद्र, नीरज, गिरीश चंद, राजू शाक्य, प्रमोद, धर्मवीर, अंकित, गुलाब शाक्य, जयवीर, शिवदयाल, रामनरेश सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# जो जीव शरणागत हो जाता है उसी पर भगवान की कृपा होती है: डॉ. हरीश्वरी देवी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मोहल्ला बजरिया के चंद्रकांता पैलेस में कृपालु जी महाराज (प्रेम मंदिर, वृंदावन) की प्रचारिका डॉ. हरीश्वरी देवी ने अपने चतुर्थ दिवसीय प्रवचन में बताया कि जो जीव शरणागत हो जाता है उसी पर भगवान् की कृपा होती है। शरणागति का अर्थ उन्होंने बताया मन बुद्धि का समर्पण। हमें हरि गुरु के समक्ष मन का समर्पण करना होगा। गुरु की आज्ञा का बिना बुद्धि लगाये, बिना प्रतिकूल सोचे शत प्रतिशत पालन करना होगा। अर्थात गुरु की बुद्धि से अपनी बुद्धि को जोड़ देना होगा। जैसे संसार में हम पहले-पहल स्कूल जाते हैं तो जैसा अध्यापक सिखाता है, चुपचाप हम उसको मान लेते हैं। अध्यापक ने कहा, लिखो बेटा अ, अब किसी बच्चे ने ये नहीं कहा कि अ की शकल ऐसी ही क्यों होती है। इसको अ ही क्यों कहते हैं। किसी ने ऐतराज नहीं किया और सब बच्चे पढ़ गए। अगर कोई ऐतराज करेगा तो वह हमेशा अँगूठा छाप ही बना रहेगा। उन्होंने बताया कि जैसे आप संसार टीचर के शरणागत होकर, उसकी बुद्धि से अपनी बुद्धि को जोड़कर पढ़ाई करते हैं और बड़ी-बड़ी डिग्रियाँ प्राप्त कर लेते हैं, डॉक्टर के शरणागत होकर उसकी बताई हुई दवा खाकर स्वस्थ हो जाते हैं और एक अंगूठा छाप व्यक्ति वकील की बुद्धि से अपनी बुद्धि जोड़कर यानि वकील के शरणागत होकर बड़े चड़े मुकदमे जीत जाता है, इसी प्रकार हमें हरि गुरु के समक्ष मन बुद्धि का समर्पण करना होगा। आयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव दुबे एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (महिला) की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने बताया कि यह धार्मिक अनुष्ठान 26 जनवरी तक सायं 4:30 से 7:30 बजे तक चलेगा।



## शिविर लगाकर पशुपालकों को दी उपयोगी जानकारियां

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पुराभोज में आयोजित बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सा शिविर में पशुपालकों को उपयोगी जानकारियां दी गई। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर नेम कुमार ने पशुपालन विभाग से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पशुओं में होने वाले रोगों तथा उपचार के बारे में विस्तार से बताया। पशुओं में पेट के कीड़ों की दवा की उपयोगिता, खुरपका मुंहपका बीमारी के बारे में जानकारी दी और कहा 22 जनवरी से शुरू हो रहे टीकाकरण अभियान में अपने पशुओं में टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना के बारे में बताया कि अपने घरेलू पशुओं का बीमा अवश्य करवाएं जिससे पशु की आकस्मिक मृत्यु होने पर इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर पशुपालकों में निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार की उपस्थिति में हुए शिविर में पशुधन प्रसार अधिकारी सत्यम यादव, पंचायत सहायक दीप शिखा तिवारी, राम लखन पाठक, प्रमोद कुमार, नवाब सिंह, नीलू, नेत्रपाल, रविंद्र कुमार, रौनक, सुधा देवी, अनुपम एवं पंकज यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण पशुपालक मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड गतिविधियों के प्रभावी संचालन की बनाई कार्य योजना

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



हीरालाल वी.एन. इंटर कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय स्काउट गाइड पदाधिकारियों की बैठक में गतिविधियों के प्रभावी संचालन की कार्य योजना बनाई गई। सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त, कानपुर मंडल (कानपुर) मयंक शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुई बैठक में जनपद में स्काउट-गाइड गतिविधियों के सुचारु एवं प्रभावी संचालन हेतु सक्रिय कार्य समिति की कार्ययोजना तैयार की गई। साथ ही स्काउट एवं गाइड के उज्ज्वल भविष्य, तथा जनपद के समस्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को स्काउट-गाइड से जोड़ने एवं उन्हें प्रेरित करने के विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला सचिव की ओर से प्रदेश कार्यालय के कार्यक्रमों के अनुपालन में जनपद के समस्त प्रधानाचार्यों हेतु एक कार्यशाला आयोजित किए जाने के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी करने हेतु नोट-शीट तैयार किए जाने का निर्णय लिया गया।

सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्काउट भावना के साथ आयोजित बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला सचिव लज्जाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त परशुराम पाल, विनोद राठौर, सत्यपाल सिंह, अनुज कुमार द्विवेदी, मुलायम सिंह यादव, सुमन लता यादव, प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्रा, श्याम किशोर दुबे एवं श्रवण कुमार सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बार एसो. चुनाव की प्रक्रिया शुरू, 16 को मतदान



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन चुनाव 2026-27 की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके तहत 23 जनवरी से नामांकन, 16 फरवरी को मतदान एवं 17 फरवरी को मतगणना की जाएगी। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को 15 दिन में शपथ ग्रहण करनी होगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर महासचिव ललित प्रताप सिंह व कोषाध्यक्ष मुफीद खान ने एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत दीक्षित को मतदाता सूची सौंपी। उसके बाद एल्डर्स कमेटी ने बार एसोसिएशन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचन्द्र यादव को चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी। इस चुनाव में बार एसोसिएशन छिबरामऊ के 552 सदस्य मतदान में भाग लेंगे। बार एसोसिएशन ने दो सदस्यों राखी देवी व रोमा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनके द्वारा नोटिस का जवाब न देने या जवाब से बार एसोसिएशन के संतुष्ट न होने पर उनको प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किए जाने पर दोनों सदस्यों को बार एसोसिएशन के वार्षिक निर्वाचन में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।

# शिक्षण गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने पर दिया जोर



- पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर में एसएमसी की हुई मासिक बैठक

**जलालाबाद,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पीएम श्री यूपीएस/ कम्पोजिट विद्यालय गुगरापुर में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) की मासिक बैठक समिति अध्यक्ष राजनारायण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रधानाध्यापक सहित समिति के अन्य सदस्य एवं अभिभावक उपस्थित रहे। बैठक में निर्धारित एजेंडे के अनुसार शैक्षिक एवं सह- शैक्षिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निपुण आकलन पर विचार करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति की समीक्षा की गई तथा शिक्षण गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। शत- प्रतिशत छात्र उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों से निरंतर संपर्क बनाए रखने एवं नियमित प्रेरणात्मक गतिविधियां संचालित करने का निर्णय लिया गया। पीएम श्री विद्यालय के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की एक्सपोजर विजिट कराने तथा ईको क्लब की मासिक थीम के अनुसार पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर राकेंद्र सक्सेना, रामकिशोर सिंह, नीरज यादव, नेहा आदर्श, ऋषि कुमार, अभय कुमार, श्याम प्रताप भदौरिया सहित अभिभावक रहे।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास आंगनवाड़ी का लक्ष्य: अमित शर्मा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील सभागार में पोषण भी पढ़ाई भी सप्ताह के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर एवं रॉकेट लर्निंग संस्था के प्रतिनिधि अमित शर्मा तथा बृजेंद्र अग्निहोत्री ने किया। मुख्य अतिथि अमित शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत पाठशाला पूर्व शिक्षा में नवाचार अपनाकर आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली में सुधार लाया जा रहा है। उन्होंने बच्चों का सर्वांगीण विकास तथा अभिभावकों का सक्रिय सहयोग प्राप्त करना आंगनवाड़ी का प्रमुख कर्तव्य बताया। स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर बृजेंद्र अग्निहोत्री ने खेल एवं गतिविधि आधारित शिक्षा, शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) तथा तकनीकी के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी रमाकांती ने आंगनवाड़ी केंद्रों को बाल केंद्रित शिक्षा का मजबूत स्तंभ बनाने तथा समुदाय व अभिभावकों को इनसे जोड़ने पर बल दिया। यह प्रशिक्षण आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

# जनवरी में चिकित्सक टीम ने किए छह महिलाओं के सीजर ऑपरेशन

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी में प्रसूता महिलाओं को सीजर की सुविधा हासिल होने लगी है। जनवरी माह में 06 महिलाओं के चिकित्सीय टीम के द्वारा सीजर ऑपरेशन किए गए हैं। स्मरण हो कि प्रसूता महिलाओं की कालपी में नॉर्मल डिलीवरी न होने की वजह से सीजर ऑपरेशन के लिए उरई, कानपुर, झांसी, आदि जगह जाना पड़ता था। जिसमें महिलाओं को मोटी रकम तथा समय बर्बाद करना होता था। सीएचसी में स्थापित आधुनिक ऑपरेशन थिएटर में महिला चिकित्सक डॉक्टर रूबी सिंह, बेहोशी के चिकित्सक डॉक्टर विशाल सचान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार, की संयुक्त टीम के द्वारा सीजर ऑपरेशन किए गए। चिकित्साधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता ने बताया कि प्रसूता महिलाओं की सीजर विधि से डिलीवरी के लिए महिला चिकित्सक, बाल रोग चिकित्सक समेत पूरी टीम बराबर तैयार रहती है। उन्होंने बताया कि इस माह भी 6 सीजर ऑपरेशन में जच्चा बच्चा स्वास्थ रहे। उन्होंने अपील की है कि शासन के द्वारा चलाई जा रही चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ हासिल करें।

## बौद्धिक काउंसिल ग्रुप ने एसपी को ताईबाई सम्मान से किया सम्मानित

**जालौन,उरई।** जनता की समस्याओं के समाधान को सुनने के बाद उन्हें निस्तारण कराने में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में दिसंबर माह में जिले को पहला स्थान मिला है। साथ ही जिले के 14 थानों को पहला स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस की इस उपलब्धि पर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप जालौन द्वारा पुलिस अधीक्षक को ताई बाई सम्मान से सम्मानित किया गया। जन सुनवाई (आइजीआरएस) पोर्टल के तहत आने वाली जन समस्याओं के समाधान करने में दिसंबर माह में जनपद को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। इसके साथ जनपद के 14 थानों को भी पहला स्थान मिला। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में मिली पुलिस की इस उपलब्धि पर बौद्धिक काउंसिल ग्रुप के अध्यक्ष वाचस्पति मिश्र , महासचिव केसी पाटकार व संरक्षक रिटायर्ड आईपीएस नरेंद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र राठौर, शशिकांत व राहुल यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा को ताईबाई सम्मान से सम्मानित किया।

## घर में अकेली किशोरी के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**जालौन (उरई)।** घर में अकेली किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने एवं मां के आ जाने पर पिटाई कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात उनकी 17 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। वह मोहल्ले में गई थी। रात में करीब 10 बजे मोहल्ले का ही युवक आदित्य घर में बेटी को अकेला देख जबरन घर में घुस गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब बेटी ने विरोध किया तो गाली, गलौज करते हुए पिटाई करने लगा। बेटी के चिल्लाने पर जब वह घर में पहुंची और युवक को डांटा तो उसके साथ भी पिटाई कर दी साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर वह घर से भाग गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा

**अधिकारी दें गुणवत्ता, समयबद्धता व जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता**

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड तथा विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने विभागवार योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित सभी बिंदुओं का नियमित अनुश्रवण करते हुए योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए और लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा फील्ड स्तर पर सत्यापन को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय बढ़ाने, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और प्रगति रिपोर्ट को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गम्भीरता व प्रतिबद्धता के साथ की जाए सड़क सुरक्षा: उप परिवहन आयुक्त

- टोल में मिले एक एंबुलेंस, क्रेन, रेस्क्यू तथा पेट्रोलिंग वाहन

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

1 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक पूरे प्रदेश में मनाए जा रहे ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अंतर्गत परिवहन अधिकारियों द्वारा सड़क सुरक्षा, जागरूकता और प्रवर्तन कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी केडी सिंह गौर ने आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के डकोर स्थित टोल प्लाजा पर, उरई के प्रवर्तन अधिकारियों एवं टोल प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उप परिवहन आयुक्त केडी सिंह ने बैठक में कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, झांसी परिक्षेत्र के 5 जनपदों से गुजरता है और इस एक्सप्रेस वे पर घटित दुर्घटनाएं , पूरे परिक्षेत्र में दुर्घटनाओं की संख्या और मृत्यु दर का ग्राफ तय करती हैं। यह आवश्यक है कि एक्सप्रेस वे पर सड़क सुरक्षा के रक्षोपाय पूरी गम्भीरता और प्रतिबद्धता के साथ किए जाएं।

टोल प्रबंधन के साथ वार्ता एवं समीक्षा बैठक में उप परिवहन आयुक्त ने टोल प्लाजा पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, तथा सड़क सुरक्षा संबंधी आवश्यक संसाधनों का भी निरीक्षण किया। टोल में एक एंबुलेंस, क्रेन, रेस्क्यू वाहन, तथा पेट्रोलिंग वाहन मौजूद पाए गए।

## सरकारी क्रय केंद्र में 223 क्विंटल उर्द की हुई खरीद, मूंगफली, तिल बेंचने नहीं आये किसान

**जालौन,उरई।** किसानों को उरद, मूंगफली और तिल की फसल बेंचने के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में सरकारी क्रय केंद्र खोला गया है। क्रय केन्द्र पर अब तक 223 क्विंटल उरद की खरीद हुई है। जबकि क्रय केंद्र पर मूंगफली और तिल की फसल नहीं आई है। जनपद के किसानों से उरद, मूंगफली और तिल की फसल खरीदने के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति के नीलामी चबूतरे पर सरकारी क्रय केंद्र खोला गया है। क्रय केंद्र पर टंगा बैनर बंदरों ने फाड़ दिया है। सरकार द्वारा 7800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उरद, मूंगफली 7263 रुपये प्रति क्विंटल और तिल 9846 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एमएसपी निर्धारित की गई है।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र परमजीत सिंह उर्फ हर्शी का आचरण अच्छा न होने के कारण अपनी पत्नी रविंद्र कौर की सहमति से उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कार्य या लेन देन की हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सरदार हरपाल सिंह पुत्र सरदार कल्यान सिंह निवासी मकान नंबर 4/18 मोहल्ला जेरकिला, थाना छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# भतीजे से चल रहे प्रेम प्रसंग को लेकर पति ने पत्नी को चाकुओं से गोदा

**हत्या करने के बाद शव के पास बैठा रहा हत्यारोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार**


घटनास्थल पर मौजूद लोग व इन्सेट में मृतका का फाइल फोटो

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

भतीजे से चल रहे प्रेम प्रसंग को लेकर युवक ने पत्नी की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद युवक चाकू लेकर पत्नी के शव के पास बैठा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस हत्यारोपी पति को थाने ले गई। क्षेत्राधिकारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम जरारी के मौजा खल्लासपुर निवासी सांचेलाल कठेरिया उम्र लगभग 35 वर्ष गुजरात में नौकरी करता है। उनकी 35 वर्षीय पत्नी अनीता देवी उर्फ नन्हीं देवी का प्रेम प्रसंग उसके 22 वर्षीय भतीजे विशाल कठेरिया से चल रहा था। मंगलवार दोपहर सांचेलाल कठेरिया गुजरात से अपने गांव पहुंचे। बुधवार दोपहर 12 बजे सांचेलाल ने प्रेम प्रसंग को लेकर अनीता से विरोध किया। इसी बात पर अनीता और सांचेलाल के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सांचेलाल ने अपने बच्चों को छत पर खेलने भेज दिया। उसके बाद सांचेलाल ने गला दबाकर चाकू से वार कर पत्नी अनीता की हत्या कर दी। घटना के बाद सांचेलाल पत्नी का सिर सहलाता रहा। इस दौरान उसकी भतीजी काजल ने पड़ोसियों को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल से हत्यारोपित को हिरासत में ले लिया। सीओ अजय वर्मा, थानाध्यक्ष राजेश राय ने जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**भाई-भाभी की हो चुकी है मृत्यु**

सांचेलाल के भाई रामतीरथ और भाभी सीमा की मृत्यु हो चुकी है। दोनों के चार बच्चों में काजल, सोनम, बादल सांचेलाल के पास रह रहे हैं, जब कि रामतीरथ का बड़ा पुत्र विशाल हैदराबाद में नौकरी करता है। इस समय भी विशाल हैदराबाद में है।

# केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण सेमीनार में औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश द्विवेदी ने उप्र का किया प्रतिनिधित्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण सेमीनार में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए फर्रुखाबाद/कन्नौज के औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश द्विवेदी ने प्रतिभाग किया। सेमीनार में डॉ. द्विवेदी ने औषधि एवं कास्मेटिक प्रोडक्ट (सौंदर्य प्रसाधन) के निर्माण एवं उसके इस्तेमाल के संबंध में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये गये। इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एण्ड फैमली वेलफेयर तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान द्वारा संयुक्त रुप से नई दिल्ली में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन हुआ। देश भर के सहायक औषधि आयुक्तों, औषधि निरीक्षकों एवं ड्रग कंट्रोलरों ने प्रतिभाग किया। डॉ. परमेश द्विवेदी ने सेमीनार को संबोधित करते हुए औषधि एवं कास्मेटिक प्रोडक्ट (सौंदर्य प्रसाधन) के निर्माण एवं उसके इस्तेमाल के संबंध में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि कास्मेटिक प्रोडक्ट की निर्माता कंपनियों की फैक्ट्रियों में निरीक्षण किया जाए, ताकि बाजार में प्रोडक्ट आने से पहले उसकी गुणवत्ता जांची जा सके। साथ ही निर्माण कम्पनियों के मालिक भी प्रोडक्ट की गुणवत्ता के प्रति सजग रहें।


सेमीनार को संबोधित करते डॉ. परमेश द्विवेदी

उन्होंने विदेशों से आयात होने वाले सौंदर्य प्रसाधनों की विशेष रुप से जांच कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**कंपिल,समृद्धि न्यूज।** शौच करने गई युवती को सरसों के खेत में ले जाकर मुस्लिम युवकों ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता की मां की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार के जेल भेज दिया। अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि पांच दिन पूर्व शाम उसकी बीस वर्षीय पुत्री खेतों में शौच करने गई थी। खेत पर पहले से मौजूद गांव के ही प्रधान का पौत्र महसीम, साथी जरशीद, तस्लीम व खुर्शीद युवती को सरसों के खेत में खींचकर ले गए। युवकों ने युवती के मुंह को बांधकर कपड़े उतार कर दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने युवती के साथ मारपीट की। युवती के शोर मचाने पर स्वजन मौके पर आ गए। स्वजनों के आने पर आरोपित युवक मौके से फरार हो गए। पीड़िता की मां की तहरीर पर चारों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पांच दिन बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर बुधवार सुबह एक आरोपित तसलीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी नितिन कुमार ने बताया एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य की तलाश की का रही है।


पुलिस हिरासत में आरोपी

# सूने घर से चोरों ने पार किये जेवरात व नकदी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शातिर चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवर और बच्चों की गुल्लक चोरी कर ली। गृहस्वामी अपनी पत्नी व बच्चों के साथ एक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला सधवाड़ा निवासी आलोक पुत्र नरेश चंद्र अपनी पत्नी के साथ मंगलवार शाम मोहल्ला छपट्टी स्थित अपनी ससुराल एक कार्यक्रम में गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने सोने का हार सेट, पांच अंगूठी, मंगलसूत्र और जंजीर सहित लाखों रुपये के जेवरात चुरा लिए। पीड़ित आलोक ने बताया कि चोर उनके बच्चों की गुल्लक भी ले गए। जिसमें लगभग 25 हजार रुपये नकद रखे थे। ज्वेलरी का सामान एक स्टील के पीपे में ताला लगाकर रखा था। जिसे चोरों ने तोड़ दिया। बुधवार सुबह जब आलोक अपनी पत्नी के साथ घर लौटे, तो उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ देखा। घर में चोरी देखकर वे भौंचक्के रह गए। इसी मोहल्ले में निवासी राघव गर्ग के मकान पर भी बाहर से ताला लगा हुआ था। चोरों ने उनके घर का ताला भी तोड़ दिया, लेकिन किसी की आहट पाकर वे चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे पाए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर सिंह ने बताया कि मौके का मुआयना किया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान

# दलित युवती से दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में दस वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने अनुपम सिंह उर्फ गोलू पुत्र प्रेमचंद्र निवासी रायपुर थाना नबावगंज को दलित युवती से दुष्कर्म के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष कारावास व 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के निवासिनी एक युवती ने न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि मै धानुका जाति की 24 वर्षीय महिला हूँ। मेरे पति प्राइवेट नौकरी करते हैं। मेरे गांव का अनुपम उर्फ गोलू मुझसे अक्सर छेड़छाड़ करता रहता है। यह बात मैंने अपने ससुरालीजन को बताई। उक्त घटना की शिकायत मेरे ससुर ने अनुपम के घर पर की। जिससे अनुपम मुझसे नाराज हो गया। 18 जुलाई 2022 को रात लगभग 11 बजे मैं अपने घर में बने शौचालय में गई थी, तभी अनुपम ने मुझे दबोच लिया। मुंह दबाकर जबरदस्ती गलत काम किया। मेरे शोर मचाने पर मेरे ससुर व देवर आदि लोग आ गए। मुझे अनुपम छोड़कर भाग गया। घटना की शिकायत नवाबगंज थाना पुलिस से की। कोई कार्यवाही न होने पर न्यायालय में याचिका दायर की। न्यायालय के आदेश से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अनुज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने अनुपम उर्फ गोलू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## खबरें एक नजर में

### गन्ना किसानों का प्रतिनिधिमंडल प्रशिक्षण के लिए शाहजहांपुर रवाना


हरी झंडी दिखाकर प्रतिनिधि मंडल को रवाना करते महाप्रबंधक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के पचास गन्ना किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को प्रशिक्षण के लिए शाहजहांपुर स्थित गन्ना शोध परिषद रवाना हुआ। यह दल चीनी मिल और गन्ना विकास परिषद द्वारा संयुक्त रूप से भेजा गया है। मिल परिसर से महाप्रबंधक ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतिनिधिमंडल को रवाना करते हुए चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक रमेश कुमार ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य किसानों को गन्ने की नई प्रजातियों और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की बारीकियों से अवगत कराना है। शोध परिषद में विशेषज्ञ किसानों को मिट्टी की जांच, बीज चयन और बुवाई की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देंगे। महाप्रबंधक ने कहा कि इस प्रशिक्षण से किसान अपनी आय बढ़ा सकेंगे। उन्नत तकनीक से गन्ने की पैदावार बढ़ने के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता भी सुधरेगी। जिससे चीनी मिल को भी पेराई के लिए उच्च कोटि का गन्ना उपलब्ध हो सकेगा। यह कदम किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस अवसर पर मुख्य गन्ना अधिकारी प्रमोद यादव, सचिव अशोक कुमार और गन्ना सुपरवाइजर भी मौजूद रहे।

### मार्ग दुर्घटना में घायल हुए दो लोगों ने तोड़ा दम

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव रुखैया खालिक दादपुर निवासी नमन पुत्र जितेंद्र की बुधवार सुबह 8:00 बजे मृत्यु हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि 21 मई 2025 को मेरा पुत्र नमन बाइक द्वारा अलीगंज बाजार करने जा रहा था कि तभी अमरोली पेट्रोल पंप के पास पीछे से फोर व्हीलर वाहन चालक ने टक्कर मार दी थी। जिससे मेरा पुत्र नमन गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस संबंध में थाना अलीगंज जिला एटा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। घायल नमन का दो माह कानपुर मे इलाज चला। इसके बाद वहां से दिल्ली ले गए। दिल्ली से 14 जनवरी को छुट्टी करवा कर नमन को घर ले आए थे। बुधवार सुबह 8:00 बजे अचानक नमन की मृत्यु हो गई। वहीं बुधवार को मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला लाहौरी निवासी घनश्याम 32 वर्ष पुत्र रामशरन की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई उपेंद्र ने थाने में दर्ज कराई सूचना में कहा है कि 12 जनवरी को मेरा भाई घनश्याम ऑटो से बेवर जिला मैनपुरी गया था। बेवर कस्बा में अज्ञात रोडवेज बस चालक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे मेरा भाई घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार हेतु मैनपुरी ले जाया गया था। मैनपुरी से सैफई के लिए रेफर कर दिया गया था। सैफई से छुट्टी करवाकर फर्रुखाबाद आवास विकास स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी उपचार के दौरान बुधवार 11:00 बजे मृत्यु हो गई। मेरापुर थाना प्रभारी राजीव पांडेय ने बताया कि दोनों मृतकों के परिजनों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों के आधार पर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ भेज दिया गया।

# बार काउंसिल चुनावः 886 अधिवक्ताओं ने डाले वोट


मतदान करने के लिए लाइन में लगे अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार काउंसिल ऑफ उ.प्र. के सदस्य पद के चुनाव के लिए दूसरे दिन 886 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली। पहले दिन 1648 मतों में कुल 531 वोट पड़े थे, जबकि दूसरे दिन 886 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल मिलाकर दोनों दिन 1648 में 1417 मत पड़े। बुधवार को बेरीकेडिंग की व्यवस्था की गयी थी। अधिवक्ताओं ने बेरीकेडिंग के अंदर लाइन लगाकर मतदान का प्रयोग किया। बैरिकेडिंग के बाहर प्रत्याशियों के समर्थक तख्तियां लेकर खड़े थे और अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे थे। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिसमें पुलिस के अलावा पीएसी भी तैनात की गयी थी। मतदान निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र सचान की देखरेख में संपन्न हुआ। मतदान को लेकर कचहरी में पुलिस के अलावा पीएसी भी तैनात की गयी थी।

# वैष्णव अखाड़े में तीन संतों को मिली महंत की पदवी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा तट पर आयोजित मेला श्रीराम नगरिया में वैष्णव संप्रदाय के अखाड़े में तीन संतों को महंत की पदवी प्रदान की गई। यह पदवी लगभग सात वर्षों तक ब्रह्मचारी जीवन जीने, लगातार आराधना और विभिन्न नियमों का पालन करने के उपरांत दी गई है।

अखिल भारतीय श्री पंच तेरा भाई त्यागी वैष्णव संप्रदाय अखाड़ा में बुधवार शाम को यह महंती प्रदान करने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की तैयारियां सुबह से चल रही थीं। जिसमें 1000 से अधिक श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद भी तैयार किया गया। अखाड़ा अध्यक्ष महंत मोहनदास महाराज की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में संत सूरज दास, संत भोला दास और संत उपेंद्र दास को महंत की पदवी दी गई।


पदवी मिलने के बाद महंतों को आशीर्वाद देते संतगण

इस प्रक्रिया के दौरान उन्हें तिलक लगाया गया। माला पहनाई गई और धार्मिक मंत्रों का उच्चारण किया गया। अखाड़े से जुड़े दर्जनों वरिष्ठ साधु-संत भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। लगभग एक घंटे तक विधि-विधान से पूजन के बाद तीनों संतों को यह पदवी प्रदान की गई। अखाड़े के अध्यक्ष मोहनदास महाराज ने बताया कि कोई भी साधु या संन्यासी जो 5 से 7 वर्ष तक निस्वार्थ भाव से प्रभु की आराधना करता है, ब्रह्मचर्य जीवन का पालन करते है और अखाड़े के नियमों का अनुसरण करते हैं, उसे अखाड़े की समिति द्वारा महंत की पदवी देने का निर्णय लिया जाता है। उन्होंने नव.नियुक्त महंतों को जन सामान्य की सेवा, गुरु मूर्तियों की सेवा, धर्म के संरक्षण और प्रचार का संदेश दिया। साथ ही यह भी कहा कि प्राप्त धन को भी जनसेवा में समर्पित किया जाए।

# बीडीओ ने सचिवों को पढ़ाया कर्तव्यनिष्ठा का पाठ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय पर साप्ताहिक बैठक में विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत के सचिवों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया।

नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान ने साप्ताहिक बैठक में ग्राम पंचायत के सचिवों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। जिसमें समीक्षा के दौरान विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने सभी ग्राम पंचायत के सचिवों से मुख्यमंत्री आवास रिचेकिंग तथा क्राफ्ट सर्वे फैमिली आईडी फार्मर रजिस्ट्री अन्नपूर्णा भवन सहित सभी विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को बताया कि जिन-जिन के क्षेत्र में अन्नपूर्णा भवन नहीं बने हैं वह तत्काल अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार करें, जिसकी शासन को रिपोर्ट सौंप जाए। वहीं फैमिली आईडी फार्मर रजिस्ट्री में 2 ग्राम पंचायत के सचिवों का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। जिसके लिए उन्होंने सम्मानपूर्ण प्रशस्ति पत्र देने के लिए पत्र भेजा है।


बैठक लेते बीडीओ

जिसमें ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार का नाम प्रथम स्थान पर भेजा है। जिससे कि उच्च अधिकारियों के द्वारा उनका सम्मान पत्र दिया जाएगा तथा सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए विकास खंड अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई का भी कार्य पूर्ण हो गया है। आज वह किसी कारण बस मीटिंग में नहीं आ पाए हैं। जब वह कार्यालय पर आएंगे तो उनके नाम पर भी विचार विमर्श किया जाएगा और नाम भेजा जाएगा।

इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास विभाग सुखदेश कुमार, एडीओ एग्रीकल्चर रविंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, मोतीलाल यादव, सुनील कुमार गौतम, प्रवीण कुमार, कुलदीप राजपूत, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश एकाउंटेंट, प्रवीण गौतम वरिष्ठ लिपिक, आलोक दीक्षित कनिष्ठ लिपिक, राज भारती सहित सभी कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

## योगीराज में गरीब को नहीं नसीब हुआ आशियाना

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** योगीराज में आज भी कई ऐसे गरीब परिवार हैं जिन्हें छत नसीब नहीं है, वह खुले आसमान के नीचे पॉलीथिन तानकर अपने परिवार के साथ अपनी गुजर बसर कर रहे हैं। विकास खंड मोहम्मदाबाद थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव देवसनी निवासी रामनरेश पुत्र लीलाधर राजपूत अपनी पत्नी सरस्वती, 7 वर्षीय पुत्र गगन व 5 वर्षीय पुत्र मगन एवं 2 वर्षीय पुत्री गायत्री के साथ पॉलिथीन की झोपड़ी में रहकर गुजर बसर कर रहे हैं। इनके पास रहने के लिए इसके अलावा और कोई जगह नहीं है। खुले आसमान में चूल्हे पर इनके घर का खाना पकाया जाता है। रात को जमीन पर सोते हैं। गगन व मगन गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। रामनरेश मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। जब ग्राम प्रधान अशोक कुमार से बात की गई तो, उन्होंने बताया कि हमने रामनरेश से कई बार कहा कि अपनी पत्नी का आधार कार्ड मुझे दो, लेकिन इन्होंने आधार कार्ड नहीं दिया है। इस कारण यह आवास से वंचित हैं।


पॉलीथिन की झोपड़ी के पास खड़ा पीड़ित परिवार

# बघार पुल के पास खेत में पड़ा मिला युवक का शव

**राजीव के रूप में हुई मृतक की शिनाख्त**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मंझना मार्ग स्थित बघार पुल के पास बुधवार सुबह करीब 7 बजे एक खेत में युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक की पहचान जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर के मोहल्ला नौसारा निवासी राजीव (39) पुत्र धर्मपाल के रूप में हुई।

वह पेपर बांटने का काम करते थे। उनकी जेब से मिले पर्स से यह पहचान संभव हुई। युवक की बाइक भी मंझना पुल के नीचे पड़ी मिली। सुबह खेत गए लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही एसआई रामसिंह, कांस्टेबिल हर्षित चौहान, अनिल शर्मा और कमल गंगवार मौके पर पहुंचे।


मृतक का फाइल फोटो

पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मृतक राजीव के परिवार में उनकी पत्नी पंखी देवी, पुत्री गुनगुन (18) और पुत्र आर्यन (16), सूर्यांश (13), शिवांश (8), तनिष (5) हैं। राजीव नवाबगंज बाईपास पर अपने दोस्त छोटे लाला के ढाबे के उद्घाटन में शामिल होने आए थे। रात करीब 8 बजे वह घर के लिए निकले थे। जब राजीव घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों ने रात में ही उनकी तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# बालू लेकर जा रहे डंपर ने किसान को कुचला, मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अवैध बालू खनन में शामिल तेज गति से जा रहे डंपर ने किसान को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस दौरान चालक बालू से भरे डंपर को लेकर मौके से फरार हो गया। उत्तेजित ग्रामीणों ने बली पट्टी पुल पर इस घटना के विरोध में जाम लगा दिया। जिससे एक दर्जन से अधिक बालू से भरे डंपर फंस गये।

जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर के ग्राम आसमपुर मंझा निवासी 35 वर्षीय विजय उर्फ कल्लू पुत्र सुरेन्द्र घर से दुकान पर पान मसाला लेने गया था, जब वह वापस घर की ओर आ रहा था, तभी बालू से भरे तेज गति से आ रहे डंपर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं उत्तेजित ग्रामीणों ने बली पट्टी पुल पर यातायात रोंक दिया। बताया जा रहा है कि बड़े पैमाने पर बालू खनन में शामिल ओवरलोड डंपर अन्य वाहनों के साथ फंस गये है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बालू खनन करने वाले दलवीर सिंह बाजबा व दलजिंदर सिंह बाजबा से कई बार हम लोगों ने निवेदन किया कि गांव के सामने से डंपर धीरे से निकालो, तो उन्होंने धमकी दी कि हमारी मर्जी, जहां कहीं शिकायत करनी है कर लो। मौके पर जिला पंचायत सदस्य अजय चौहान उर्फ लल्ला भी मौके पर पहुंच गये और उन्होंने दुखी परिवार को ढांढस बंधाया और कार्यवाही कराने का पूरा भरोसा दिया। मौके पर कस्बा अमृतपुर चौकी इंचार्ज राहुल भी पहुंच गये। मृतक के चार पुत्र व एक पुत्री व पत्नी मीरा का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक प्रशासनिक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।


रोते बिलखते मृतक के परिजन व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल, लोहिया रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम भीकमपुर निवासी आमिर अपनी बाइक से ग्राम अमानाबाद कमालगंज स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। शेखपुर गुमटी के पास सामने से आ रही एक अनियंत्रित पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आमिर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से घायल आमिर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचाया। सीएचसी कमालगंज में तैनात डॉ0 विकास पटेल ने आमिर का प्राथमिक उपचार किया। डॉ0 विकास पटेल ने बताया कि आमिर के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पहरिजन व ससुराल पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे।

# सड़क सुरक्षा के तहत एमआईसी में प्रतियोगितायें संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुभाष राजपूत तथा जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा विद्यालय में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। प्रतियोगिता में पूरे जनपद के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसकी देखरेख ले0 प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर ने की। संचालन डॉ. दिनेश चन्द्र ने किया। छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता सम्बन्धी पोस्टर, भाषण तथा लघु नाटिका प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में सहायक संभागीय



प्रतियोगिता में मौजूद विजेता व अधिकारी

परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुभाष राजपूत मुख्य अतिथि/मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भाषण, चित्रकला तथा लघु नाटिका प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि सुभाष राजपूत तथा निर्णायक मंडल ने संयुक्त रूप से सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

भाषण प्रतियोगिता में रखा बालिका इंटर कॉलेज की आयशा प्रथम स्थान पर, दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर की पल्लवी अग्निहोत्री द्वितीय स्थान पर, जबकि रस्तोगी इंटर कॉलेज के सक्षम पांडेय तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की ललिता कुशवाहा प्रथम स्थान पर, डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखिरिया की जैनब द्वितीय स्थान पर, जबकि मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की कुमारी जेसिका तृतीय स्थान पर रही। लघु नाटिका में प्रथम स्थान पर नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की नव्या, सृष्टि मिश्रा व वैष्णवी की टीम, द्वितीय स्थान पर म्युनिसिपल इंटर कॉलेज के हर्षवर्धन, आलोक सिंह चौहान, सूरज तथा वंश की टीम तथा डीपीएस इंटर कॉलेज मूसाखरिया के प्रशांत, आयुष व सोनी की टीम तृतीय स्थान पर रही। तीनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 31 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में पुरुस्कृत किया जायेगा। प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने सभी को बधाई दी। सुभाष राजपूत ने ट्रैफिक नियमों के पालन करने के निर्देश दिये। निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर डॉ0 शालिनी सिंह, प्रधानाचार्या डॉ. नीतू मसीह तथा अध्यापिका राधा कटियार ने निभाई। इस अवसर पर शिक्षक मयंक रस्तोगी, अशोक कुमार कठेरिया, प्रदीप कुमार जायसवाल, अरविंद कुमार, विश्व प्रकाश, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी का जनपद में हुआ स्वागत

## मेला श्रीराम नगरिया का लिया जायजा, राजीव पाठक रहे मौजूद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने मेला श्रीराम नगरिया में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। गंगा गाय एवं वैदिक संस्कृति में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि गाय माता है, पूरा देश गाय का सम्मान करता है।

हम सबका दायित्व है कि गऊमाता की सेवा करें और उन्होंने वैदिक संस्कृति पर विचार रखें। साथ ही महंत सत्यगिरी महाराज एवं अन्य साधु संतों से आशीर्वाद लिया। उनके आगमन के दौरान सूरज ग्रुप के चेयरमैन डॉ. राजीव कुमार पाठक ने अपने जमापुर स्थित सूरज हॉस्पिटल में साथियों के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया और उनके साथ मेला प्रांगण में मौजूद रहे। रजनी तिवारी का रामनगरिया मेला में फूल मालाओं एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जनपद में जगह-जगह उनका स्वागत हुआ। राजेश मिश्रा टिन्कू, रामखिलावन मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय के अलावा सभी डाक्टर एवं नर्सों ने भी रजनी तिवारी का स्वागत किया।



उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी के साथ डॉ. राजीव पाठक

# 26 जनवरी को गाजे-बाजे के साथ निकलेगी वंदेमातरम यात्रा: विमलेश मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी नेता सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में वंदेमातरम यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली जायेगी। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा सोमवार 26 जनवरी को पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से शुरु होकर शहर के मुख्य मार्ग होती हुई स्वराज कुटीर तक निकलेगी, जहां समापन होगा। हिन्दुत्व की विशाल यात्रा में शहर के अलावा जनपद से भी लोग यात्रा में शामिल होंगे। नेता सुभाष चन्द्र बोस की झांकी, भारत माता की झांकी व हाथों में तिरंगा लिये केसरिया साफा डालकर वंदेमातरम यात्रा में लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी होंगे। विशिष्ठ अतिथि शिव शक्ति अखाड़ा के प्रमुख मधुराम शरण शिवा महाराज होगें। शहर के पाण्डेश्वर नाथ मंदिर से यात्रा शुरु होकर रेलवे रोड होती हुई चौक से घुमना, लाल सराय, लालगेट से गुजर कर स्वराज कुटीर में समापन होगा। जहां लोग विचार व्यक्त करेंगे और नेता सुभाष चन्द्र बोस पर अपने विचार प्रकट करेगें।



युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा

# किसान संगोष्ठी में मिट्टी जांच व जैविक खेती की दी गई जानकारी



गोष्ठी में मौजूद अधिकारी एवं पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

किसान संबंधी एक संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिसमें किसानों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र पुठरी मोहम्मदाबाद में आयोजित हुआ। जिसमें 75 जनपद एक किसान के मुद्दे पर वार्ता कर योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के निदेशक डॉ अरविंद मिश्रा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ0 अरविंद कुमार, पशुपालन वैज्ञानिक डॉ0 महेंद्र, पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन, इफको और संभल के प्रमुख आदि उपस्थित रहे। कृषि निदेशक डॉ0 अरविंद मिश्रा ने किसानों को जागरूक करते हुए प्राकृतिक खेती, सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ0 अरविंद कुमार ने मक्का और आलू की नई किस्मों को प्रयोग करने तथा उर्वरकों के संतुलित प्रयोग के बारे में बताया। डॉ0 अभिमन्यु यादव ने कीटों के प्रकोप से बचाव हेतु बचाव किसानों से साझा किए। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने मृदा प्रदूषित होने के कारण और मिट्टी जाँच, जैविक खेती के महत्व को बताया तथा कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर रंगीन झालरों से सजेगें सरकारी भवन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 जनवरी को सम्पन्न हुई बैठक में लिये गये निर्णयानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतन्त्र दिवस समारोह, 26 जनवरी के पर 25 व 26 जनवरी की रात्रि में कलक्ट्रेट, तहसीलों एवं नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतों तथा सरकारी, गैर सरकारी विभागों के भवनों को विभागीय अधिकारियों द्वारा लाल, सफेद एवं हरे रंग की झालरों से प्रकाशित किया जायेगा।



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

## 10 फरवरी से बच्चों व किशोरों को खिलाई जायेगी एल्बेंडाजोल टेबलेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस हेतु जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 10 फरवरी को 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई जाएगी, सभी कार्य टाइमलाइन के अनुसार हो रहे है। डीएम ने निर्देशित किया कि 05 फरवरी तक सभी जगह दवा पहुंचा दे, आंगनवाड़ी, ए.एन.एम. बी.आर.सी. के माध्यम से सभी स्कूलों में नोडल बनाकर दवा उपलब्ध करा दे, सभी कार्यो की रिपोर्टिंग पोर्टल पर टाइमलाइन के अनुसार करे। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित मौजूद रहे।

# इग्नू के जनवरी सत्र में अग्निवीरों के लिए स्नातक प्रवेश शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में इग्नू अध्ययन केन्द्र 2729 में सत्र जनवरी 2026 प्रवेश प्रारम्भ सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कला स्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, लोकप्रशासन, समाजशास्त्र, उर्दू, संस्कृत आदि विषयों में प्रवेश लिया जा सकता है। इनके अतिरिक्त सामान्य कला एवं वाणिज्य विषयों में के बारे में भी जानकारी दी गयी। परास्नातक विषयों में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, लोकप्रशासन, समाजशास्त्र, ग्रामीण विकास आदि के अलावा पी.जी. डिप्लोमा और सर्टिफिकेट डिग्री पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जा सकता है। इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ0 आर.एन. सिंह ने बताया कि इग्नू में जनवरी 2026 सत्र के लिए प्रवेश आरम्भ हो चुके हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 31 जनवरी है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने तीनों रक्षा सेनाओं में सेवारत अग्निवीरों के कौशल और सम्बधित ज्ञान को बढ़ाने के लिये कौशल आधारित कला स्नातक, वाणिज्य स्नातक, विज्ञान स्नातक, पर्यटन प्रबन्धन में आदि कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। इसके अलावा अग्निवीर डिग्री अथवा डिप्लोमा कार्यक्रम भी पूर्ण कर सकते हैं। संचालन वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने किया।

वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता प्रियांशु सिन्हा ने बताया कि स्नातक स्तर पर और स्नातकोत्तर स्तर पर एवं प्रमाण पत्र कार्यक्रम 6 माह सरकारी एवं अर्ध सरकारी, छात्र-छात्राएं एवं घरेलू महिलायें भी इग्नू बेबसाईट पर जाकर लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. पंचम कुमार, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉ. मो0 अमीन, सरस पाठक, वीरभान सिंह, अनामिका मिश्रा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रशांत कुमार उपस्थित रहे। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह ने छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफका आभार प्रकट किया।



इग्नू के बारे में जानकारी देते प्राध्यापक

# वेद ईश्वर की वाणी है: चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि वेद ईश्वर की वाणी है, परमपिता परमात्मा ने सृष्टि के आदि में मनुष्यमात्र के कल्याण के लिए चार ऋषियों के अंतःकरण में वेदों का ज्ञान दिया। वेद ईश्वर का संविधान है, जैसे किसी देश के संविधान का पालन करने वाला व्यक्ति उस देश का श्रेष्ठ नागरिक कहलाता है, ऐसे ही ईश्वरीय संविधान वेद की आज्ञा का पालन करने वाला मनुष्य भगवान की कृपा को प्राप्त करता है। जब लोग अविद्यान्धकार में भटक रहे थे उस समय महर्षि दयानन्द सरस्वती ने कहा था कि वेदों की ओर लौटो। वेद की प्रशंसा करते हुए आर्य समाज के तीसरे नियम में लिखा कि वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यो का परम धर्म है। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने बताया कि जहां वेद नहीं होते वहीं वेदना होती है। संस्कृत व्याकरण के आधार पर वेद शब्द चार धातुओं से बना है-विद् सत्तायाम्, विद् ज्ञाने, विद् विचारणे, विद्-लाभे, जिसका अर्थ होता है। कु0 मनीषा आर्या, कु0 श्रुतिकार्ति आर्या एवं पण्डित शिवनारायण आर्य ने वेद महिमा एवं ईश्वर महिमा के भजनों एवं उपदेशों से श्रोताओं को वेद के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। स्वामी महेन्द्रानंद ने मंच का संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ. सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, उपासना कटियार, उदिता आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।





प्रवचन करते आचार्य

## मेला श्रीराम नगरिया में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



शोभायात्रा में मौजूद जिलाध्यक्ष व बच्चा स्वामी अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्रीरामनगरिया में महेंद्र श्री 108 शिव स्वरूप बच्चा स्वामी के पंडाल से भव्य शोभायात्रा निकली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में साधु-संतों ने भाग लिया। वहीं शोभायात्रा में पूर्व विधायक अरविंद प्रताप, भाजपा जिलाअध्यक्ष फतेहचंद वर्मा, राकेश सिंह राठौर, अभय कठेरिया ने भाग लिया। शोभायात्रा रामनगरिया के पूरे क्षेत्र में निकाली गई। इस दौरान ब्रह्मचारी बच्चा स्वामी अखाड़ा, उमेश चंद्र बाजपेई, बच्चा स्वामी, अखाड़ा स्वामी नरेंद्र महाराज, सर्वेश आश्रम दंडी स्वामी, विनोद आश्रम दंडी स्वामी मौजूद रहे।

# बहुजन समाज पार्टी ने की एसआईआर की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी द्वारा भोजपुर विधानसभा के सेक्टर नहरैया के बूथ संख्या 116 की समीक्षा मुख्य अतिथि जितेन्द्र शंखवार मुख्य मण्डल प्रभारी कानपुर मण्डल एवं विजय भास्कर मण्डल संयोजक ने की।

बहुजन समाज पार्टी चली बूथ पर जांच की एसआईआर की प्रगति रिपोर्ट एवं बीएलए को निर्देश दिये। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती के निर्देशानुसार बूथ स्तर पर जाकर एसआईआर की समीक्षा की और नए वोट बनबाने के निर्देश दिये। इस मौके पर कानपुर मण्डल के मुख्य मण्डल प्रभारी जितेन्द्र शंखवार व मण्डल संयोजक विजय भास्कर ने विधानसभा 195 भोजपुर में बूथ पर जाकर एसआईआर की समीक्षा की और मतदाता सूची का अवलोकन किया।जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, सुरजीत बाबू, शिवकुमार गौतम, सर्वेश भारती, आरडी बौद्ध, देव नारायन, सीताराम गौतम, प्रेमसागर दिवाकर, शब्बीर मंसूरी, अरुण त्रिवेदी, विजेन्द्र चतुर्वेदी, शिवशरन कटियार, रूपलाल वर्मा, दौलतराम बौद्ध, शैलेन्द्र गौतम, मनोज सत्यार्थी, अनिल गौतम, देव कठेरिया, रामदास, रामकिशन, रामप्रसाद आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद बसपा नेता

# 23 जनवरी को सायं 6 बजे किया जायेगा ब्लैकआउट



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रमुख सचिव उ0प्र0शासन, नागरिक सुरक्षा अनुभाग के आदेश के क्रम में 23 जनवरी को समय सांय 6 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिवस पर जनपद में कार्यालय अग्निशमन केन्द्र के परिसर में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। मॉकड्रिल हेतु कार्यवाही की जायेगी। जिसमें हवाई हमलें की चेतावनी हेतु 02 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन ध्वनित किया जायेगा। सायरन ध्वनित होते ही कार्यालय अग्निशमन केन्द्र के आस पास क्षेत्रों की विधुत व्यवस्था बाधित कर ब्लैक आउट किया जायेगा। सायरन ध्वनित होने पर नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थान पर शरण लिया जायेगा। हवाई हमला का खतरा समाप्त होने पर आल क्लियर ध्वनि में 02 मिनट तक ऊंची आवाज में सायरन ध्वनित किया जायेगा। हवाई हमलें की चेतावनी समाप्त होने के उपरान्त नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझानें हेतु फायर एक्सटिंगुशर का प्रयोग तथा फायर सर्विस द्वारा बडी आग बुझाने हेतु फायर टेंडर वेहिकल का प्रयोग किया जायेगा। हमलें के दौरान घायल हुए लोगों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की जायेगी। ध्वस्त/क्षतिग्रस्त बिल्डिंगों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जायेगा। गंभीर रूप से घायल लोगों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जायेगा। मॉक ड्रिल समाप्ति की घोषणा की जायेगी। इस संदर्भ में नगर मजिस्ट्रेट प्रभारी अधिकारी ने जानकारी दी है।

# कांशीराम महाविद्यालय में यातायात नियमों संबंधित गोष्ठी सम्पन्न





विचार रखती छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत महाविद्यालय में यातायात नियमों सम्बंधित गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने तथा इन नियमों से अपने आसपास, परिवार, निकट संबंधियों को जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण की। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं में प्रज्ञा, अंकिता चौधरी, राजन कुमार, सोनाली दुबे, सौम्या चौहान, काजल, बबली, अमित कुमार, अल्ताफ, आकृति, अनुष्का, राजन आदि रहे। प्राचार्य डॉ.कल्पना सिंह तथा सड़क सुरक्षा प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम कराये गए। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. शालिनी, डॉ. महेश कुमार, डॉ. अनामिका सक्सेना, डॉ. प्रियांशु गुप्ता एवं डॉ. अमित कुमार ने निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में किशन पाल, राजेश उपस्थित रहे।

# जनपद में स्थापित होगी रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति: प्रमोद लोधी



दयाशंकर लोधी के साथ राना सरकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सबका दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी के साथ पूर्व विधानसभा भोजपुर प्रत्याशी रहे दयाशंकर लोधी का जनपद आगमन हुआ। स्वतंत्र इंडियन लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह राना सरकार के कार्यालय पर पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान क्रांतिकारी शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापना के लिए हर संभव जन सहयोग देने के लिए आम राय बनी। उन्होंने कहा कि इस चर्चा में सांसद मुकेश राजपूत के द्वारा जिस प्रकार समाज की कुलदेवी के रूप में क्रांतिकारी शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति स्थापना पर नाला खुदवा कर विरोध करना इनकी राजनीति का समापन का कारण बनेगा और जनपद की चारों सीटों पर 2027 में भाजपा असहाय दिखेगी। राना सरकार ने कहा कि सभी लोगों का जन समर्थन मिल रहा है। हस्ताक्षर अभियान जारी है। शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति की स्थापना हर हाल में होकर रहेगी, जितना समय लगेगा उतना ही विरोधियों का पतन तय होता जा रहा है।

## वैदिक संस्कृति गोष्ठी में उच्च शिक्षा मंत्री ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट स्थित मां गंगा तट पर लगे मेला श्रीराम नगरिया के तात्विक आयुर्वेद, संस्कृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित गंगा, गाय एवं वैदिक संस्कृति विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी सम्मिलित हुई और अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत सत्यगिरि महाराज ने की। इस अवसर पर जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष हरदोई सौरभ मिश्रा, विपिन शुक्ल, रिमझिम साइकिया, डॉ0 रजनीश त्रिपाठी, अनिल द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, राजेश मिश्रा टिंकू, डॉ0 राजीव पाठक, रामखिलावन मिश्रा एवं अन्य उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के किसानों की समस्याओं से सम्बन्धित 14 सूत्रीय मांग पत्र सीडीओ को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि जनपद का एक बड़ा क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित रहा है, उसी बाढ़ से प्रभावित ग्राम पंचायत बिलबलपुर के सभी मजरे और कटरी धर्मपुर के मजरे है। जिसमें ठटा की मड़ैया आदि तो बाढ़ से पूरी तरह से तहस नहस हो गई है। गांव पूरी तरह से कट गए हैं। जहां पर गांव बसा हुआ था वहां पर गंगा जी की तेज धार चल रही है और इन गांव में पिछले 6 माह से ना तो लाइट है और ना ही उनकी जीविका के लिए प्रशासन ने कोई काम किया है। उनके खेत भी पूरी तरह से गंगा जी में समा गए हैं। शहर से जो नाला निकले हैं हैबतपुर गढ़िया की तरफ सोत नगला की तरफ हमिलपुर की तरफ और रामपुर ढपरपुर की तरफ उन नालों को प्रशासन जल्द से जल्द पक्का कराए, यदि ऐसा नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन टिकट उन्नाव को बरसात से पहले ही बंद कर देगी। तहसील कायमगंज के ग्राम पंचायत अतग्गापुर के मजरा नगला के निवासियों के लिए अभी तक पक्की सड़क नहीं बन पाई है, जिसको लेकर गांव वासियों में रोष है। वहीं भाकियू नेता मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आशा बहुओं द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। अजय कटियार ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ी चल रही, लिंजीगंज अस्पताल के में संविदा कर्मी और सफाई कर्मी प्रशव कराती है उसके बाद कमीशन के चक्कर में नवजात शिशु को खुद की स्कूटी पर उसके पिता के साथ जाकर एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराती है, जब निजी नर्सिंग होम में देने के लिए गरीब परिवार के पास रुपए नहीं बचते हैं। मुख्य दोषी लिंजीगंज अस्पताल की आया दीप त्रिपाठी और सफाई कर्मी है। इनकी कमेटी बनाकर जांच होनी चाहिए और इन पर उचित कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने एसीएमओ डॉ0 सर्वेश यादव को मौके पर किसानों के बीच बैठकर की गई। इस अवसर पर अरविंद शाक्य, छविनाथ शाक्य, गोपी शाक्य, सुबोध यादव, अभय यादव, मुकेश शर्मा, अरविंद गंगवार, संजीव यादव, सुशील दीक्षित, पुजारी कटियार, राजेश गंगवार, गुड्डू यादव, कश्मीर गंगवार, शिवराम शाक्य, टिंकू यादव, विजय सिंह शाक्य उपस्थित रहे।



आशा बहुओं के साथ धरने पर बैठे भाकियू नेता

## खबरें एक नजर में

### मेधावी छात्राओं को स्टडी टेबल किट का वितरण



मितौली, खीरी। जिलाधिकारी खीरी के निर्देशानुसार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत न्याय पंचायत मितौली के उच्च प्राथमिक विद्यालयों से चयनित प्रति विद्यालय छह मेधावी छात्राओं को पीएम श्री विद्यालय रतहरी में स्टडी टेबल किट वितरित की गई। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव एवं पीएम श्री विद्यालय रतहरी के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह ने छात्राओं को किट प्रदान की। इस अवसर पर बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में एआरपी अनिल कुमार गौड़, पल्लवी मिश्रा, श्वेता मिश्रा, नीलम सिंह, पूर्णिमा कैथवार, उत्तम वर्मा, रोहित कुमार, राजेश वर्मा, सुधीर वर्मा, जसकरन लाल, संकुल शिक्षक महेश कुमार, विशिष्ट शिक्षक रामनिवास वर्मा, अभिषेक सिंह, अनिल कुमार, राहुल यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी मुनेश कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा।

### अचानक गिरी कच्ची-पक्की दीवार, एक गाय की मौत, भैंस गंभीर, कई अन्य घायल



मितौली (खीरी)। मितौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढकिया कुस्तौल के मजरा जलालपुर निवासी पं. वेद प्रकाश मिश्र के घर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। घर परिसर में बनी कच्ची व पक्की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे वहां बंधे मवेशी मलबे के नीचे दब गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पूरे इलाके में चीख-पुकार गूंज उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दीवार गिरते ही तेज आवाज हुई, जिससे परिजन घबरा गए। दीवार के नीचे बंधी एक गाय की मौके पर ही दबकर मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। भैंस की हालत नाजुक बताई जा रही है। इसके अलावा कई अन्य मवेशियों को भी चोटें आई हैं। अचानक हुई इस घटना से पशुपालक परिवार गहरे सदमे में है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों और परिजनों ने मिलकर काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाया और दबे हुए मवेशियों को बाहर निकाला। घायल मवेशियों को प्राथमिक उपचार दिया गया, वहीं गंभीर रूप से घायल भैंस की देखरेख स्थानीय स्तर पर की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि दीवार काफी पुरानी थी और हाल के दिनों में मौसम में आए बदलाव के कारण उसकी मजबूती कमजोर हो गई होगी, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना की जानकारी संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने तथा घायल मवेशियों के समुचित उपचार की व्यवस्था कराने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक मृत गाय का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

### उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प



निघासन खीरी। उद्योग व्यापार मंडल निघासन की कार्यकारिणी का विस्तार बुधवार को आयोजित एक बैठक के दौरान किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय व प्रभावी बनाने, व्यापारी हितों की मजबूती से रक्षा करने तथा व्यापारियों की एकजुटता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कोषाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, महामंत्री सनी चानी, मुख्य अतिथि प्रांतीय सदस्य अशोक चौबिया, विशिष्ट अतिथि दामोदर प्रसाद वर्मा तथा विशेष अतिथि समाजसेवी योगेश दीक्षित (मोनू) ने संगठन की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अतिथियों ने व्यापारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए अपने अनुभव साझा किए और मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष आफताब आलम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकिशोर मौर्य, उपमहामंत्री मुज्जम्मिल सिद्दीकी, उपाध्यक्ष आयुष पाण्डेय व मनीष वर्मा, मुख्य सलाहकार राजेन्द्र सिंह, मंडल मंत्री पिंटू, कनौजिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। उद्योग व्यापार मंडल निघासन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि विस्तारित कार्यकारिणी के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत, पारदर्शी व सक्रिय बनाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि व्यापारी हितों की रक्षा संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और इसके लिए पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए व्यापार, संगठन और समाज के सर्वांगीण विकास हेतु एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### यूपीसीए ट्रायल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण आज से

बांदा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से सत्र 2026-27 में आयोजित किए जाने वाले सभी क्रिकेट ट्रायल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 11 जनवरी से प्रारंभ होगी। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को यूपीसीए के आधिकारिक पंजीकरण पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कराना होगा। पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण होते ही प्रत्येक खिलाड़ी की विशिष्ट (यूनिक) पंजीकरण आईडी खुद तैयार हो जाएगी। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बाँदा के सचिव एवं यूपीसीए मीडिया कमेटी के सदस्य विकास कुमार शर्मा ने बताया कि पंजीकरण के दौरान खिलाड़ी को अपना नाम, पता, पिता का नाम, आयु, जनपद एवं आयु वर्ग से सम्बन्धित समस्त जानकारी ऑनलाइन भरनी होगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण शुल्क 400/- रुपये निर्धारित है, जिसका ई-चालान पोर्टल से ही प्राप्त होगा। ई-चालान की प्रति निकालकर खिलाड़ी को सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम, बाँदा में क्रिकेट कोचश्री शिव प्रताप सिंह के पास जमा करना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय खिलाड़ी को पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड तथा डिजिटल जन्म प्रमाणपत्र भी अपलोड करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मो 8960193855, 9453348494 में सम्पर्क करें।

### जम्मू कश्मीर के पहलवान शेरू ने नई दिल्ली के विशाल पहलवान को चारों खाने किया चित



बांदा। पैलानी तहसील अंतर्गत पड़ोहरा गांव के शंकर जी के स्थान पर आयोजित एकदिवसीय विशाल दंगल में पहुंचे पूर्व विधायक दलजीत सिंह के प्रतिनिधि नन्दू सिंह ,अभय सिंह परिहार, समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद निषाद ,पूर्व ग्राम प्रधान खटिहाकला लखन लाल मिश्रा, सब इंस्पेक्टर पैलानी प्रेमचंद ,बांदा प्रेस ट्रस्ट के विस्तारक महेश द्विवेदी समेत दो दर्जन से ज्यादा आगंतुकों को दंगल कमेटी के प्रबंधक राम बहादुर सिंह गौर , महामंत्री लोटन सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शुक्ला, लेखा निरीक्षक उमाशंकर सिंह ,अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, उपाध्यक्ष चंद्रपाल यादव, मंत्री कपूर सिंह, उपप्रबंधक वकील खां , उपकोषाध्यक्ष कृपा शंकर सिंह पहलवान, उप लेखा निरीक्षक राम रूप सिंह, संगठन मंत्री रोहित सिंह, संरक्षक राजन सिंह चंदेल आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा अतिथियों ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती प्रारंभ कराई। सबसे आकर्षक कुश्ती शेरू पहलवान जम्मू कश्मीर और विशाल पहलवान नई दिल्ली के बीच हुई कांटे की कुश्ती में शेरू पहलवान ने निकाल दांव लगाकर विशाल पहलवान नई दिल्ली को चारों खाने चित कर दिया वहीं नितिन पहलवान मथुरा ने टीटू पहलवान हांथरस को चारों खाने चित कर दिया। आशीष पहलवान सिसोलर ने लोचन पहलवान मथुरा को कला जंग दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया। विशाल पहलवान नई दिल्ली ने नितिन पहलवान मथुरा को पट दांव लगाकर चारों खाने चित कर दिया। आधा दर्जन कुश्तियां बराबर पर छूटीं। वही कमेंटेटर के रूप में रशीद खान और प्रेस ट्रस्ट के विस्तारक महेश द्विवेदी रहे,रैफरी कल्लू पहलवान पड़ोहरा रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश शिवहरे, अवधेश कुमार शुक्ला पंचायत मित्र, सुनील सिंह, जयराम सिंह गौर, जगमोहन सिंह पूर्व सभासद बांदा, शकील खान, अहमद खान, कल्लू पहलवान, अनुज शिवहरे, वीरेंद्र वर्मा, लालू वर्मा, मलखान निषाद, अनिल सिंह आदि सैकड़ों ग्रामीण कुश्ती कला में मौजूद रहे। वही कुश्ती में आए अतिथियों को संयोजक प्रकाश चन्द्र त्यागी ने आभार जताया है।

# छतौनिया गांव में चोरों का आतंक, दो घरों में लाखों की चोरी, दो अन्य घरों में प्रयास

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

थाना हैदराबाद क्षेत्र के छतौनिया गांव में बीती रात चोरों ने जमकर आतंक मचाया। बेखौफ चोरों ने जहां दो घरों में लाखों रुपये की ज्वेलरी और नगदी पर हाथ साफ किया, वहीं दो अन्य घरों में चोरी का प्रयास भी किया गया। एक ही रात में चार घरों को निशाना बनाए जाने से गांव में दहशत का माहौल है।



जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मोहम्मद सफीक पुत्र मोहम्मद जहीर के घर रात के समय परिवार के सभी सदस्य सोते रहे। इसी दौरान चोर घर में दाखिल हो गए और अलमारी के सभी लॉकर तोड़कर उसमें रखी कीमती ज्वेलरी व नगदी चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजन जागे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी टूटी देख उनके होश उड़ गए। इसी रात चोरों ने गांव निवासी हेमनाथ पुत्र हीरालाल के घर को भी निशाना बनाया। यहां से भी चोरों ने ज्वेलरी व नगदी चोरी कर ली। सुबह जब परिजनों ने ज्वेलरी के खाली पैकेट देखे तो परिवार में कोहराम मच गया और महिलाएं रोने-चिल्लाने लगीं। इतना ही नहीं, चोरों ने गांव के दो अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया। हालांकि किसी कारणवश वे वहां सफल नहीं हो सके, लेकिन दरवाजों व अलमारियों से छेड़छाड़ के निशान मिले हैं। इससे साफ है कि चोर पूरी तैयारी के साथ गांव में घुसे थे और बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।घटना की सूचना मिलते ही थाना हैदराबाद पुलिस सुबह मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस टीम ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, लेकिन खबर लिखे जाने तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका।इस संबंध में हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। फिलहाल पीड़ित परिवारों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। परिजनों ने बताया है कि वे अपने वकील से सलाह लेकर तहरीर तैयार कराएंगे। तहरीर मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय किसान यूनियन अमन संधू ने दिया आशा बहुओं के आंदोलन को समर्थन

बांकेगंज खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठी आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भारतीय किसान यूनियन अमन संधू का साथ मिला है। यूनियन के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुँचकर आशा बहनों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। यूनियन के नेताओं ने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की सबसे मजबूत कड़ी हैं। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में इनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। भीषण ठंड हो या मूसलाधार बारिश, ये कार्यकर्ता 24 घंटे निस्वार्थ भाव से सेवा में तत्पर रहती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सराहे जाने के बावजूद भारत में इन्हें सरकारी उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। आशा कार्यकर्ताओं को तत्काल राज्य कर्मचारी



का दर्जा दिया जाए। उन्हें सम्मानजनक न्यूनतम वेतन दिया जाए ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें। विभाग में व्याप्त विसंगतियों को दूर कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। भारतीय किसान यूनियन (अमन संधू) ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने जल्द ही मांगें पूरी नहीं कीं, तो संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आशा बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन करेगा। यूनियन ने इस लड़ाई को न्याय की लड़ाई करार दिया है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में बोर्ड परीक्षार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन



मितौली खीरी। जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को बोर्ड परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित गाइडेंस एंड कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम में प्रशिक्षु आईएएस एवं बीडीओ मनीषा धार्वे ने कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने परीक्षा को बोझ न मानने, तनाव से दूर रहकर तैयारी करने और पढ़ाई के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। अपने संघर्ष और सफलता के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने लक्ष्य तय कर नियमित मेहनत करने पर जोर दिया। संवाद सत्र में विद्यार्थियों के करियर से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए गए। कार्यक्रम का संचालन पीजीटी केमेस्ट्री नूपुर गोस्वामी ने किया, प्रभारी प्रधानाचार्य आर के सिंह सहित शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

## एसआईआर फार्म भरने के बावजूद ड्राफ्ट मतदाता सूची से सैकड़ों नाम गायब

- सभासद ने जिलाधिकारी से की जांच व कार्रवाई की मांग

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।

नगर पालिका परिषद लखीमपुर के वार्ड संख्या 26 मिश्रण से सभासद अनिरुद्ध त्रिपाठी ने मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। सभासद का कहना है कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बावजूद बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं के नाम वर्तमान ड्राफ्ट मतदाता सूची से गायब कर दिए गए हैं, जो अत्यंत गंभीर विषय है। सभासद अनिरुद्ध त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने 4



दिसंबर 2025 को अपने पूरे परिवार के एस.आई.आर. फॉर्म भरकर बीएलओ लक्ष्मी देवी को विधिवत जमा करा दिए थे। इसके बावजूद उनके परिवार के 11 सदस्यों के नाम वर्तमान ड्राफ्ट सूची में सम्मिलित नहीं किए गए हैं। इतना ही नहीं, उनके वार्ड के बूथ संख्या 270 के अंतर्गत लगभग 325 मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं पाए गए, जबकि ये सभी मतदाता वास्तविक और मूल वोटर हैं तथा उनके नाम 2024-2025 की अंतिम

> मामले से संबंधित जानकारी लेने के लिए जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी के सीयूजी नंबर पर फोन लगाया गया तो बताया गया कि मैडम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बिजी हैं।

मतदाता सूची में विधिवत अंकित थे। यही स्थिति बूथ संख्या 271 की भी है, जहां लगभग 225 मतदाताओं के नाम फॉर्म जमा किए जाने के बावजूद ड्राफ्ट सूची से बाहर कर दिए गए हैं। सभासद का कहना है कि यह लापरवाही किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे मतदाता पुनरीक्षण तंत्र पर सवाल खड़े करती है। उनकी व्यक्तिगत जानकारी के अनुसार, सभी फॉर्म बीएलओ द्वारा सुपरवाइजर पंकज तोमर को उपलब्ध करा दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जोड़े गए, जिससे संबंधित अधिकारियों की गंभीर लापरवाही उजागर होती है। अनिरुद्ध त्रिपाठी ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए कहा कि मताधिकार प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है और इस प्रकार सैकड़ों मतदाताओं के नाम सूची से हट जाना न केवल प्रशासनिक चूक है, बल्कि लोकतंत्र के लिए भी खतरे की घंटी है। सभासद ने जिलाधिकारी से मांग की है कि प्रकरण की निष्पक्ष और गंभीर जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए तथा बूथ संख्या 270 और 271 से कटे सभी वास्तविक मतदाताओं के नाम पुनः मतदाता सूची में जोड़े जाएं, ताकि उन्हें उनका संवैधानिक अधिकार मिल सके।

## नगर पंचायत कार्यालय में सामूहिक खिचड़ी भोज, सैकड़ों लोगों की सहभागिता

निघासन, खीरी। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री श्री 108 श्री राम भूषण दास जी महाराज उर्फ लद्धड़ बाबा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य उपस्थित रहे। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री अरविंद सिंह, संजय कनकपाल सिंह, राणा नागेंद्र सिंह सेंगर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। साथ ही वार्ड अध्यक्ष राम अवतार कश्यप, सरवन वर्मा, मुनीर



अहमद, नीरज शुक्ला, रेवती प्रसाद मौर्य, जितेंद्र जोशी, जितेंद्र 'जीतू', चंद्रिका 'चंदन', कल्लू राम कुशवाहा समेत सभी वार्डों के सभासद गण एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारा, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती को बल मिलता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे लद्धड़ बाबा ने सामाजिक सौहार्द, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक आयोजनों से समाज में एकता और आपसी सहयोग की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम का संचालन संगम लाल मिश्रा ने किया। समापन सामूहिक खिचड़ी भोज के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## बकरी बचाने के चक्कर पर किशोरी का पैर फिसल जाने से कुएं में गिरी मौत

- मौके पर तहसीलदार विकास पांडे व फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर डेड बॉडी को बाहर निकाला

बांदा, समृद्धि न्यूज़।


तिंदवारी थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव में रात्रि 8रू30 बजे राधा पुत्री रामराज प्रजापति उम्र 15 वर्ष घर के बाहर बकरियां बंधी हुई थी जिनको कमरे के अंदर राधा व उसकी बहन साधना कमरे के अंदर कर रही थी जिसके चलते एक बकरी घर के सामने बने कुएं के पास पहुंच गई और बकरी बचाने को राधा दौड़ी तो पैर फिसल जाने के चक्कर पर राधा कुएं पर गिर गई जब बहन ने देखा आवाज आने के तुरंत ही मां और



पिता को बताया मोहल्ले को जानकारी होने के साथी पुलिस को जानकारी दी पुलिस ने मौके में पहुंचकर व तहसीलदार विकास पांडे व फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर डेड बॉडी को बाहर निकाल वहीं पिता ने थाने पर तहरीर दिया है वहीं चाचा हरिशंकर ने बताया कि राधा सात बहने थी जिनकी दो बहनों की शादी पहले हो चुकी थी लड़का नहीं थी पांच बहनों का खर्च पिता रामराज मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था जमीन नहीं थी मा उमा का रो-रो कर बुरा हाल है।

## प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की मासिक बैठक सम्पन्न

नरैनी/बांदा। स्थानीय विकासखंड सभागार में ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत संचालित बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। बैठक के दौरान मंथ आफ स्टार टीचर अवार्ड से प्राथमिक विद्यालय भुसासी के प्रधानाध्यापक अंकित वर्मा को खंड शिक्षा अधिकारी श्री मिश्र ने सम्मानित किया। बैठक के दौरान ब्लॉक क्षेत्र के सभी 13 संकलों के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से बीईओ श्री मिश्र ने पूर्व निर्धारित एजेंडा के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। बैठक में निपुण आकलन,परीक्षा हेतु प्रैक्टिस टेस्ट, पेंटिंग कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने यू



डाइस पोर्टल पर छात्र प्रोफाइल, एमडीएम सहित सभी प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब के उपयोग, प्रेरणा पोर्टल पर डीसीएफ अपलोड करने वआधार नामांकन की तैयारी, पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन, मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय व मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय निर्माण प्रगति, नीलामी व ध्वस्तीकरण की प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर प्रधानाध्यापकों से वर्तमान वस्तु स्थिति जानी गई। बैठक में एआरपी अमित मिश्रा, अरविंद गुप्ता, संतोष साहू, जगत राम व विभिन्न संकलों के सूचना संप्रेषण प्रभारी व काफी संख्या में प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

### ई रिक्शा को पिकअप ने मारी जोरदार टक्कर

बबेरू/बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फफूंदी गांव के रहने वाले रज्जब पुत्र बसंता उम्र 71 वर्ष यह बुधवार को ई रिक्शा में सवार होकर अपने गांव जा रहा था, तभी उमरी गांव के पास पिकअप ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा में सवार वृद्ध रज्जब गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में घायल को भर्ती कराया। जहाँ पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद, पैर फैक्चर होने पर गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

## किशोरी के साथ घर में घुसकर की छेड़छाड़, पुलिस ने नहीं दर्ज किया मुकदमा

बांदा, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आए दिन अभियान चला कर अपराधियों पर कार्रवाई की जा रही है। लेकिन बबेरू पुलिस अपराधियों पर अंकुश नहीं लग पा रही है आए दिन क्षेत्र में घटनाएं होती हैं जब लोगों को न्याय नहीं मिलता तो बांदा पुलिस अधीक्षक की शरण में आकर न्याय की गुहार लगाते हैं। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली किशोरी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाते हुए



बताया की पीड़िता के घर के बगल में रहने वाले शिवकुमार विमल निर्मल श्रवण कुमार सुनील कुमार बगल में जमीन पर निर्माण कर रहे हैं पीड़िता का घर पर भी कब्जा करना चाहते हैं पीड़िता के परिवार वालों को आए दिन धमकी देते हैं कि घर खाली नहीं करोगे तो गंभीर घटना भी करने की धमकी देते हैं तथा को उठा ले जाने की भी धमकी दिया है। पीड़िता की मां जब चित्रकूट चली गई थी तो शिवकुमार उसके चारों भाइयों ने मिलकर काम करने वाले अज्ञात व्यक्ति को घर को दिनांक 19/01/26 को रात के 10रू30 घर के अंदर हाथ डालकर कुंडी खुल कर घर के अंदर घुसेड दिया तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा पीड़िता के ऊपर लेट कर अश्लील हरकतें करने लगा पीड़िता ने चिल्लाने का प्रयास किया तो मुंह दबाकर पीड़िता का फोन का सिम भी छीन लिया तथा जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया पीड़िता ने घटना की शिकायत करने बबेरू कोतवाली गई थीं लेकिन शिकायत नहीं दर्ज की गई घर में घुसे हुए व्यक्ति को पीड़िता पहचान लेगी आज पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय आकर न्याय की गुहार लगाई है। जब पूरे मामले की जानकारी बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक से ली गई तो उन्होंने बताया कि दोनों का जमीन विवाद है।

## पुलिस ने आठ अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

- अभियुक्तों के कब्जे से 24 किग्रा अवैध सूखा गांजा बरामद
- अवैध सूखे गांजे के बिक्री कुल 3.02 लाख रुपए सहित परिवहन में प्रयुक्त एक चारपहिया वाहन बरामद

बांदा, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अतर्रा श्री प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में थाना अतर्रा पुलिस टीम द्वारा 8 अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि बीती रात्रि को थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि डाक बंगला कस्बा अतर्रा के आगे एक चारपहिया वाहन में कुछ लोगों के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बड़े पैमाने पर खरीद/बिक्री की जा रही है । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर जाकर घेराबन्दी करते हुए मौके से 8 लोगों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 24 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व 3 लाख 2 हजार 300 रुपए बरामद हुए जिनमें अवैध सूखे गांजे की बिक्री के कुल 2 लाख 80 हजार रुपए तथा 22 हजार 300 रुपए जामा तलाशी में बरामद हुए है। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अवैध गांजा मध्य प्रदेश से लाकर बांदा के विभिन्न क्षेत्रों सप्लाई/बिक्री की जाती है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से पूंछताछ कर जानकारी की जा रही है कि इनके द्वारा किसके माध्यम से अवैध गांजे की खरीद/ बिक्री/ सप्लाई की जाती थी, उन सभी के खिलाफ भी विधिक कार्यवाही की जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्तों में जयप्रकाश उर्फ छंगा पुत्र कुलदीप निवासी बछेही थाना गिरवां जनपद बांदा, आशीष पुत्र प्रमोद निवासी अत्रीनगर कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा, हरवंश पुत्र रमाकांत निवासी बाघा थाना बिसंडा जनपद बांदा, रुद्र पुत्र धीरेन्द्र निवासी बजरंग कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा, बसंत पुत्र रज्जन निवासी बाउर बाजार कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा,राज पुत्र संतोष कुमार निवासी सोनार गल्ली कस्बा व थाना अतर्रा जनपद बांदा, आदित्य उर्फ सूरज पुत्र गंगा निवासी बाघा थाना बिसंडा जनपद बांदा व विनय पुत्र दुलीचन्द्र निवासी बेकली कुइयां थाना बिसंडा जनपद बांदा शामिल हैं।

